# हरिभूमि

जबलपुर
बुधवार, 17 जनवरी 2024

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## उद्योग, मजदूर, कामगार
# हर वर्ग की उन्नति हमारा सरोकार





नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

**माँ अहिल्या की पावन नगरी, हमारे इंदौर शहर के लिए लगातार 7वीं बार देश के स्वच्छतम शहर का सम्मान प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित करने के लिये इंदौर के नागरिकों का**

## हार्दिक आभार



**₹350 करोड़ लागत के**
**6.67 किमी**
## एलिवेटेड कॉरिडोर
(एलआईजी चौराहा से नवलखा चौराहा)
का
मुख्यमंत्री
## डॉ. मोहन यादव
द्वारा
**भूमि पूजन**
सायं 6:00 बजे, राजवाड़ा



**आयरन स्क्रैप से निर्मित**
**श्रीराम मंदिर अयोध्या की प्रतिकृति**
का
**उद्घाटन**
सायं 6:30 बजे - विश्राम बाग

17 जनवरी, 2024 - इंदौर

D-11170/23

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
मध्यप्रदेश शासन
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने शर्मिला को सौंपी आंध्र की कमान



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश की कमान कांग्रेस ने वाईएस शर्मिला के हाथों में सौंप दी है। शर्मिला आंध्र प्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी की बहन हैं। इस साल लोकसभा चुनाव के साथ ही आंध्र प्रदेश में भी विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस में ये बदलाव किए गए हैं। बदलाव के क्रम में गिडुगु रूद्र राजू ने आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा था।

### पटियाला में अंगीठी ने ली बच्चों समेत 4 की जान



**पटियाला।** थाना कोतवाली के अधीन पड़ती मारकल कालोनी में कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे एक परिवार के 4 सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी व दो छोटे बच्चे शामिल हैं। मृतकों में मूल रूप से बिहार का रहने वाला शाहबाज खान, उसकी पत्नी जरीना खान, 5 साल की बेटी रूकैया व 3 साल का बेटा अरमान शामिल हैं।

## पीएम ने राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी का किया उद्घाटन

*राम सामाजिक जीवन में सुशासन के सबसे बड़े प्रतीक*

# आजकल पूरा देश राममय रामराज्य में जनता ही राजा

*आंध्र प्रदेश में बोले पीएम मोदी- हम भी काम को बिना समय गंवाए पूरा कर रहे*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/ अमरावती

राम मंदिर उद्घाटन को लेकर जारी तैयारियों के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश में कहा कि आज कल पूरा देश राममय है। महात्मा गांधी भी रामराज्य की बात करते थे। पीएम मोदी ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से 11 दिन पूर्व मेरा व्रत चल रहा है।

आजकल पूरा देश राममय है। प्रभु राम का जीवन विस्तार, उनकी प्रेरणा और आस्था भक्ति के दायरे से कहीं ज्यादा है। प्रभु राम समाज जीवन में सुशासन के ऐसे प्रतीक हैं जो आपके संस्थान के लिए भी बहुत बड़ी प्रेरणा बन सकते हैं।

उन्होंने राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी का उद्घाटन करने के बाद कहा कि भगवान राम भरत से कहते हैं कि मुझे विश्वास है तुम कामों को बिना समय गंवाए पूरा करते हो जिसमें लागत कम है। पिछले कई सालों में हमारे सरकार ने लागत पर ध्यान दिया है।

### आज गोपी की बेटी की शादी में करेंगे शिरकत

मोदी बुधवार सुबह साढ़े छह बजे गुरुवायूर के लिए रवाना होंगे, जहां वह भगवान कृष्ण के प्रसिद्ध मंदिर में पूजा करेंगे और अभिनेता से नेता बने सुरेश गोपी की बेटी की शादी में शामिल होंगे।



### जो जनता से लिया उसे समर्पित किया

पीएम मोदी ने कहा कि हमने जीएसटी के रूप में देश को एक नई आधुनिकता दी। 7 लाख तक हमने टैक्स पर छूट दी। इससे करीब ढाई लाख करोड़ की टैक्स की बचत की गई है। आज जब देश का टैक्स देने वाला ये देख रहा है कि उसके टैक्स का सही इस्तेमाल हुआ है तो वो भी आगे बढ़ कर कर दे रहा है। हमने जो कुछ भी जनता से लिया वो ही जनता को समर्पित कर दिया।

### मुस्लिम महिलाओं को सशक्त बनाया

तीन तलाक का कानून देगा सुरक्षा केरल के थेक्किंकडु में 'श्रीत्री शक्ति मोदिक्कोप्पम' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार मुस्लिम महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए तीन तलाक के खिलाफ एक कानून लेकर आई है। इस बीच, पीएम मोदी की आज आंध्र प्रदेश यात्रा से पहले, श्री सत्य साईं जिले में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

### 4 स्तंभों पर खड़ा था रामराज्य

पीएम मोदी ने कहा कि रामराज्य सुशासन 4 स्तंभों पर खड़ा था। ये चार स्तंभ- जहां सम्मान से बिना भय के हर कोई सिर ऊंचा कर चल सके, जहां हर नागरिक के साथ समान व्यवहार हो, जहां कमजोर की सुरक्षा हो और जहां धर्म यानी कर्तव्य सर्वोपरि हो। जनता ही राजा है। सरकार जनता की सेवा करती है।

**केंद्रीय मंत्री मुरलीधरन बोले**

### कोचीन शिपयार्ड हजारों नौकरियां पैदा करेगा

केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि कोचीन भारत में जहाज मरम्मत का केंद्र बन जाएगा, जो कोचीन शिपयार्ड के भीतर और बाहर हजारों नौकरियां पैदा करेगा।



पिछले एक साल के दौरान पीएम कम से कम तीन बार सैकड़ों हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए आए हैं, जिससे केरल राज्य को लाभ हो रहा है। उन्होंने कहा कोचीन को एक एलपीजी टर्मिनल मिल रहा है। वहीं, कोचीन शिपयार्ड में अब ड्राई डॉक सुविधा और पोतों की मरम्मत की सुविधा होगी। यह भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के उद्देश्य के अनुरूप होगा।

**'नौकरी की खोज' वाली सोच पर संघ का प्लान**

# अब हमें अपनी सोच और मानसिकता बदलनी होगी

◆ महाजन ने बेरोजगारी के लिए नेहरू को जिम्मेदार ठहराया



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ परिवार "नौकरी की तलाश" की परिभाषा को बदलने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। संघ स्व-रोजगार पर फोकस करने और उस दिशा में युवाओं की मदद करने के काम में जुटा है।

पिछले साल से संघ ने अपनी आर्थिक शाखा स्वदेशी जागरण मंच के नेतृत्व में युवाओं को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित करने के लिए स्वयं का स्वावलंबी भारत अभियान शुरू किया। एसजेएम और आरएसएस से जुड़े अन्य संगठनों ने 511 जिलों में 4,413 कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिसमें 82,000 से अधिक युवाओं की भागीदारी तय की गई है। 400 औद्योगिक इकाइयों को शामिल किया गया है और 3,938 उद्यमियों को सम्मानित किया गया है। इसने अब 448 जिला रोजगार केंद्र भी खोले हैं।

### जरूरी नौकरियों को न तो सरकार पूरी कर सकती है न ही कंपनियां

एसजेएम के राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्विनी महाजन ने बताया कि देश को आत्मनिर्भर बनाने और बेरोजगारी को खत्म करने के लिए हमें नौकरी खोजने की मानसिकता और सोच को बदलना होगा। जवाहरलाल नेहरू की नीतियों के कारण लोग सरकारी नौकरियों के पीछे भागने लगे। वैश्वीकरण के कारण लोग बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरियों के पीछे भागने लगे। हर साल करोड़ों लोग नौकरी बाजार में आते हैं, न तो सरकार और न ही बहुराष्ट्रीय कंपनियां इतनी नौकरियां दे सकती हैं। इससे निपटने का सही तरीका उद्यमियों को तैयार करना है। भारत कभी उद्यमियों का देश था।

### हम कई मोर्चों पर युवाओं की मदद कर रहे

महाजन ने कहा कि हम युवाओं की क्षमता विकसित करने में मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें निजी इक्विटी फंड, या सरकार के माध्यम से बैंक ऋण या मुद्रा ऋण के माध्यम से धन जुटाने में मदद कर रहे हैं।

*राजस्थान में बड़ा कोयला संकट*

# बिजली गुल, थर्मल प्लांटों में 1 दिन का ही स्टॉक बचा

**सीएम शर्मा ने सीएम विष्णुदेव को लिखा पत्र, केंद्रीय मंत्री जोशी को भी इससे अवगत**

एजेंसी ⏭ जयपुर

राजस्थान के थर्मल पावर प्लांट्स में कोयला संकट गहराता जा रहा है। राजस्थान के 23 थर्मल प्लांटों में से 10 प्लांट्स में केवल एक दिन का कोयला स्टॉक बचा है।

बाकी थर्मल प्लांट्स में 2 से 4 दिन का कोयला स्टॉक ही शेष बचा है। छत्तीसगढ़ में राजस्थान के हिस्से की कोयला खदान में खनन रुकने के चलते समस्या बढ़ गई है। राजस्थान में फिलहाल 28 हजार मीट्रिक टन कोयले की कमी चल रही है।



एक भी दिन अगर कोयले की सप्लाई रुकती है तो थर्मल प्लांट्स में बिजली उत्पादन ठप हो सकता है। कोयला संकट को लेकर ऊर्जा विभाग की रिपोर्ट पर राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव सहाय व केंद्रीय कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी को पत्र लिखकर कोयला संकट दूर करने की मांग उठाई है। बिजली की कमी न हो, इसके लिए ऊर्जा विभाग वैकल्पिक इंतजामों में भी जुट गया है।

## कवि सम्मेलन में विधायक का ऐलान

# 'लव' की राजधानी लाहौर लेंगे वापस, बदलेंगे भूगोल

एजेंसी ⏭ देवास

मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व प्रोटेम स्पीकर और भोपाल के हुजूर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रामेश्वर शर्मा का देवास में एक कार्यक्रम का उनका वीडियो वायरल हो रहा है।

शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने इतिहास बदला है और अब भूगोल भी बदला जाएगा। उन्होंने केंद्र में जनता से एक और मौका मांगते हुए कहा कि पकिस्तान के लाहौर और कराची पर केसरिया फहराया जाएगा। हिंद रक्षक संगठन की ओर 'एक शाम राम के नाम' कवि सम्मेलन में रामेश्वर पहुंचे थे। इसमें राजस्थान के मंत्री, हिंदूवादी नेता बाबा बालकनाथ भी थे। उन्होंने कहा कि यह हमारा संकल्प है। जिन लुटेरों ने लाहौर कराची दी है। उनको बता देना चाहते हैं कि लाहौर-कराची उनकी नहीं है। राजा राम के बेटे लव की राजधानी लाहौर थी।



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 17 जनवरी 2024












## खबर संक्षेप

### सेल्फी के लिए रुके तो दर्ज होगी एफआईआर



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुक्रवार को शुरू किया गया अटल सेतु मुंबई वासियों के लिए पिकनिक स्पॉट बन गया है। ब्रिज शुरू होने के बाद से लोग सेतु पर पहुंचकर और सड़क के बीचो बीच गाड़ी रोककर सेल्फी लेते और वीडियो बनाते हुए नजर आए हैं। इस ब्रिज पर गाड़ी रोकने की इजाजत नहीं है फिर भी लोग ऐसा कर रहे हैं। मुंबई पुलिस ने कहा, हम सहमत हैं कि अटल सेतु निश्चित रूप से देखने लायक है।

### हाईकोर्ट: अवमानना मामले की सुनवाई आज



**जबलपुर।** भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों के उपचार और पुनर्वास संबंधी आदेश का पालन नहीं करने के मामले में अवमानना के आरोप में घिरे अधिकारियों के खिलाफ बुधवार को कार्रवाई के संबंध में सुनवाई होगी। मामले पर मंगलवार को सुनवाई निर्धारित थी, लेकिन पूर्ण बेंच नहीं होने के कारण सुनवाई बुधवार के लिए टल गई। मामले में अतिरिक्त मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान और दो अधिकारी अवमानना के आरोप में घिरे हैं।

### राष्ट्रपति मैक्रों होंगे गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि



**नई दिल्ली।** इस साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों होंगे। इसी के साथ वह छठे फ्रांसीसी नेता बन जाएंगे, जिन्हें भारत ने यह सम्मान प्रदान किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मैक्रों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आमंत्रण पर भारत की यात्रा पर आएंगे। बता दें, क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के तहत लिए राष्ट्रपति बाइडन को आमंत्रित किया था।

### चित्रकूट के ग्रामोदय विश्वविद्यालय सभागार में हुई श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास की पहली बैठक

# मुख्यमंत्री यादव का ऐलान-चित्रकूट का 'अयोध्या' की तरह होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में चित्रकूट के ग्रामोदय विश्वविद्यालय सभागार में श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास की प्रथम बैठक संपन्न हुई। डॉ. यादव ने बैठक में कहा कि चित्रकूट का अयोध्या की तरह विकास होगा।

विद्वानों के परामर्श से श्रीराम भगवान पथ गमन मार्ग के सभी स्थलों का विकास होगा। श्री राम वन पथ गमन के विकास की कार्य योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। इसमें अधोसंरचना विकास के कार्यों के साथ-साथ धार्मिक चेतना, आध्यात्मिक विकास और राम कथा से जुड़े आयामों को भी शामिल किया जाएगा।

**यादव ने** अधिकारियों को निर्देश दिए कि चित्रकूट के दीवाली मेले तथा अमावस्या मेले में श्री रामकथा और भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी प्रदर्शनी एवं राम वन पथ गमन से जुड़ी जानकारियां प्रदर्शित कराएं।

**धार्मिक** चेतना आध्यात्मिक विकास और राम कथा से जुड़े आयामों को भी शामिल किया जाएगा

**श्रीराम** भगवान पथ गमन मार्ग के स्थलों सहित अन्य कामों को तुरंत प्रारंभ करवाएंगे



### विभिन्न विभागों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश

*इस अवसर पर मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट, अमरकंटक ऐसे जो आध्यत्मिक स्थल हैं, जहां भगवान की लीलाओं के प्रत्यक्ष प्रमाण मिलते हैं और जनमानस में आस्था भी है, उनका विकास किया जाएगा। न्यास की पहली बैठक के बाद हम विद्वानों के परामर्श से श्री राम भगवान पथ गमन मार्ग के स्थलों सहित अन्य कामों को तुरंत प्रारंभ कर रहे हैं। शासन के विभिन्न विभागों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। पूरे वर्ष विभिन्न गतिविधियां जारी रहें, इसके भी निर्देश दिए गए हैं।*

### 51 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

## मुख्यमंत्री पटनाखुर्द में विकसित भारत संकल्प यात्रा में हुए शामिल

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा गरीब व्यक्ति के घर-घर तक शासन की योजनाओं का लाभ और सुविधाओं को पहुंचाने की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर डबल इंजन वाली सरकार प्रदेश के विकास में नए-नए कीर्तिमान बनाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को सतना जिले के मझगवां विकासखंड के दूरस्थ आदिवासी बाहुल्य गांव पटनाखुर्द में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ भी वितरित किए।



### हितग्राहियों को हित लाभ दिए

डॉ. यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में हितग्राहियों को सांकेतिक रुप से हितलाभ वितरित किये। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत कु. कासमी और पायल को बचत प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में अभिलाषा, नीतू और शोभावती को स्वस्थ बालक प्रतियोगिता में, निशा और हरदीप सिंह को उज्जवला योजना में, सुनीता, प्रतिमा, प्रमिला को निःशुल्क गैस कनेक्शन, आजीविका मिशन में सिद्धबाबा महिला स्व-सहायता समूह और आंबेडकर स्व-सहायता समूह पिंडरा को सीसीएल के रुप में 5-5 लाख रुपए के चेक तथा सुग्रीव सिंह को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया।



### प्रदेश को मिली नई सौगात

## सभी जिलों में केंद्र सरकार देगी एयर एंबुलेंस सुविधा

◆ मुख्यमंत्री ग्वालियर बैंगलोर उड़ान के शुभारंभ कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े

प्रदेश के सभी जिलों से एयर एंबुलेंस का संचालन हो, जिससे गंभीर रोगियों को अच्छे चिकित्सा संस्थानों में उपचार के लिए हवाई सुविधा का लाभ प्राप्त हो। हवाई सेवाओं से पर्यटन, व्यापार-वाणिज्य की गतिविधियों और अन्य समस्त आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि संभव होती है। इस दिशा में केंद्र सरकार के प्रयासों के साथ राज्य सरकार भी अधिकतम प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सतना जिले के चित्रकूट में श्रीराम वनगमन पथ संबंधी बैठक से ग्वालियर से बैंगलोर और ग्वालियर से दिल्ली और अयोध्या के बीच नई हवाई सेवाओं के शुभारंभ कार्यक्रम से मंगलवार को वुर्चअली जुड़े। सीएम ने कहा कि नई विमान सेवाओं से ग्वालियर अंचल के साथ ही प्रदेशवासी उत्तर और दक्षिण भारत से एयर कनेक्टिविटी की सुविधा प्राप्त करेंगे। प्रदेश की विभिन्न हवाई पट्टियों के उन्नयन का कार्य भी हो रहा है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मध्यप्रदेश को निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

### प्रदेश में 7 क्लस्टर में बांटी गईं लोकसभा सीटें

## लोस चुनाव में हर बूथ पर 51 फीसदी वोट हासिल करने की बनी रणनीति

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव में बनाए गए क्लस्टर प्रभारियों की दिल्ली में बैठक ली। बैठक में तय किया गया कि लोकसभा चुनाव में 51 फीसदी वोट हासिल करने के लिए पूरी ताकत से काम करना है। प्रदेश में 7 क्लस्टर बनाए गए हैं और इनका प्रभारी वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों को बनाया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि ये प्रभारी माइक्रोमैनेजमेंट कर चुनाव की तैयारी करेंगे। ये अपने साथ सभी विधानसभा के प्रभारियों, संयोजकों और जिलाध्यक्षों को भी जोड़ेंगे। शीघ्र ही एक कार्यक्रम जारी होगा, इसके आधार पर काम होगा। दिल्ली बैठक में मप्र की ओर से वीडी शर्मा के अलावा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, ग्वालियर चंबल के क्लस्टर प्रभारी नरोत्तम मिश्रा, सागर के प्रभारी पूर्वमंत्री भूपेंद्र सिंह, भोपाल के प्रभारी विश्वास सारंग, इंदौर के प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय, उज्जैन के प्रभारी जगदीश देवड़ा, जबलपुर के प्रभारी प्रहलाद पटेल और रीवा के प्रभारी राजेंद्र शुक्ला ने हिस्सा लिया।



*बनाए गए प्रभारी, जल्द जारी होगा कार्यक्रम*

### आगे की रणनीति पर चर्चा

*दिल्ली की बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी के सिलसिले में चर्चा हुई है। आगे क्या करना है इस पर बात हुई है। कार्यक्रम बाद में तय किए जाएंगे। क्लस्टर प्रभारी विधानसभा प्रभारियों, संयोजकों, जिलाध्यक्षों एवं अन्य नेताओं के साथ मिलकर चुनाव जीतने की रणनीति पर काम करेंगे।*

**वीडी शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा**

### तंतुवाए पर दूसरी एफआईआर दर्ज

## बीज निगम का अधिकारी अब जेल में गुजारेगा रातें



■ आरोपी का पुलिस ने निकला जुलूस

**भोपाल।** प्रदेश बीज निगम के भोपाल कार्यालय में पदस्थ अधिकारी संजीव तंतुवाए के खिलाफ एक और एफआईआर क्राइम ब्रांच में दर्ज की गई है। उस पर आरोप है कि संविदा नियुक्ति के लिए आई लड़कियों से उसने अभद्र पेशकश की थी। आरोपी का मंगलवार को पुलिस ने जुलूस भी निकला। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर उसे पीआर पर लिया और इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ी अन्य जानकारी उससे प्राप्त की जाएगी। एसएसपी राजेश सिंह चंदेल ने मामले में क्राइम ब्रांच प्रभारी अमर सिंह सिकरवार को कार्रवाई के आदेश दिए।

## इराक में 'मोसाद का हेडक्वार्टर' किया तबाह

एजेंसी ⏭ तेहरान

■ ईरान ने दिया इजराइल को झटका

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्र में इजराइल के 'जासूसी मुख्यालय' पर हमला किया है। ईरान की सरकारी मीडिया ने सोमवार देर रात यह जानकारी दी। ईरान की इस एलीट फोर्स ने इसके साथ ही कहा कि उन्होंने इस्लामिक स्टेट के खिलाफ सीरिया में भी हमला किया है। ईरान के गार्ड्स ने इजराइल की मोसाद जासूसी एजेंसी का नाम लेते हुए एक बयान में कहा, 'आज देर रात क्षेत्र में जासूसी केंद्रों और ईरानी विरोधी आतंकवादी समूहों की सभाओं को नष्ट करने के लिए बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के एक बयान के हवाले से बताया कि हमलों ने इराकी कुर्दिस्तान की राजधानी इर्बिल में 'एक जासूसी मुख्यालय' और 'ईरानी विरोधी आतंकवादी समूहों के जमावड़े' को नष्ट कर दिया। वहीं इराक की कुर्दिस्तान सुरक्षा परिषद के मुताबिक, इस हमले में चार लोगों की मौत हुई है, जबकि 6 अन्य घायल हुए हैं। कुर्दिस्तान डेमोक्रेटिक पार्टी ने कहा कि मारे गए नागरिकों में प्रमुख कारोबारी पेश्रा दिजायी भी शामिल थे। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स वॉर मॉनिटर ने कहा कि अलेप्पो और उसके ग्रामीण इलाकों में धमाके की आवाज सुनी गई।

## कांग्रेस नेता जिग्नेश मेवाणी को अदालत ने किया बरी



**अहमदाबाद।** गुजरात की एक मेट्रोपॉलिटन अदालत ने मंगलवार को कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी और 30 अन्य को 2017 के एक मामले में बरी कर दिया है। उनके ऊपर साल 2017 में राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में एक ट्रेन को अवरुद्ध करने का आरोप लगा था। यह प्रदर्शन राज्य सरकार के नीतियों के खिलाफ किया गया था। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट पीएन गोस्वामी की अदालत ने कांग्रेस के दलित नेता मेवाणी को बरी किया है। मेवाणी और अन्य 30 के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। 31 में से 30 आरोपी महिला थी।

### सरकार ने डीपफेक को लेकर सभी मध्यस्थों के साथ की दो राउंड की बातचीत

# अब 'डीपफेक के आरोपी' बच नहीं सकेंगे, केंद्र सरकार ने लिया बड़ा फैसला, 22 जनवरी के बाद आएगा नया नियम!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

डीपफेक मामले में केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार आने वाले 7-8 दिन में इसको लेकर आईटी एक्ट के नए नियम जारी करेगी।

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बताया कि नए नियम के अनुसार डीपफेक के आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट के नए नियमों के तहत कार्रवाई होगी। मंत्री ने कहा कि यह विचार सरकार द्वारा डीपफेक पर जारी सलाह पर अलग-अलग प्लेटफार्मों से 'मिली-जुली प्रतिक्रिया' देखने के बाद आया है।

सरकार ने दी चेतावनी- यदि हम अनुपालन से संतुष्ट नहीं हैं, तो हम नए संशोधित नियमों को अधिसूचित करेंगे जो विशेष रूप से गलत सूचना और डीपफेक के मुद्दे पर अधिक विशिष्ट हैं।

### सरकार ने प्लेटफार्मों को दिया था निर्देश



पिछले महीने सरकार ने सभी प्लेटफार्मों को आईटी नियमों का पालन करने का निर्देश दिया था और कंपनियों को प्रतिबंधित कंटेंट के बारे में यूजर्स को स्पष्ट और सटीक शब्दों में जानकारी देने का निर्देश दिया था। रश्मिका मंदाना सहित कई एक्टर्स को निशाना बनाने वाले कई 'डीपफेक' वीडियो के बाद सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के साथ सख्ती के साथ बातचीत की थी।

### तेंदुलकर के डीपफेक वीडियो शेयर किया था

चंद्रशेखर का यह बयान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर द्वारा उनकी एक डीपफेक वीडियो शेयर करने के बाद आया। चंद्रशेखर ने डीपफेक वीडियो को चिह्नित करने के लिए तेंदुलकर को धन्यवाद दिया और कहा कि डीपफेक और एआई द्वारा संचालित गलत सूचना यूजर्स की सुरक्षा और विश्वास के लिए खतरा है और कानूनी उल्लंघन करती है, जिसे प्लेटफार्मों को रोकना और हटाना होगा।

# आतंकी पन्नू ने दी सीएम मान को मारने की धमकी


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ गैंगस्टरों से मांगा 'सहयोग'

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जान से मारने की धमकी मिली है। खालिस्तान समर्थक और सिख फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने भगवंत मान को धमकी दी है। पन्नू ने 26 जनवरी को भगवंत मान पर हमला करने के लिए गैंगस्टर को साथ आने के लिए कहा है। दरअसल सीएम भगवंत मान पंजाब में गैंगस्टर्स के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहे हैं और राज्य में गैंगस्टर्स पर नकेल कसना शुरू कर दिया गया है। गैंगस्टर्स पर हो रहे सख्त एक्शन का आतंकी पन्नू फायदा उठाना चाहता है और उनसे अपनी हमदर्दी जता रहा है। इसीलिए उसने गैंगस्टर्स को अपने साथ आने के लिए कहा है। खालिस्तानी आतंकी ने 26 जनवरी को मुख्यमंत्री भगवंत मान और डीजीपी गौरव यादव को जान से मारने की धमकी दी है। इसके लिए उसने अपराधियों को साथ रहने की अपील की है।

### पन्नू ने दी थी हमास जैसे हमले की धमकी

इससे पहले पन्नू ने वीडियो जारी कर भारत पर हमास जैसे हमले की धमकी दी थी। उसने कहा था कि पंजाब से फिलिस्तीन तक अवैध कब्जे वाले लोग प्रतिक्रिया देंगे और हिंसा से हिंसा पैदा होती है। उसने आगे कहा, "अगर भारत ने पंजाब पर कब्जा जारी रखा तो प्रतिक्रिया होगी और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए जिम्मेदार होंगे।"



# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में बने राममंदिर में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होना है। इस वक्त पूरा देश भक्तिभाव में लीन है। जगह जगह हवन पूजन और अनुष्ठान हो रहे हैं। मंदिरों की साफ सफाई की जा रही है। धार्मिक आयोजन हो रहे है। अयोध्या में भी मंगलवार से हवन पूजन और अनुष्ठान शुरु हो गए है। कई दिग्गज नेता भी अलग अलग जगहों पर मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर रहे हैं। कुल मिलाकर भक्ति में भारत लीन है।*



भक्ति में भारत...



हनुमान आराधना

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने नई दिल्ली में कनॉट प्लेस हनुमान मंदिर में पूजा की



भोलेनाथ का अभिषेक

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में हनुमान सेतु मंदिर में पूजा की

## खबर संक्षेप

### पहली महिला जासूस नीरा का स्मारक तैयार



**नई दिल्ली।** देश की पहली महिला जासूस नीरा आर्य का स्मारक एवं पुस्तकालय बनकर तैयार है। अब इस स्मारक का लोकार्पण 26 जनवरी को होगा। नीरा आर्य आजाद हिन्द फौज में रानी झांसी रेजिमेंट की सिपाही रही थीं। नीरा आर्य के जन्म स्थान बागपत के खेकड़ा की पट्टी गिरधरपुर में बने स्मारक एवं पुस्तकालय की स्थापना साहित्यकार तेजपाल सिंह धामा एवं मधु धामा ने की है। इसका लोकार्पण चाणक्य फेम प्रख्यात फिल्म निर्देशक चंद्रप्रकाश द्विवेदी, फिल्म निर्माता विशाल त्यागी एवं विधायक योगेश धामा करेंगे।

### बाइडेन पर भड़के डोनाल्ड ट्रंप



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की रेस में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 15 जनवरी को आयोवा प्रांत में पहली कॉकस में जीत दर्ज की है। उन्होंने आयोवा राज्य की राजधानी डेस मोइनेस में अपने अभियान की वॉच पार्टी में अमेरिका के राष्ट्रपति जो वाइडेन पर हमला करते हुए ट्रंप कहा कि अमेरिकी इतिहास में अब तक का सबसे खराब राष्ट्रपति करार दिया। ट्रंप ने कहा कि अब पूरी दुनिया हम पर हंसने लगी है। ऐसे में अब वक्त आ गया है कि हमारे देश के लोग एक साथ आएं।

## तुर्की के साथ किलर ड्रोन की डील

# प्रेशर: मालदीव उपयोग करेगा यूक्रेन वाले ड्रोन!



एजेंसी ▶▶ माले

मालदीव के भारत विरोधी राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू लगातार भारत विरोधी बयान और काम कर रहे है। हालिया चीन की यात्रा के बाद से ही मोइज्जू के सुर भारत को लेकर और तीखे हो गए हैं। मालदीव के राष्ट्रपति मोइज्जू ने भारत से मार्च के मध्य तक अपनी सेना मालदीव से हटाने का समय दिया है। मालदीव अब तुर्की से घातक ड्रोन की डील कर रहा है। यह घातक ड्रोन यूक्रेन ने जंग में इस्तेमाल किए हैं। पाकिस्तान भी इन ड्रोन का इस्तेमाल करता है। कहने को तो समुद्री निगरानी के नाम पर वह ड्रोन खरीद रहा है, पर परोक्ष रूप से ड्रोन की यह डील कहीं न कहीं भारत विरोधी ही है। मालदीव भारत का विरोध करने वाले देशों के साथ संपर्क बढ़ा रहा है। राष्ट्रपति मोइज्जू पहली बार तुर्की की यात्रा पर ही गए थे। अब मालदीव तुर्की से घातक ड्रोन की बड़ी डील कर रहा है।

### भारत ने दिए थे डोर्नियर विमान और हेलिकॉप्टर

इससे पहले भारत ने मालदीव को अपने समुद्री तटों की निगरानी के लिए डोर्नियर विमान और हेलिकॉप्टर दिया था। भारतीय सैन्य तकनीकी दल इस विमान की रिपेयरिंग करता था। इन भारतीय सैनिकों को मालदीव के राष्ट्रपति ने 15 मार्च तक चले जाने के लिए कहा है। माना जा रहा है कि इसी कमी को पूरा करने के लिए मोइज्जू ने तुर्की के साथ हाथ मिलाया है और सैन्य ड्रोन खरीद रहा है।

### अपनी क्षमता बढ़ाएंगे: मोइज्जू ?

मुइज्जू ने कहा, 'हमने अपनी शक्ति और क्षमता को बढ़ाना शुरू कर दिया है ताकि पूरे 9 लाख किलोमीटर के विशेष आर्थिक क्षेत्र में अपनी निगरानी को बढ़ाया जा सके। मैं आशा करता हूं कि जल्द ही अपनी क्षमता को विकसित कर लेंगे ताकि इस पूरे इलाके का प्रबंधन किया जा सके।' यही नहीं मोइज्जू सरकार ने तुर्की से सैन्य ड्रोन के लिए रास्ता साफ करते हुए आयात ड्यूटी को भी हटा दिया है। मालदीव की सेना ने अभी डील पर कोई बयान नहीं दिया है। अभी तक भारत और मालदीव की नौसेना मिलकर इस पूरे इलाके की निगरानी करते थे।

## 1947 के बाद पहली बार खुली पुलिस चौकी

# माओवादियों के गढ़ में 600 कमांडो ने 60 किमी पैदल चलकर बनाई चौकी

*महाराष्ट्र पुलिस ने गढ़चिरौली जिले के गार्डेवाड़ा में एक पुलिस चौकी सफलतापूर्वक स्थापित की। यह चौकी रणनीतिक रूप से माओवादियों के गढ़ अबूझमाड़ से सिर्फ 5 किमी. दूर स्थित है। 1947 में भारत को आजादी मिलने के बाद से महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ तक फैले इस सुदूर क्षेत्र में पहली बार पुलिस उपस्थिति है।*

एजेंसी ▶▶ गढ़चिरौली

माओवादियों द्वारा बारूदी सुरंगों और घात लगाकर किए जाने वाले हमलों से निपटने के लिए इस कार्य को लेकर अंजाम दिया गया है। सड़क से रास्ता बनाने के लिए कोशिश में लगे करीब 600 कमांडो ने गार्डेवाड़ा पहुंचने के लिए 60 किमी की दूरी पैदल तय की। इस पूरे अभियान में लगभग 1500 कर्मियों ने एक दिन के भीतर पुलिस चौकी स्थापित की। साथ ही संबंधित सहायता सुनिश्चित करने और बुनियादी ढांचे को इकट्ठा करने के लिए कड़ी मेहनत की। पूर्वी विदर्भ के सुदूर एटापल्ली तालुका में स्थित गार्डेवाड़ा पुलिस चौकी, अबूझमाड़ के करीब है और साथ ही सीमा के दूसरी ओर छत्तीसगढ़ के कांकेर में मारबेड़ा पुलिस शिविर से 5.5 किमी दूर है। यह क्षेत्र माओवादी कैडरों, उनके प्रशिक्षण शिविरों, छपाई, सिलाई, हथियार और गोला-बारूद सहित विभिन्न गतिविधियों के लिए विनिर्माण इकाइयों के लिए प्रसिद्ध है।

◆ अबूझमाड़ से सिर्फ 5 किमी दूर है चौकी

◆ 1500 कर्मियों ने 1 दिन में तैयार की पुलिस चौकी



### माओवादियों ने 3 आईईडी ब्लास्ट किए थे

*2019 लोकसभा चुनाव के दौरान गार्डेवाड़ा चर्चा में आया था, जब माओवादी विद्रोहियों ने तीन शक्तिशाली आईईडी विस्फोट करके मतदान को बाधित किया। गार्डेवाड़ा की सुदूर प्रकृति स्पष्ट है, क्योंकि ताडगुडा नाला का उफान इस क्षेत्र को हर साल छह महीने के लिए अलग कर देता है। उम्मीद है कि पुलिस चौकी से धारा पर एक पुल के निर्माण की सुविधा मिलेगी, जिससे गढ़चिरौली जिले से साल भर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।*

### 750 वर्ग किमी क्षेत्र में बढ़ेगी निगरानी

गढ़चिरौली के एसपी नीलोत्पल ने कहा कि महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में गट्टा-गार्डेवाड़ा-तोरगाटे-वांगेटुरी-मेंढरी-पनावर को जोड़ने वाली 38 किमी लंबी अंतरराज्यीय सड़क परियोजना को भी गति मिलने की उम्मीद है, जिसमें लगभग 20 किमी पहले ही पूरा हो चुका है। एक दर्जन मोबाइल फोन टावर भी शीघ्र स्थापित किये जाएंगे। नीलोत्पल के अनुसार, पुलिस चौकी से 750 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में निगरानी बढ़ेगी, जिसे पहले माओवादियों का गढ़ माना जाता था। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में गढ़चिरौली में चार पुलिस चौकियों के खुलने से लगभग 2 हजार वर्ग किमी की सुरक्षा शून्यता को प्रभावी ढंग से संबोधित किया गया है।

## न्यू चिटोसे एयरपोर्ट पर हादसा

# जापान एयरपोर्ट पर विमान भिड़े, बाल बाल बचे 289 यात्री



एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जापान के न्यू चिटोसे एयरपोर्ट पर मंगलवार को 289 यात्रियों को लेकर रनवे पर जा रहा कोरियाई विमान पहले से खड़े कैथे पैसिफिक विमान से टकरा गया। हालांकि हादसे में किसी के हताहत अथवा नुकसान होने की सूचना नहीं है।जापानी मीडिया के अनुसार, कोरियाई एयरलाइंस का विमान मंगलवार को उड़ान भरने के लिए रनवे पर जाते समय पहले से खाली खड़े कैथे पैसिफिक विमान से टकरा गया।

हालांकि हादसे के बाद आग अथवा ईंधन रिसाव की घटना सामने नहीं आई। स्थानीय अग्निशमन विभाग ने कहा कि इस घटना में विमानों में आग नहीं लगी और न ही कोई घायल हुआ है। परिवहन अधिकारी हवाई यातायात नियंत्रकों और दो विमानों के बीच हुई इस घातक टक्कर के कारण की जांच कर रहे हैं।

### पहले भी हुई थी ऐसी घटना

अभी दो सप्ताह पहले ही जापान के हानेडा एयरपोर्ट पर जापान एयरलाइंस के विमान और एक तटरक्षक विमान की टक्कर हो गई थी। हादसे में छोटे विमान में सवार चालक दल के छह सदस्यों में से पांच की मौत हो गई थी।

## नायडू की याचिका पर जज एकमत नहीं

# एफआईआर रद्द करने की याचिका पर अब सुनवाई करेंगे सीजेआई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर अब चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ सुनवाई करेंगे। दरअसल दो जजों की पीठ ने याचिका पर अलग-अलग फैसला दिया। जिसके बाद मुख्य न्यायाधीश के पास भेजा है। याचिका में पनायडू ने स्किल डेवलपमेंट घोटाले के मामले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की है।

### इसलिए नहीं बनी सहमति

जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला त्रिवेदी की पीठ पीसी एक्ट की धारा 17ए के लागू होने को लेकर सहमत नहीं थे। इस धारा के तहत जांच शुरू करने से पहले मंजूरी लेने था। जस्टिस बोस का मानना था कि नायडू के खिलाफ कार्रवाई से पहले मंजूरी ली जानी चाहिए थी।

## दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में हुई भेंट

# स्विट्जरलैंड में अपने दोस्त से मिले हरदीप, स्मृति भी थीं मौजूद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी अपने पुराने मित्र सेल्सो एमोरिम से मुलाकात की। सेल्सो एमोरिम मौजूदा समय में ब्राजील के राष्ट्रपति लुला द सिल्वा के मुख्य सलाहकार हैं। बता दें कि दोनों की मुलाकात स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दौरान हुई। पुरी उन दिनों को याद किए जब वे ब्राजील में भारतीय राजदूत थे और सेल्सो उस समय ब्राजील के विदेश मंत्री थे। इसके अलावा जब हरदीप पुरी यूके में भारतीय दूत के तौर पर नियुक्त हुए थे, तब सेल्सो लंदन में ब्राजील के दूत के तौर पर काम कर रहे थे। हरदीप पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'अपने पुराने मित्र सेल्सो एमोरिम से मिलकर बहुत खुशी हुई।

### फोरम में स्मृति ईरानी भी हुईं शामिल

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी के साथ वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में शामिल हुए। सोमवार को दोनों नेता अन्य उद्योग जगत के नेताओं के साथ दावोस में वीलीड लाउंज का शुभारंभ किया। यह लाउंज अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका को प्रदर्शित करता है। इसे महिलाओं के विकास में चर्चा करने के लिए तैयार किया गया है।

## खाई में गिरा सैन्य वाहन दो जवान घायल




**पुंछ।** मंगलवार को सेना का एक वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। इससे वाहन में सवार दो जवानों को गंभीर चोटें आई हैं। हादसे का पता चलते ही आसपास के लोग, सेना के अन्य जवान और पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को खाई से निकाल कर अस्पताल रवाना किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## हमले में 4 लोगों की मौत हुई और 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए

# ईरान ने मोसाद के 'जासूसी हेडक्वार्टर' को बैलिस्टिक मिसाइल से उड़ाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड ने इराक में इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद के एक 'जासूसी हेडक्वार्टर' पर हमला किया है। ये हमला इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्दिश क्षेत्र इरबिल में हुआ है। बैलिस्टिक मिसाइल से ये हमला जएक वीआईपी इलाके में हुआ है, जहां से थोड़ी ही दूर पर ही अमेरिका का वाणिज्यिक दूतावास है। कुर्दिश क्षेत्रीय सरकार के सिक्योरिटी काउंसिल ने एक बयान जारी कर बताया है कि इस हमले में 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। ईरान के रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स का कहना है कि उन्होंने इराक के साथ सीरिया में इस्लामिक स्टेट के खिलाफ भी कार्रवाई की है।



### फिलिस्तीनी ही करेंगे गाजा पर राज

इजराइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने गाजा को हड़पने के लग रहे आरोपों पर जबाव दिया है। उन्होंने कहा कि गाजा फिलिस्तीनी लोगों का है और युद्ध खत्म होने के बाद वही इस पर शासन करेंगे। अरब देशों ने दावा किया था कि यरूशलम और वेस्ट बैंक की तरह गाजा पर भी इजरायल कब्जा कर लेगा। फिलिस्तीन के हथियारबंद संगठन हमास से चल रही लड़ाई के बीच इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने उत्तरी गाजा में जमीनी सैन्य अभियान को खत्म करने का ऐलान कर दिया है।

### दो इजराइली बंधकों की मौत की घोषणा

फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास ने एक नया वीडियो जारी किया है, जिसमें दो इजरायली बंधकों की मौत की घोषणा की गई है। हमास के इस ऐलान ने क्षेत्र में पहले से ही अस्थिर और तनावपूर्ण स्थिति को और भड़का दिया है। 15 जनवरी 2024 को सामने आए वीडियो में 26 साल की महिला बंधक नोआ अरगामनी को दिखाया गया है।

जबलपुर
बुधवार, 17 जनवरी 2024
■ पौष मास शुक्ल पक्ष-6
■ वर्ष : 18, अंक : 255
■ पृष्ठ : 2+6+6=14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 27
न्यून. 07

haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



### लेपाक्षी में वीरभद्र मंदिर में पीएम मोदी ने की पूजा-अर्चना

## भक्ति में लीन हो गुनगुनाया 'श्री राम जय राम' भजन

वीरभद्र मंदिर वही जगह है जहां जटायु प्रभु राम से मिले थे, जब रावण ने उन्हें घायल कर दिया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिनों के दक्षिण भारत के दौरे पर हैं। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी आंध्र प्रदेश के लेपाक्षी के वीरभद्र मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और बैठकर श्रीराम जय राम भजन भी सुना और गाया।

### अयोध्या श्रीराम मंदिरः प्राण-प्रतिष्ठा का 'पहला दिन'

# अनुष्ठानों की शुरुआत प्रायश्चित पूजन और कर्म कुटी (यज्ञशाला) पूजन से

◆ मूर्ति में दोष और पत्थर की गुणवत्ता का भी पता लगाने को मूर्ति को अनुष्ठानिक स्नान कराया जाता है

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में वैदिक परंपराओं के अनुसार मंगलवार से श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अनुष्ठानों की शुरुआत हुई है। प्रायश्चित पूजन और कर्म कुटी (यज्ञशाला) पूजन से यह शुरुआत हुई। आचार्य सरोजकांत मिश्र बताते हैं कि यह पूजा, जाने-अनजाने में जीवन के किसी भी क्षण में होने वाली प्रत्येक गलतियों अथवा पाप का प्रायश्चित है। यह मनसा-वाचा-कर्मणा होना चाहिए। निर्धारित विधि का अनुसरण कर मंत्र शक्ति से इसे पूर्ण किया जाता है। एक तरह से यह प्रक्रिया शरीर, मन और वचन का शुद्धिकरण है।



### कर्मकुटी (यज्ञशाला) पूजा की क्या जरूरत?

मूर्ति स्थापना से पूर्व यज्ञशाला पूजन के सवाल का जवाब देते हुए आचार्य सरोजकांत मिश्र कहते हैं कि कर्मकुटी का मतलब, यज्ञशाला पूजन से है। यज्ञशाला शुरू होने से पहले हवन कुंड अथवा वेदिका पूजन की वैदिक व्यवस्था है।

### यह रहेगा कार्यक्रम

- 17 जनवरी को श्रीविग्रह का परिसर भ्रमण। गर्भगृह का शुद्धिकरण।
- 18 जनवरी से अधिवास प्रारंभ। दोनों समय जलाधिवास, सुगंध और गंधाधिवास भी।
- 19 जनवरी की प्रातः फल अधिवास और धान्य अधिवास होगा।
- 20 जनवरी को पुष्प और रत्न अधिवास (सुबह) व घृत अधिवास (शाम)
- 21 जनवरी को शर्करा, मिष्ठान और मधु अधिवास (सुबह) व औषधि और शैय्या अधिवास (शाम)
- 22 जनवरी को दोपहर में रामलला के विग्रह की आंखों से हटेगी पट्टी, रामलाला को दिखाया जाएगा दर्पण।

## खबर संक्षेप

### महूः पेंच काटने पर चाकूबाजी, 1 की मौत



**भोपाल।** महू के जोशी मोहल्ला में एक युवक की हत्या पतंग के पेंच काटने की मामूली बात पर दोस्तों ने कर दी। पहले इस बात पर कहासुनी हुई फिर बात इतनी बढ़ गई कि आरोपी ने चाकू निकाल कर गर्दन पर वार कर दिया। महू में रहने वाले विशाल पिता अनूप यादव प्लम्बर था। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है। मंगलवार को परिजनों ने विशाल का शव किशनगंज नाके पर रखकर चक्काजाम किया।

### सुमित ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार टेनिस युवा खिलाड़ी सुमित नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में जीत हासिल कर इतिहास रच दिया है। उन्होंने पहले ही राउंड की मुश्किल बाधा को पार करते हुए दूसरे राउंड में जगह बना ली है। नागल ने 27वीं रैंकिंग वाले एलेक्जेंडर बुब्लिक को लगातार तीन सेटों में हराकर बाहर का रास्ता दिखा है। ये पहली बार है जब नागल ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में जगह बनाई है।

### 22 जनवरी को यात्रियों का होगा भव्य स्वागत



**भोपाल।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह को उत्साह चरम पर है। इसी कड़ी में रेलवे भी श्रीराममय नजर आएगा। एक तरफ जहां भोपाल व रानीकमलापति रेलवे स्टेशन पर 22 जनवरी को दीये जलाने व आकर्षक लाइटिंग सजाएगा। तो वहीं रानी कमलापति-नई दिल्ली वंदेभारत एक्सप्रेस के यात्रियों का जयश्री राम के उद्घोष के साथ टीटीई व कैटरिंग स्टॉप स्वागत करेंगे।

### ज्ञानवापी मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका को दी मंजूरी

# जहां शिवलिंग का दावा, उस वजूखाने की होगी पूरी सफाई

**सफाई डीएम की देखरेख में की जाएगी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर मामले पर सुनवाई करते हुए बड़ा फैसला दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद परिसर के 'वजूखाना' के पूरे एरिया की सफाई कराने की अनुमति दे दी है। बता दें कि इसी वजूखाने में हिंदू पक्ष ने शिवलिंग होने का दावा किया है। हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी के सील एरिया को खुलवाकर तत्काल सफाई की मांग की याचिका दायर की थी। हिंदू पक्ष की मांग को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूर करते हुए सफाई का आदेश दिया है। शीर्ष कोर्ट ने डिस्ट्रिक मजिस्ट्रेट (डीएम) की देखरेख में सफाई की इजाजत दी है।

**हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी के सील एरिया को खुलवाकर तत्काल सफाई की मांग की याचिका दायर की थी**

> सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष की मांग पर पुरातत्व विभाग को मस्जिद परिसर का सर्वे करने की मंजूरी दी थी।







### क्या है मामला?

**हिंदू पक्ष ने कहा- शिवलिंग, मुस्लिम पक्ष का दावा-फव्वारा**

*गौरतबल है कि 'वजूखाना' के एरिया को 2022 में सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश पर सील कर दिया गया था, जिसमें 'शिवलिंग' पाए जाने का दावा किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष की मांग पर पुरातत्व विभाग को मस्जिद परिसर का सर्वे करने की मंजूरी दी थी। इसी सर्वे में मस्जिद परिसर के वुजूखाने में एक संरचना जिसे हिंदू पक्ष द्वारा 'शिवलिंग' और मुस्लिम पक्ष द्वारा 'फव्वारा' होने का दावा किया गया था।*

### हिंदू पक्ष की दलील? इस गंदगी के बीच शिवलिंग का रहना असंख्य शिवभक्तों की भावनाओं को आहत करने वाला

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने एक महिला की याचिका पर यह आदेश दिया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मस्जिद परिसर में भगवान की पूजा करने की अनुमति मांगी गई थी। साथ ही पानी के टैंक की सफाई की मांग की गई थी, क्योंकि उस टैंक में मछलियां मरी पड़ी थीं। इस याचिका का मस्जिद मैनेजमेंट कमेटी की ओर से विरोध नहीं किया गया। हिंदू पक्ष का कहना है कि चूंकि हमारी मान्यता के मुताबिक, वहां पर शिवलिंग मौजूद है और शिवलिंग को किसी भी तरह की गंदगी या मरे हुए जीवों से दूर रखा जाने की जरूरत है।

### एडिशनल सॉलिसिटर जनरल माधवी दीवान सुनवाई में पेश हुईं

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि टैंक की सफाई वाराणसी के जिला कलेक्टर की देखरेख में कराई जाए। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल माधवी दीवान सुनवाई में पेश हुईं। उन्होंने भी सरकार की तरफ से वजूखाने की सफाई की मांग की थी। वहीं, मस्जिद कमेटी की ओर से वरिष्ठ वकील हुजैफा अहमदी पेश हुए। सुप्रीम कोर्ट ने नोट किया कि मस्जिद की अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी ने भी वाराणसी की ट्रायल कोर्ट में भी वजूखाने की सफाई की मांग को लेकर याचिका दायर की थी।

### उड्डयन मंत्रालय की नई एसओपी



# दिल्ली समेत छह मेट्रो एयरपोर्ट्स पर यात्रियों के लिए वॉर रूम बनेंगे

फ्लाइट लेट होने पर दिनभर में 3 बार रिपोर्टिंग करनी होगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कोहरे के कारण उड़ानों में हो रही देरी को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मंगलवार को नई स्टैंडर्ड ऑपरेशन प्रोटोकॉल (एसओपी) जारी की है। इसके तहत दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता मेट्रो एयरपोर्ट्स पर पैसेंजर्स की सुविधा के लिए वॉर रूम बनाए जाएंगे।

इसके अलावा किसी भी फ्लाइट के लेट होने की स्थिति में दिनभर में एयरलाइंस कंपनी को तीन बार रिपोर्टिंग करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सीआईएसएफ की चौबीस घंटे मौजूदगी सुनिश्चित की जाएगी। सिविल एविएशन मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट के रनवे 29 एल को भी शुरू किया जाएगा। सिंधिया ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट का यह सबसे पुराना रनवे है। पिछले साल जी-20 समिट के दौरान शुरू किया गया था। उसके बाद मेंटेनेंस की वजह से बंद कर दिया गया था। इस रनवे पर घने कोहरे की स्थिति में भी फ्लाइट ऑपरेट किए जा सकेंगे।

### पैसेंजर्स ने एयरपोर्ट के रनवे पर बैठकर खाया था खाना इंडिगो को नोटिस

*विमानन कंपनी इंडिगो की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) ने इंडिगो को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस यात्रियों के एयरपोर्ट रनवे पर बैठकर खाना खाते हुए वीडियो वायरल होने के बाद जारी किया गया है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद ही केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार रात को मंत्रालय के सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक के बाद ही मंगलवार को एमओसीए के बीसीएएस ने इंडिगो के साथ-साथ मुंबई एयरपोर्ट को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। सिंधिया इस बैठक में अधिकारियों पर जमकर नाराज हुए।*

### शिवपुरी आते समय बदरवास हाईवे पर हुआ बड़ा हादसा

# तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलटी चार लोगों की मौत, तीन की हालत गंभीर

» कार के पलटने के बाद पीछे से ट्रक ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

बदरवास के बरखेड़ा गांव के पास हाईवे पर एक तेज रफ्तार आर्टिगा कार डिवाइडर से टकराकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि एक युवक की इलाज के दौरान शिवपुरी अस्पताल में मौत हो गई। वहीं तीन युवकों का उपचार चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। बताया जाता है कि कार सवार सभी लोग गुना से शिवपुरी की ओर आ रहे थे। उनकी कार की रफ्तार भी काफी तेज थी। जिस कारण कार डिवाइडर से टकरा गई तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी।



### देर रात को हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार गुना निवासी शिवाजी पुत्र बृजेश यादव अपने मित्र गोलू परिहार, प्रदीप परिहार पुत्र रंजीत परिहार, केशपाल परिहार पुत्र इन्द्रभान परिहार निवासी अशोकनगर, समंदर सेलर पुत्र मदनलाल गांधी निवासी बोकेशनल कॉलेज गुना, जसवंत गौर और कल्याण केवट किसी काम से आर्टिगा क्रमांक एमपी 67 सी 4285 में सवार होकर शिवपुरी जाने के लिए निकले थे। रात करीब 1 से 2 बजे के बीच बरखेड़ा गांव के पास वह आर्टिका पहुंची। हाईवे किनारे लगे डिवाइडर से टकरा गई और वहां रखे एक वजनदार पत्थर में जा भिड़ी इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी।

# कोचिंग टीचर का कार से अपहरण, सुनसान में दुष्कर्म

पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र में कोचिंग क्लास पढ़ानी वाली टीचर का कार से अपहरण कर सुनसान में ले जाकर दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

आरोपी करीब छह महीने से टीचर का दैहिक शोषण कर रहा था। अपहरण करने में उसने अपने रिश्तेदार की मदद ली थी। मामला उस समय बिगड़ गया, जब रिश्तेदार ने भी टीचर पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाते हुए उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने सोमवार शाम थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

आयुर्वेद से आयुष्यमान — रतन्स आयुर्वेदिक समाधान

**प्र. मुझे गुदा-द्वार पर मस्से हो गए हैं। शौच के समय बहुत पीड़ा होती है। कृपया कोई आयुर्वेदिक दवा या उपचार बताएं। -सुमन, रीवा.**

उ. आपको बवासीर की समस्या हो सकती है। हमेशा सूखा भोजन लेने व मसालेदार पदार्थों के अधिक सेवन से बवासीर हो सकती है। आप रतन्स 'पाईल्सील' कैप्सूल २-२ सुबह-शाम ले सकते हैं।

**प्र. शरीर में उचित आकर्षण नहीं होने से मैं हीन-भावना से ग्रस्त हो गई हूं। -एक पाठिका, रायपुर.**

उ. शरीर की उचित देखभाल जरूरी है। आप रतन्स 'सुडोल' बॉडी टोनर जैल से रोज दो बार मालिश कर सकते हैं। चाहें तो 'सुडोल' बॉडी टोनर कैप्सूल्स भी दूध के साथ ३ माह सेवन कर सकते हैं।

**प्र. मेरा शारीरिक विकास औसत होने से मेरा आत्मविश्वास कम होता जा रहा है। -नुपूर, भोपाल.**

उ. शारीरिक विकास वंशानुक्रम के साथ ही हार्मोनल कांस्टीट्यूट पर भी निर्भर करता है। आप चाहें तो पाचन क्रिया ठीक कर ग्रंथियों को सक्रिय करने हेतु रतन्स 'हाईटॉप' सिरप नियमित ले सकते हैं। व्यायाम व सूर्य नमस्कार नियमित करें।

**प्र. मेरे बाल बेहद कमजोर हैं, कंघी करते समय टूटकर गिरते हैं। क्या यूज करें? -के. खन्ना, सिवनी.**

उ. आप भृंगराज, ब्राह्मी, आंवला के हर्बल गुणों से युक्त रतन का 'केश वरदान' हेयर रिवाइटलाइजर तेल नियमित रूप से प्रयोग कर सकते हैं।

**प्र. मेरा भतीजा बिस्तर गीला करने की समस्या से ग्रस्त है। उपाय सुझाएं। -हेमंत, जबलपुर.**

उ. समस्या हेतु आप उन्हें रतन का 'बेडवेट' सिरप २-२ चम्मच दिन में दो बार नियमित रूप से दे सकते हैं। यदि आवश्यकता महसूस हो तो मनोचिकित्सक की सलाह लेवें।

नोट : उपरोक्त सलाह रोगियों के लक्षणों को ध्यान में रखकर दी गई है. दवाओं का प्रयोग चिकित्सीय मार्गदर्शन में करें.




Ratan's सुडोल बॉडी टोनर जैल
आयुर्वेदिक औषधि
Unique ID : MP25D/17/564/A/23/163
प्रमुख आयुर्वेदिक व मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध.
Buy online: www.ratanayurvedic.com
HELPLINE 77728-77722

### प्रदेश से होकर गुजर रही 'जेट स्ट्रीम' के असर से आधे प्रदेश में तेज सर्दी

# अशोकनगर अंचल में जमी ओस, रात का पारा 3.6 डिग्री पर, 8 डिग्री तक गिरा प्रदेश में पारा

पांच जिलों में रात का तापमान 5 डिग्री के नीचे

**भोपाल।** पूरे प्रदेश में रात के तापमान में तेजी से गिरावट रही। लेकिन आधे प्रदेश में दिन का पारा भी तेजी से गिरा है। मंगलवार को अशोकनगर के आंवरी गांव में रात का पारा प्रदेश में सबसे कम पहुंचने पर यहां पत्तियों पर ओस की बूंदें जमी दिखाई दी। यहां रात का पारा 3.6 डिग्री रहा है। साथ ही पांच जिलों में रात का पारा 5 डिग्री से नीचे पहुंचने से तेज सर्दी का अहसास रहा। शहडोल के कल्याणपुर में 4.3, बिजावर 4.4, रीवा 4.6 और सिंगरौली के देवरा में रात का पारा 4.8 डिग्री रहा है। इसके अलावा नौगांव में भी न्यूनतम तापमान में 5 डिग्री रहने से पूर्वी मप्र के सभी जिलों में तेज सर्दी रही। कुछ जिलों में अति घना कोहरा रहा, जिससे विजिबिलिटी 50 मीटर से कम यानि शून्य रही है। भोपाल में दिन में सर्द हवाएं चली, लेकिन पारा 25 डिग्री पर ही थमा रहा, जबकि रात के तापमान में 1.6 डिग्री की गिरावट के साथ न्यूनतम पारा 11.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से एक डिग्री कम है।

### नौगांव और खजुराहो में रहा कोल्ड-डे



सर्द हवाओं और अति घने कोहरे के कारण नौगांव में दिन का पारा 6 डिग्री गिरकर 16 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 7 डिग्री कम है। यहां रात का तापमान 4.8 डिग्री गिरकर 5 डिग्री रहा। खजुराहो में दिन का पारा 15 डिग्री रहा, जो सामान्य से 8 डिग्री कम है। यहां रात का तापमान 6 डिग्री रहा। इन दोनों शहरों में कोल्ड-डे रहा।

### क्या होती है जेट स्ट्रीम?

*जब हवाएं 2-3 किमी से शुरू होकर 12 किमी तक की ऊंचाई पर 150 से 200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हैं। तब यह करीब 150 से 200 किमी की चौड़ाई में असर करती हैं। यह हवाएं पश्चिम से पूर्व की ओर तेज रफ्तार में बहती हैं, जिससे नीचे की हवाएं अधिक सर्द और हवा में मौजूद नमी कोहरे के रुप में बदलती है।*

### कूनो पार्क में अब चीता 'शौर्य' की मौत पीएम से चलेगा मौत के कारण पता

**श्योपुर।** जिले के कूनो नेशनल पार्क में मंगलवार को एक नर चीता शौर्य की मौत हो गई। लेकिन मौत के कारण अभी पता नहीं चल पाए है। कूनो के अधिकारी कह रहे हैं कि मौत के कारणों का खुलासा पीएम रिपोर्ट के दौरान हो पाएगा। छह महीने के बाद कूनो से चीते की मौत यह खबर आई है। इसके पहले अगस्त 2023 में मादा चीता धात्री की मौत हुई थी। जिसे मिलाकर कूनो में अब तक 10 चीतों की मौत हो चुकी है।

## एस. जयशंकर ने ईरान के शहरी विकास और विदेश मंत्री से की मुलाकात

**कनेक्टिविटी और व्यापार संबंधों को बढ़ावा देंगे**

# उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे और चाबहार पोर्ट के विकास पर सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होने के लिए तेहरान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शहरी विकास मंत्री के साथ चर्चा की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच चाबहार बंदरगाह और उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे को लेकर चर्चा की गई है। दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई हैं।

*तेहरान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने चाबहार बंदरगाह और उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे को लेकर चर्चा की। दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई हैं।*

- ईरान और मध्य एशिया के बीच व्यापार पर दिया जोर
- क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई



### आईएनएसटीसी एक महत्वपूर्ण परिवहन मार्ग

*आईएनएसटीसी एक परिवहन मार्ग है, जो हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को ईरान के जरिए से कैस्पियन सागर और रूस में सेंट पीटर्सबर्ग से उत्तरी यूरोप तक जोड़ता है। ऊर्जा संपन्न ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित, चाबहार बंदरगाह कनेक्टिविटी और व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारत और ईरान द्वारा विकसित किया जा रहा है। भारत क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए चाबहार बंदरगाह परियोजना पर जोर दे रहा है, खासकर अफगानिस्तान से इसकी कनेक्टिविटी के लिए। 2021 में ताशकंद में एक कनेक्टिविटी सम्मेलन में जयशंकर ने चाबहार बंदरगाह को अफगानिस्तान सहित एक प्रमुख क्षेत्रीय पारगमन केंद्र के रूप में पेश किया। चाबहार बंदरगाह को अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा परियोजना के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में भी देखा जाता है। यह गलियारा भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल ढुलाई के लिए 7,200 किलोमीटर लंबी मल्टी-मोड परिवहन परियोजना है।*

### लाल सागर में उभरी स्थिति पर चर्चा

एस. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन से भी मुलाकात की। दोनों ने लाल सागर में उभरती सुरक्षा स्थिति सहित कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि विगत कुछ दिनों से लाल सागर से आवाजाही कर रहे व्यापारिक जहाजों को यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। भारत लाल सागर में उभरती स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है। भारतीय नौसेना ने उत्तर और मध्य अरब सागर सहित महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में समुद्री वातावरण को देखते हुए समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए अपने अग्रिम पंक्ति के जहाजों और निगरानी विमानों की तैनाती पहले ही बढ़ा दी है।

### संबंधों को मजबूत करने पर जोर

*गौरतलब है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने पिछले साल अगस्त में ईरानी राष्ट्रपति सैय्यद इब्राहिम रायसी के साथ मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों देशों के नेताओं ने कनेक्टिविटी हब के तौर पर चाबहार बंदरगाह की मजबूती के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया था।*

**दीर्घकालिक सहयोग ढांचा स्थापित करेंगे**

*सोशल मीडिया पोस्ट पर पोस्ट साझा करते हुए जयशंकर ने कहा कि ईरान के शहरी विकास मंत्री मेहरदाद बजरपाश के साथ मेरी बैठक हुई। इस दौरान चाबहार बंदरगाह के संबंध में दीर्घकालिक सहयोग ढांचा स्थापित करने पर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह पर, विस्तृत और उत्पादक चर्चा की।*



## राजनीति में इसकी कोई गारंटी नहीं है कि हर देश भारत को सपोर्ट करेगा

*भारत और मालदीव के बीच चल रहे राजनयिक विवाद के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की बयानबाजी पर दो टूक कहा है कि राजनीति तो राजनीति होती है और इसकी कोई गारंटी नहीं है कि हर देश भारत को सपोर्ट करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में भारत ने अपार सफलता हासिल की है और दुनियाभर में अपने संबंधों को मजबूत किया है। लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि बदलती राजनीति के साथ विदेशी देशों के लोगों के मन भारत को लेकर सद्भावना हो और वे हमारे साथ अच्छे संबंधों का महत्व समझ सकें। पीएम नरेंद्र मोदी विश्व मैत्री की बात करते हैं।*

## सैनिकों की वापसी पर कोर समूह बनाया गया

*चीन की पांच दिवसीय यात्रा से स्वदेश लौटे मुइज्जू लगातार अप्रत्यक्ष रूप से भारत पर निशाना साध रहे हैं। मुइज्जू ने भारत सरकार से 15 मार्च तक मालदीव में मौजूद अपने सभी सैनिकों को हटाने को भी कह दिया है। सार्वजनिक नीति सचिव अब्दुल्ला नाजिम ने राष्ट्रपति कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रपति ने भारतीय सैनिकों को मार्च से पहले वापस जाने के लिए कहा है।*

*इस बीच, भारतीय सैनिकों की वापसी पर चर्चा के लिए दोनों देशों ने एक उच्चस्तरीय कोर समूह बनाया है। समूह ने रविवार सुबह विदेश मंत्रालय में एक बैठक की, जिसमें मालदीव में भारतीय राजदूत मुनु महावर भी शामिल हुए।*

*नाजिम ने कहा कि राष्ट्रपति ने इस साल 15 मार्च से पहले मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी को रविवार की बैठक के एजेंडे के रूप में लिया और शाम तक चर्चा जारी रही।*

### दो भारतीय छात्रों की संदिग्ध हालत में मौत



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कनेक्टिकट में दो भारतीय छात्रों की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों 16 दिन पहले ही हायर स्टडीज के लिए अमेरिका गए थे। इनमें से एक छात्र गट्टू दिनेश तेलांगना और दूसरा छात्र निकेश आंध्र प्रदेश से था। पुलिस ने दोनों छात्रों के घरवालों को बताया कि उनकी मौत नींद में हुई है। गट्टू दिनेश के चाचा ने बताया कि जब दिनेश के दोस्त उससे मिलने के लिए उनके कमरे पर गए तो उन्हें दोनों सोते हुए मिले।

### आठ उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया



**अगरतला।** त्रिपुरा में नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) के आठ उग्रवादियों ने सोमवार को सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के मुताबिक, इसके साथ ही पिछले वर्ष से हथियार डालने वाले एनएलएफटी उग्रवादियों की कुल संख्या 26 हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, 'एनएलएफटी के पांच कट्टर उग्रवादियों ने राज्य पुलिस मुख्यालय में पुलिस उपमहानिरीक्षक कृष्णेंदु चक्रवर्ती के समक्ष आत्मसमर्पण किया। उन्होंने 17 कारतूस, बांग्लादेशी सिम कार्ड, वॉकी-टॉकी के साथ पांच चीनी पिस्तौल और राइफल पुलिस को सौंप दिए।'

# दुनिया के अजीबोगरीब फूल, कोई दिखता है ड्रैकुला, तो कोई मधुमक्खी व तोते जैसा

*नई दिल्ली। प्रकृति जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रजातियों से भरपूर है, जिनमें से प्रत्येक की विशिष्टताएं और पहलू उन्हें अनोखा बनाते हैं। माना जाता है कि दुनियाभर में पौधों की 4 लाख से अधिक प्रजातियां हैं, जिनमें से कुछ पौधों के फूल तो एकदम जानवरों की तरह दिखते हैं। आइए आज हम आपको ऐसे विदेशी पौधों के बारे में विस्तार से बताते हैं, जिनके फूलों का आकार जानवरों की तरह दिखता है।*

## जानवरों की तरह नजर आते हैं इन पौधों के फूल, देखकर चौंक जाते हैं लोग

**शक्ल से डरावना ड्रैकुला सीमिया**


ड्रैकुला सीमिया के पौधे के फूलों को मंकी फेस ऑर्किड कहा जाता है। यह आमतौर पर पेरु और इक्वाडोर देशों में पाया जाता है। ये फूल



अलग-अलग तरह के बंदरों जैसे दिखते हैं और आप इस फूल की आंखें, बोहें, नाक और दाढ़ी आदि सब देख सकते हैं। इनकी सुगंध पके संतरे जैसी होती है और यह कोई सामान्य मौसमी फूल नहीं है क्योंकि यह अपने प्राकृतिक आवास में किसी भी समय खिल सकता है।

**पैरट फ्लावर कहते हैं इंपेतिन्स सिटासिना को**

थाईलैंड, बर्मा और भारत जैसे एशियाई



देशों में पाए जाने वाले इंपेतिन्स सिटासिना नामक पौधे के फूल तोते की तरह दिखते हैं, इसलिए इन्हें पैरट फ्लावर बोला जाता है। ये फूल 50 सेंटीमीटर तक बढ़ते हैं और इनकी 3 पंखुड़ियां समेत 3 बाह्यदल (फूल का बाहरी हिस्सा) होते हैं। ये फूल हल्के बैंगनी और लाल रंग के होते हैं।

**बत्तख के छोटे बच्चे जैसा कैलियाना मेजर**

इस पौधे के फूलों को फ्लाइंग डक ऑर्किड कहा जाता है क्योंकि यह देखने में ऐसा लगता है जैसे बत्तख का छोटा बच्चा उड़ने की कोशिश कर रहा हो।



हालांकि, इस फूल को देखने के लिए आपको ऑस्ट्रेलिया जाना होगा क्योंकि ये ऑस्ट्रेलिया के घने जंगलों में ही पाया जाता है। इसका कारण है कि इस फूल को उगाने के लिए एक खास तरह की फंगस की आवश्यकता होती है और वो सिर्फ ऑस्ट्रेलियन जंगलों में ही पाई जाती है।

**मधुमक्खी जैसा रंग और आकृति : ओफ्रिस एपिफेरा**

यूरोप और पश्चिमी एशिया में पाया जाने वाला ओफ्रिस एपिफेरा एक बारहमासी जड़ी-बूटी वाला पौधा है, जो आमतौर पर लगभग एक फुट लंबा होता है और इसके फूलों को बी ऑर्किड के नाम से जाना जाता है। इसका कारण है कि यह फूल मधुमक्खी की तरह दिखते हैं। इन फूलों का रंग एकदम मधुमक्खी जैसा होता है और इन पर सफेद या पीली रेखाएं भी होती हैं। इन्हें देखने के बाद कोई भी चौंक सकता है।



## चौरसिया समाज का परिवार मिलन समारोह 3 मार्च को

**कानपुर।** अखिल भारतीय चौरसिया समाज से सम्बद्ध चौरसिया समाज, कानपुर की द्वितीय मीटिंग का आयोजन 14 जनवरी 2024 को दोपहर 12:00 बजे, 70, गांधीधाम कृष्णा नगर कानपुर में हुआ जिसमें हमारे समाज के प्रमुख प्रेरणाश्रोत आनन्द कुमार चौरसिया एवं चंदा चौरसिया के मार्गदर्शन में समाज के समस्त पदाधिकारियों, सम्मानित सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दी और आगामी 3 मार्च को कानपुर में 23 व परिवार मिलन समारोह 3 मार्च 2024 के लिए समितियां एवं नीतियां बनायी गयी साथ ही सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिये अपने अपने विचार प्रस्तुत किये एवं मकर संक्राति के अवसर पर स्नेह पूर्वक खिचड़ी का आनन्द लिया। इस अवसर पर महिला मंडल ने भी बढ़चढ़ कर अपना योगदान दिया एवं अपने विचार प्रस्तुत किये। आनन्द चौरसिया ने समाज के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं गणमान्य स्वजनों से विनम्र अनुरोध किया कि आगामी कार्यक्रम को सफल एवं भव्यता प्रदान करने हेतु समाज की अगली बैठक 11 फरवरी 2024 को दोपहर 1 बजे आयोजित की जावेगी।

## राशिफल

**मेष:** मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क:** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह:** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या:** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला:** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक:** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु:** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर:** किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ:** आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते

**मीन:** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## 2023 के सबसे अजीब विश्व रिकॉर्ड, बिल्ली ने कूदी रस्सी शरीर पर आग लगाकर 100 मीटर भागा प्रतियोगी

*नई दिल्ली। गिनीज बुक दुनियाभर की सबसे शानदार और अनोखी उपलब्धियों को दर्ज करती है। हालांकि, 2023 कुछ ज्यादा ही अविश्वसनीय और अजीब विश्व रिकॉर्ड्स का साल रहा है, जिसमें इंसानों के साथ-साथ जानवरों ने भी अपनी विचित्र विशेषताओं के कारण गिनीज बुक में अपना स्थान बनाया। आज हम आपको ऐसे ही सबसे अजीब विश्व रिकॉर्ड्स के बारे में बताते हैं, जो इस साल बने हैं और जिन्हें सुनकर आप हैरान हो जाएंगे।*

### बिल्ली ने 1 मिनट रस्सी कूदकर बनाया रिकॉर्ड

अमेरिका के मिसौरी निवासी त्रिशा सेफ्रिड की बिल्ली ने 1 मिनट में 9 बार रस्सी कूदकर गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज करवाया था। बिल्ली का नाम किट कैट है, जिसके रिकॉर्ड का वीडियो गिनीज बुक ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी साझा किया था। इसके कैप्शन में लिखा था, 'ये बिल्ली अपने पूरे जीवन इसी रिकॉर्ड लिए ट्रेनिंग लेता रही है।'



### शरीर पर आग लगाकर सबसे तेज दौड़ने का रिकॉर्ड बनाया


इस साल जुलाई में फ्रांस के रहने वाले 39 वर्षीय फायरफाइटर जोनाथन वेरो ने 2 विश्व रिकॉर्ड्स बनाए। उन्होंने शरीर पर आग लगाकर ऑक्सीजन के बिना 272.25 मीटर की दूरी तय करके इस स्थिति में सबसे लंबी दूरी तय करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया। इसी दौरान उन्होंने 100 मीटर की दूरी 17 सेकंड में पूरी करने का आग लगाकर सबसे तेज 100 मीटर भागने का विश्व रिकॉर्ड भी बनाया। गिनीज बुक के मुताबिक, वेरो एक पेशेवर स्टंटमैन है। **जीवित कुत्ते की सबसे लंबी जीभ का विश्व रिकॉर्ड :** अमेरिका के लुइसियाना में रहने वाले एक कुत्ते ने 'दुनिया की सबसे लंबी जीभ के कुत्ते' का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। लैब्राडोर और जर्मन शेफर्ड मिक्स प्रजाति के इस कुत्ते की जीभ 12.7 सेंटीमीटर यानी 5 इंच लंबी है। और उसका नाम जोई है। कुत्ते के मालिक सैडी और ड्रू विलियम्स ने बताया कि जब जोई बहुत छोटा था, तब से ही उसकी जीभ सामान्य नहीं है। हाल ही में ईरान के अबलफजल साबेर मोख्तारी नामक एक शख्स ने अपने शरीर पर 88 चम्मच को एक साथ चिपकाकर एक अनोखा विश्व रिकॉर्ड बनाया है

**बेचना**

बेचना - जमीन बेचना है जिला मुख्यालय अनूपपुर से सटे ग्राम बरबसपुर मानपुर रोड मे 1 एकड़ 12 डिसमिल जमीन बिकाऊ है, इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें। मो. 8435642943, 9424954403 (अनूपपुर/17/जनवरी 24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5397



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

**शब्द पहेली- 5396 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5407

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SEWACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5406 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

# नागल ने खत्म किया 34 साल का इंतजार, ग्रैंड स्लैम में रच दिया इतिहास




## किसी भारतीय ने 1989 के बाद ग्रैंड स्लैम में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराया

एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

भारत के सुमित नागल ने ऑस्ट्रेलिया ओपन में धमाल मचा दिया है। सुमित ने 34 साल के इंतजार को खत्म कर दिया है। किसी भारतीय खिलाड़ी ने 1989 के बाद ग्रैंड स्लैम में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराया है। नागल ने शुरुआती दौर में कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-4, 6-2, 7-6 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। नागल ने जीत के साथ इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया। साल 2021 में नागल को ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले राउंड में वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली थी, लेकिन तब वह हार गए थे।

### 2 घंटे 38 मिनट तक चला मैच

दुनिया में 137वें नंबर के खिलाड़ी सुमित ने टूर्नामेंट के पहले राउंड में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी बुब्लिक को सीधे सेटों में हराया। 26 साल के नागल ने 2 घंटे 38 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में बुब्लिक पर 6-4, 6-2, 7-6 से जीत दर्ज की। आखिरी सेट टाई ब्रेकर में गया।



### नागल के पास बचे थे सिर्फ 80 हजार, अब मिलेंगे एक करोड़

नागल को पहले दौर की जीत के साथ 120000 आस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे जबकि क्वालीफाइंग चरण में तीन जीत के 65000 आस्ट्रेलियाई डॉलर के भी वह हकदार बने। उन्होंने 2023 सत्र के आखिर में एक इंटरव्यू में कहा था कि उनकी जेब में बस 900 यूरो यानि 80 हजार रुपए बचे हैं लेकिन अब करीब एक करोड़ रूपये ईनामी राशि सुनिश्चित होने पर उनका बोझ कुछ कम होगा। उन्होंने कहा था मुझे शीर्ष सौ में पहुंचने के लिये करीब एक करोड़ रूपये की फंडिंग चाहिये। उस इंटरव्यू के बाद नागल को काफी प्रायोजक मिले।

### देश के अन्य खिलाड़ी भी आजमा चुके हैं हाथ

महान टेनिस प्लेयर रमेश कृष्णन ने अपने करियर में ऑस्ट्रेलियन ओपन में कुल पांच बार तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने 1989 में दूसरे दौर में दुनिया के नंबर 1 मैट विलेंडर को भी हराया था। विजय अमृतराज एक और भारतीय हैं जो ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहले दौर से आगे निकल गए हैं। उन्होंने 1984 के ऑस्ट्रेलियन ओपन में दूसरे दौर में जगह बनाई, जबकि लिएंडर पेस ने भी 1997 और 2000 में कई मौकों पर ऐसा किया। जब भारत के हालिया टेनिस इतिहास की बात आती है, तो सोमदेव देववर्मन 2013 ऑस्ट्रेलियन ओपन में दूसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने में कामयाब रहे थे।

टीम इंडिया 2-0 से आगे, मुकाबला बैंगलोर के एन. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शाम 7 बजे से

# बैंगलोर में अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप करने के इरादे से आज उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

भारत और अफगानिस्तान के बीच 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जा रही है. इस सीरीज के पहले दोनों मैचों में टीम इंडिया ने अफगानिस्तान को हराया। अब दोनों टीमों के बीच तीसरा मैच आज बुधवार को खेला जाएगा। यह मुकाबला बैंगलोर के एन. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शाम 7 बजे से खेला जाना है। भारतीय टीम तीसरा टी20 जीतकर क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। वहीं, अफगानिस्तान टीम 3-0 की हार से बचना चाहेगी।

### अब तक भारत को नहीं हरा सकी है अफगानिस्तान की टीम

अब तक अफगानिस्तान की टीम टी-20 प्रारूप में भारत के खिलाफ जीत का स्वाद नहीं चख पाई है। अब तक दोनों देशों के बीच कुल 7 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए हैं, जिसमें से 6 में भारत ने जीत दर्ज की है और 1 मैच बेनतीजा रहा है। बता दें कि यह पहला मौका है, जब दोनों टीमें आपस में किसी द्विपक्षीय टी-20 सीरीज में हिस्सा ले रही हैं। इस सीरीज के मोहाली और इंदौर में हुए मैच में भारत ने 6-6 विकेट से जीत दर्ज की है।



### बड़ी पारी खेलना चाहेंगे रोहित शर्मा

मौजूदा टी-20 सीरीज में रोहित दोनों मैचों में अपना खाता भी नहीं खोल पाए हैं। वह हर हाल में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। पिछले टी-20 में भारत से यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे ने अर्धशतक लगाकर जीत में अहम भूमिका निभाई थी। ये खिलाड़ी अपनी लय को बरकरार रखने का प्रयास करेंगे।

### मैच में बन सकते हैं ये प्रमुख रिकॉर्ड्स

कोहली ने अपने टी-20 क्रिकेट करियर में 11,994 रन बनाए हैं। वह इस प्रारूप में 12,000 रन पूरे करने वाले विश्व के सिर्फ चौथे बल्लेबाज बन जाएंगे। रोहित की कप्तानी में भारत ने 53 में से 41 मैच जीते हैं। अगर उनके नेतृत्व में भारत अगला मैच जीत जाता है, तो वह सबसे ज्यादा टी-20 अंतरराष्ट्रीय जीत वाले भारतीय कप्तान बन जाएंगे। नबी (1,933) टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 2,000 रन वाले दूसरे अफगान बल्लेबाज बन सकते हैं।

### गेंदबाजी में सुधार करना चाहेगी अफगान टीम

अब तक दोनों टी-20 मैचों में अफगान टीम के गेंदबाजों ने खूब रन लुटाए हैं। नूर अहमद और मुजीब उर रहमान जैसे स्पिन गेंदबाज विपक्षी बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा लेना चाहेंगे। बल्लेबाजी में रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान की सलामी जोड़ी पर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी।

# जर्मनी ने नहीं संभलने दिया चेक को, दागे 10 गोल, जापान भी पहुंचा

एजेंसी ▸▸| रांची

रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में पूल ए की दो टीमों ने मंगलवार को महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 के सेमीफाइनल का टिकट कटा लिया है। पूल ए से जर्मनी और जापान की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। मंगलवार को खेले गए पहले मुकाबले में जर्मनी ने एकतरफा मुकाबले में चेक गणराज्य को 10-0 से हराया। दूसरे मैच में जापान ने चिली को 2-0 से हराकर अपनी जगह पक्की कर ली। अब पूल बी के दो मैचों के बाद दो और सेमीफाइनिस्ट का पता चलेगा। पहले मुकाबले की बात करें तो सोंजा जिमेरमान की हैट्रिक के दम पर जर्मनी ने चेक गणराज्य को बड़े अंतर से हराया।



### जापान ने अंत तक 2-0 की बढ़त बनाए रखी

*दूसरे मुकाबले में जापान ने पहले दो क्वार्टर में एक-एक गोल करके चिली पर अंत तक 2-0 की बढ़त बनाए रखी। मैच खत्म होने के बाद जापान की टीम भी शान से सेमीफाइनल में पहुंच गई। जापान की तरफ से पहला गोल काना उराता ने पहले मिनट में इसके बाद मियु हासेगावा ने 23वें मिनट में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम की बढ़त को दोगुनी कर दी। गुरुवार को होने वाले सेमीफाइनल में जापान का सामना पूल बी से शीर्ष पर रहने वाली टीम से होगा।*

# प्रणय रोमांचक जीत के साथ इंडिया ओपन के दूसरे दौर में



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत के शीर्ष खिलाड़ी और आठवें वरीय एचएस प्रणय ने मंगलवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए रोमांचक मुकाबले में चीनी ताइपे के टिएन चेन चाउ को सीधे गेम में हराकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रणय ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी टिएन चेन को 42 मिनट में 21-6, 21-19 से हराया। अगले दौर में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय की भिड़ंत लक्ष्य सेन और प्रियांशु राजावत के बीच होने वाले ऑल इंडिया मुकाबले के विजेता से होगी।

### प्रतिद्वंद्वी चेन ने की कई गलतियां

दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय के खिलाफ टिएन चेन बिलकुल भी लय में नजर नहीं आए। उन्होंने काफी सहज गलतियां की। वह कोर्ट से सामंजस्य बठाने में नाकाम रहे और उन्होंने कई बार कोर्ट के अंदर गिर रही शटल को छोड़ दिया। चीनी ताइपे के खिलाड़ी ने इसके अलावा कई शॉट नेट पर भी मारे। भारतीय खिलाड़ी की तेजी और सटीक शॉट का भी टिएन चेन के पास कोई जवाब नहीं था।

### विरोधी नहीं बैठा पाया सामंजस्य

प्रणय ने मैच के बाद कहा, "मैं अपनी योजना को अच्छी तरह से लागू करने में सफल रहा। उसे शुरुआती गेम में काफी परेशानी हो रही थी और वह कोर्ट से सामंजस्य नहीं बैठा पा रहा था जिसका मैंने फायदा उठाया।"

### ली शी फेंग और ही बिंग जियाओ जीते

नई दिल्ली। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता ली शी फेंग ने तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में जीत के साथ इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि चीन की उनकी हमवतन ही बिंग जियाओ ने महिला एकल में सीधे गेम में जीत दर्ज की। ऑल इंग्लैंड चैंपियन चीन के तीसरे वरीय शी फेंग ने थाईलैंड के केंटाफोन वेंगचारोएन के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद 19-21, 21-15, 21-15 से जीत दर्ज की। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता छठी वरीय बिंग जियाओ को हालांकि कनाडा की दुनिया की 27वें नंबर की खिलाड़ी मिशेल ली को 21-17, 21-15 से हराने में अधिक परेशानी नहीं हुई।

### युकी और हासे की जोड़ी पहले दौर में हारी

**मेलबर्न।** भारत के युकी भांबरी और नीदरलैंड के रॉबिन हासे की जोड़ी आस्ट्रेलियाई ओपन पुरूष युगल के पहले दौर में कोलंबिया के निकोलस बेरियेंतोस और ब्राजील के रफाएल मातोस के हाथों हारकर बाहर हो गई। युकी और हासे की गैर वरीय जोड़ी को करीब ढाई घंटे तक चले पहले दौर के मैच में 6-1, 6-7, 6-7 से पराजय झेलनी पड़ी। दिल्ली के 31 वर्षीय युकी 2014 में न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर तक पहुंचे थे जो ग्रैंडस्लैम युगल में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। पिछले साल उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लॉयड हैरिस के साथ मालोरका चैम्पियनशिप युगल खिताब जीता था। इस महीने की शुरूआत में युकी और हासे ब्रिसबेन इंटरनेशनल एटीपी टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हार गए थे।

पश्चिम मध्य रेल
विद्युत विभाग (कर्षण-वितरण शाखा)
जबलपुर ई- निविदा सूचना
एन.आई.टी नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2023-24 दिनांक 12.01.2024
वरि मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई.नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **कार्य का नाम**-टॉवर वैगन मार्क-III के ट्रांसमिशन का पीओएचःटावर वैगन/ बागरातवा के लिए एक्सल ड्राइव और अन्य सब-असेंबली के साथ केटीसी 100-20 ट्रांसमिशन सिस्टम। **कार्य स्थल**-जबलपुर मण्डल। **कार्य की अवधि**-03 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू)**-रुपये 10,52,330.41/-(रुपये दस लाख बावन हजार तीन सौ तीस और इकतालीस पैसे मात्र), **बयाना राशि**-रुपए 21,100.00/-, **निविदा जमा करने / खुलने की अंतिम तिथि एवं समय**-05.02.2024 को 15:00 बजे /05.02.2024 को 15:30 बजे। **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाईट**-https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई आर ई पी एस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS, की वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म अनुसार और ज्वाइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।
मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण-वितरण
कृते वरि.मं.वि.इंजी./क.वि./जबल
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय वनमंडलाधिकारी, वनमण्डल सा. रीवा (म.प्र.)
जयन्ती कुंज, झिरिया, रीवा
E-Mail-dfo.rwa@mp.gov.in, Phone- 07662-251335
क्रमांक / भण्डार/ 306 — रीवा,दिनांक 10-01-24
शुद्धि-पत्र
वनमण्डल कार्यालय रीवा अन्तर्गत विभिन्न परिक्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के वृक्षारोपण क्षेत्रों में लगने वाली सामग्री वर्मीकम्पोस्ट (जैविक खाद) की आपूर्ति हेतु एम.पी. टेण्डर के माध्यम से ई-निविदा दिनांक 15-01-2024 को आमंत्रित किया जाना था, जिसका प्रकाशन क्रमांक Advt No.: G22540/23 Date 29 Dec 2023 है। उक्त निविदा के अनिवार्य शर्तो में उल्लेखित बिन्दु क्रमांक 01, 25 एवं 26 का पालन करते हुए इस कार्यालय के आदेश क्रमांक / 85 दिनांक 10.10.2014 द्वारा निवदा आई.डी. क्रमांक 2023_MPFD_323004_1 वर्मीकम्पोस्ट की निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।
(अनुपम शर्मा भा.व.से.)
वनमण्डलाधिकारी, वनमण्डल (सा.) रीवा
G-23024/23 — दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यालय वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वृत्त, जबलपुर
पोस्ट - पोलीपाथर नर्मदा रोड, जबलपुर-482008
E-mail:-ccfre.jbp.gov.in — Telephone - 0761-2668554
क्रमांक/भंडार/24/22 — जबलपुर दिनाँक: 12/01/2024
निविदा सूचना
सामाजिक वानिकी वृत्त, जबलपुर अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये सामाजिक वानिकी वृत्त जबलपुर के अंतर्गत जबलपुर, कटनी, मंडला तथा डिंडौरी जिलों में स्थापित रोपणियों में आधुनिक सिंचाई व्यवस्था हेतु सिंचाई सामग्री, कम्प्यूटर, कीटनाशक एवं अन्य सामग्री हेतु मोहर बंद निविदाएँ प्रथम निविदा दिनांक 19/01/2024 को दोपहर 2-00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाऐं उसी दिनांक 19/01/2024 को सायं 4-00 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेंगी। निविदाओं की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न हैं। निविदा प्रकाशन दिनांक से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दोपहर 12-00 बजे से दिनांक 18/01/2024 सायं 5-00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में निविदाओं हेतु प्रपत्र शुल्क 500/- पर उपलब्ध होगा। निविदा की शर्ते एवं विवरण www.mpforest.gov.in के निविदा विकल्प पर भी देखा जा सकता है। प्रथम बार में निविदा स्वीकृत न हो पाने की स्थिति में द्वितीय निविदा 24/01/2024 को एवं तृतीय निविदा की स्थिति में दिनांक 29/01/2024 को तृतीय निविदा आमंत्रित की जावेगी।
वन संरक्षक
सामाजिक वानिकी वृत्त, जबलपुर
G-22997/23 — दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक बालाघाट
क्र./जि.चि.बा./निविदा/2024 / 3608 — बालाघाट, दिनाँक - 12/01/2024
टेण्डर आमंत्रण सूचना
शहीद भगत सिह जिला चिकित्सालय बालाघाट के वित्तीय वर्ष 2024-25 व वर्ष 2025-26 दो वर्ष के लिये जिला चिकित्सालय बालाघाट व ट्रामा सेन्टर में कपडे धुलाई कार्य कराया जाना हैं।
टेण्डर डाक्यूमेंट जिसमे शर्तो का उल्लेख है इसका अवलोकन वेब साईट http://www.mptenders.gov.in मे किया जाकर टेण्डर डाक्यूमेंट प्राप्त किया जा सकता है निविदा मे कपडे धुलाई कार्य के लिये ऑनलाईन धरोहर / ई. एम. डी. राशि रू. 72,000/- व सुरक्षा निधी /पी.एस.डी. निविदा मे भरी गई टेण्डर राशि का 5 प्रतिशत जमा करना आवश्यक होगा। जमा की गई राशि की छायाप्रति टेडर डॉक्यूमेट में संलग्न करना अनिवार्य होगा ! निविदाए दिनॉक 18.01.2024 साय: 03:00 से अंतिम तिथी 07.02.2024 साय 04:00 बजे तक भरी जा सकती है निविदाओ की हार्डकापी इस कार्यालय मे दिनॉक 07.02.2024 को साय 05:00 बजे तक कार्यालयीन समय मे जमा की जा सकती है टेक्नीकल बीड / निविदाए 08.02.2024 को दोपहर 12:00 बजे निविदाकारों के समक्ष जिला क्रय समिति द्वारा खोली जावेगी एवं दर बीड खोले जाने की सूचना पृथक से दी जावेगी। निविदा खोले जाने की निर्धारित तिथि में निविदाकार स्वय उपस्थित रहे सकते है। निविदाओ को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार जिलों क्रय समिति व अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा जो अतिम व सर्वमान्य होगा।
सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
बालाघाट
G-23003/23 — दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यालय नगर परिषद बनगवॉ (राजनगर), जिला-अनूपपुर (म.प्र.)
Office: Municipal Council Bangavan Dist-Anuppur (M.P.) Email-cmobangavan@.gov.in
क्रमांक. 1969 न.प./ला.नि./ई-निविदा/2024 — बनगवां दिनांक-15/01/2024
/ /निविदा सूचना //
निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीकृत प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 2024_UAD_315343_1 | वार्ड क्रं 05 मेन रोड से लीलाबाई के घर तक सीसी रोड निर्माण | 03 माह 2.60 लाख | 2000.00 2610.00 | 25.01.2024 |

नोट:-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा,पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद,बनगवां (राजनगर) ,जिला अनूपपुर (म.प्र.)

कार्यालय नगर परिषद बनगवॉ (राजनगर), जिला-अनूपपुर (म.प्र.)
Office: Municipal Council Bangavan Dist-Anuppur (M.P.) Email-cmobangavan@.gov.in
क्रमांक. 1968 न.प./ला.नि./ई-निविदा/2024 — बनगवां दिनांक-15/01/2024
/ /निविदा सूचना //
निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीकृत प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 2024_UAD_325415_1 | वार्ड क्रं 06 में स्लैब पुल का निर्माण। | 03 माह 1.32 लाख | 1000.00 2650.00 | 25.01.2024 |

नोट:-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद,बनगवां (राजनगर) ,जिला अनूपपुर (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग- जबलपुर
माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक - 03) भोपाल (म.प्र.) 462003
नि.आ.सू. क्रं /23/एन.एच.एम /2023-24/1335 — भोपाल दिनांक 08/01/2024
निविदा आमंत्रण सूचना
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग - जबलपुर की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से (www.mptenders.gov.in) (Department of Directorate of Health Services) तीन लिफाफा पद्वित से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू. लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर.15.09.2022 (निविदा जारी होने दिनांक तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:
ई - निविदा सूचना क्रमांक - 23 / 2023-24 दिनांक 08.01.2024

| सं. क्रं | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | जमा धरोहर राशि रू. | टेण्डर दर राशि रू. | समय सीमा वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 322854 | जिला चिकित्सालय कटनी में फायर फाइटिंग हायडैन्ट एवं फायर सेफ्टि का कार्य। तृतीय आमंत्रण | 101.31 | 101310.00 | 12500.00 | 04 माह |
| 2 | 323461 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुशरन पिपरिया विकासखण्ड गोटेगांव जिला नरसिहपुर में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाईप आवासगृह का निर्माण कार्य चर्तुथ निविदा आमंत्रण | 225.82 | 225820.00 | 15000.00 | 15 माह |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 10.01.2024 प्रात: 10.30 से दिनांक 25.01.2024 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते है। 3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन. एच. एम भोपाल के पक्ष में देय होगी। 4. एन.आई.टी में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट (http://www.mptenders.gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रो मे नही किया जावेगा। 5. उपरोक्त तालिका में स. क्र. 1 में वर्णित कार्य हेतु विशेष शर्त लागू होगी जो ऑन-लाईन में अपलोड की गई है।
कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग- जबलपुर
G-22993/23 — दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - अनूपपुर (म.प्र.)
E-mail-modgmanu@mp.gov.in
क्र./ 71 / खनिज / 2024 / — अनूपपुर, दिनांक: - 09/01/2024
म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18 (1 - क) के अंतर्गत पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन प्राप्त करने के लिए,
प्रथम सूचना
यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री राम किशोर प्रजपाति कृष्णा मंदिर 230ए कृष्णा मंदिर की गली भगत की कोठी जोधपुर राजस्थान द्वारा पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 14.07.2023 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 13/02/24 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।
आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/ निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अनूपपुर | अनूपपुर | धनगवां | 905/1 | 10.000 हे. | शासकीय | ग्रेनाईट | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समयं सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समक्षा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।
उप संचालक (खनि प्रशासन)
जिला - अनूपपुर (म.प्र.)
G-23007/23 — दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।




भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों का मामला

# उपचार और पुनर्वास संबंधी आदेश का पालन नहीं करने पर सुनवाई आज

**जबलपुर।** भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों के उपचार और पुनर्वास संबंधी आदेश का पालन नहीं करने के मामले में अवमानना के आरोप में घिरे अधिकारियों के खिलाफ आज कार्रवाई के संबंध में सुनवाई होगी। मामले पर मंगलवार को सुनवाई निर्धारित थी, लेकिन पूर्ण बेंच नहीं होने के कारण सुनवाई बुधवार के लिए टल गई।

इस मामले में अतिरिक्त मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के दो अधिकारी अवमानना के आरोप में घिरे हैं। इन्हें अवमानना के प्रकरण में सजा होगी या राहत मिलेगी, इसका फैसला बुधवार को होगा। इन अधिकारियों ने उनके खिलाफ लगे अवमानना के आरोपों से मुक्त करने का आवेदन भी कोर्ट को दिया है। कोर्ट इस पर भी सुनवाई के दौरान विचार करेगी।

हाईकोर्ट के जस्टिस शील नागू और जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ के समक्ष अवमानना मामले की सुनवाई हो रही है। इस मामले में न्यायमित्र नमन नागरथ ने कोर्ट को बताया कि सरकार ने मॉनिटरिंग कमेटी के वकील को सरकार स्वीकृति



नहीं दे रही है। उन्होंने दलील दी कि कमेटी सरकार के अधीन नहीं है। कमेटी कोर्ट के आदेश पर जांच कर रिपोर्ट पेश करती है, इसलिए सरकार और कमेटी का एक ही वकील नहीं हो सकता। कोर्ट ने सरकार को इस संबंध में अगली सुनवाई पर जवाब पेश करने के निर्देश दिए।

### यह है मामला

सुप्रीम कोर्ट ने 2012 में भोपाल गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन सहित अन्य की याचिका की सुनवाई की थी। गैस पीड़ितों के उपचार और पुनर्वास के संबंध में 20 निर्देश दिए थे। इनका क्रियान्वयन सुनिश्चित कर मॉनिटरिंग कमेटी गठित करने के आदेश दिए थे। इस कमेटी को हर तीन माह में अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट के सामने पेश करने को कहा था। साथ ही रिपोर्ट के आधार पर केंद्र और राज्य सरकारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाने थे। मॉनिटरिंग कमेटी की अनुशंसाओं पर कोई काम नहीं होने का आरोप लगाते हुए अवमानना याचिका दाखिल की थी। सरकारी अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने कोर्ट के आदेश की अवहेलना की है।

## सहायक प्रबंधक का स्थानांतरण आदेश निरस्त

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने बैंक आफ बड़ौदा की सिवनी शाखा में पदस्थ सहयक प्रबंधक आशीष साहू के भीलवाड़ा स्थानांतरण का आदेश निरस्त कर दिया। मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता का पक्ष अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी व अमित चौधरी ने रखा। उन्होंने दलील दी कि इस तरह मप्र के सिवनी से राजस्थान के भीलवाड़ा भेजना अनुचित है। जिस तरह मोबाइल पर मैसेज भेजकर रिलीव किया गया, वह भी उचित नहीं। इस रवैये के विरुद्ध पूर्व में याचिका दायर की गई थी, जिसे एकलपीठ ने निरस्त कर दिया था। लिहाजा, अपील के जरिए हाई कोर्ट की शरण ली गई। नियमानुसार बैंक कर्मी को दो बार प्रार्थना के आधार पर स्थानांतरित करने के प्रविधान का पालन होना चाहिए। लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं किया गया। इससे साफ है कि दुर्भावनावश परेशान करने की नीयत से स्थानांतरण किया गया है।

प्रश्न-पत्र राज्य ओपन द्वारा कराए जाएंगे प्रिंट

# 9वीं एवं 11वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा छह मार्च से

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में शिक्षण सत्र 2023-24 की कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा आगामी छह मार्च से शुरू होंगी। यह परीक्षाएं 23 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। दोनों कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा के प्रश्न-पत्र राज्य ओपन द्वारा प्रिंट कराए जाएंगे। इन कक्षाओं की परीक्षा के लिए पेपर मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। जारी आदेश में कहा गया है कि इन कक्षाओं की परीक्षा के लिए पेपर मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे।शेष प्रश्न पत्र आवश्यकतानुसार माध्यमवार जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी अपने निर्देशन में प्राचार्य जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय के माध्यम से विषय शिक्षक द्वारा तैयार करा सकेंगे। यह पेपर तैयार करने में ऐसे शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्हे माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा प्रश्नपत्र निमाण का प्रशिक्षण दिया गया है। शेष प्रश्न पत्र आवश्यकतानुसार माध्यमवार



जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी अपने निर्देशन में प्राचार्य जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय के माध्यम से विषय शिक्षक द्वारा तैयार करा सकेंगे। यह पेपर तैयार करने में ऐसे शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्हे माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा प्रश्नपत्र निमाण का प्रशिक्षण दिया गया है।




# मोटर व्हीकल अधिनियम के प्रावधानों का जनता से पालन सुनिश्चित क्यों नहीं हो रहा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने प्रदेश के परिवहन आयुक्त को निर्देश दिए कि वे खुद आकर बताएं कि मोटर वीकल अधिनियम के प्रावधानों का जनता से पालन सुनिश्चित क्यों नहीं हो रहा है। दरअसल, जुलाई माह में सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने अंडरटेकिंग दी थी कि आगामी 6 माह में के भीतर प्रदेश के प्रत्येक वाहन में हाई सि क यो रि टी रजिस्ट्रेशन प्लेट लग जाएंगी। इसी तरह प्रत्येक दोपहिया वानन चालक के सिर पर हेलमेट होगा और कार चालक सीट बेल्ट पहनेगा। सरकार ने अंडरटेकिंग दी थी कि 15 जनवरी 2024 के बाद यदि एक भी वाहन चालक उक्त नियमों का उल्लंघन करता है तो परिवहन आयुक्त और एडीशनल इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस अवमानना की कार्रवाई के लिए जिम्मेदार होंगे। मामले पर मंगलावर को सुनवाई हुई। राज्य शासन की ओर से पालन प्रतिवेन पेश किया गया और पूर्ण पालन के लिए अतिरिक्त मोहलत मांगी गई, जिसे कोर्ट ने अस्वीकार कर दिया।

> ▶ हाईकोर्ट ने प्रदेश के परिवहन आयुक्त को निर्देश दिए

चीफ जस्टिस रवि मलिमठ की अध्यक्षता वाली बेंच ने अतिरिक्त महाधिवक्ता से पूछा कि वे परिवहन आयुक्त को खुद पेश कराएंगे या वारंट जारी करें। इस पर अतिरिक्त महाधविक्ता ने बुधवार को परिवहन आयुक्त को हाजिर करने का आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि ग्वालियर की विधि छात्रा ऐश्वर्या शान्डिल्य ने 2021 में ग्वालियर बेंच में जनहित याचिका दायर की थी। मामले की गंभीरता और व्यापकता को देखते हुए चीफ जस्टिस ने यह याचिका ग्वालियर पीठ से मुख्यपीठ जबलपुर स्थानांतरित कराई। याचिकाकर्ता की ओर से ग्वालियर के अधिवक्ता अवधेश सिंह तोमर ने बताया कि मोटर वीकल एक्ट और रूल्स में दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग ने एक परिपत्र जारी कर कहा था कि जिस एजेंसी से वाहन खरीदा जाए, वहीं से क्रेता को हेलमेट भी बेचा जाए। याचिका में बताया गया कि प्रदेश में केवल कागजों में कार्रवाई हो रही है, धरातल पर नियमों का पालन नहीं हो रहा।

## कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण दायर

**जबलपुर।** जबलपुर विकास प्राधिकरण की लगभग 22 कालोनियों के 25 हजार से ज्यादा परिवारों की भूमि एवं प्लॉटों के खसरो में सीलिंग प्रभावित के उल्लेख को विलोपित करने का मामला लगभग 4 महीनों से लंबित पड़ा है। अतः वर्तमान में जारी किए गए राजस्व महाअभियान जो 15 जनवरी से 29 फरवरी तक चलेगा, इसमें इन लंबित राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर इस समय सीमा में निराकृत करें, इस बावत इस न्यायालय एवं समस्त अधीनस्थ न्यायालयों को उचित निर्देश दिया जाए।

यह प्रार्थना करते हुए नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ.पीजी नाजपांडे द्वारा मंगलवार को कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण दायर किया गया। मामलें की पैरवी अधिवक्ता परिमल एस चतुर्वेदी करेंगे। याचिका में बताया गया कि 19 सितंबर 2023 को मुख्यमंत्री के निर्देशन पर कलेक्टर द्वारा इन कॉलोनियों के प्रभावितों के लिए तहसील स्तर पर शिविर लगाकर भूमि खसरे में आई हुई त्रुटि को दूर करने के निर्देश दिए थे, लेकिन 4 माह बीतने के बावजूद भी इस हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठाये गए। याचिका में बताया गया है कि जबलपुर विकास प्राधिकरण की इन कॉलोनियों के समस्त भूमिधारियों द्वारा पूर्व में शासन स्तर पर अपनी आपत्तियों व विरोध प्रकट किया गया था, लेकिन उनकी आपत्तियां लंबित पड़ी है।

प्री-नॉन इंटरलॉकिंग कार्य

## कटनी-बीना के बीच रेलगाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मण्डल के कटनी-बीना रेल खण्ड में तीसरी लाइन चालू करने के सम्बंध में जरुआ खेड़ा स्टेशन पर प्री नॉन/ नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। कार्य के दौरान कुछ गाडिय़ों को निर्धारित तिथियों में प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त करने का निर्णय लिया गया है।

### यह है प्रभावित गाडिय़ां

1- गाड़ी संख्या 11272/11271 भोपाल-इटारसी-भोपाल विंध्याचल एक्सप्रेस दिनांक 20.01.2024 से 26.01.2024 तक दोनों दिशाओं में निरस्त रहेगी।
2- गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस दिनांक 18.01.2024 से 26.01.2024 तक तथा गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस दिनांक 20.01.2024 से 28.01.2024 तक निरस्त रहेगी।
3- गाड़ी संख्या 06603/06604 बीना-कटनी मुड़वारा-बीना मेमू स्पेशल दिनांक 20.01.2024 से 27.01.2024 तक दोनों दिशाओं में निरस्त रहेगी।
4- गाड़ी संख्या 01885 बीना-दमोह अनारक्षित स्पेशल एक्सप्रेस दिनांक 19.01.2024 से 26.01.2024 तक तथा गाड़ी संख्या 01886 दमोह-बीना अनारक्षित स्पेशल एक्सप्रेस दिनांक 20.01.2024 से 27.01.2024 तक निरस्त रहेगी।

# नम हवाओं के दम पर रंग दिखा रही ठण्ड

**जबलपुर।** घने कोहरे के साथ ठण्डी हवाओं ने मंगलवार की सुबह लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर दिया। धूप का प्रभाव तेज नहीं रहा। भरी ठण्ड में मासूम बच्चे ठिठुरते हुये स्कूल पहुंचे। बर्फीली हवाओं ने लोगों को आह ऊह करने विवश किया। मौसम विभाग के मुताबिक ग्वालियर चंबल के ऊपर सक्रिय चक्रवाती हवाओं के असर से कोहरा छाया और हवा में नमी बढ़ने की वजह से जाड़े ने अपनी रंगत दिखाई। रात का तापमान भले ही औसत पर आकर ठहर गया हो, लेकिन जाड़े की अकड़ में कोई कमी नहीं आई।

पिछले एक माह से शहर में कड़ाके की ठण्ड का दौर चल रहा है। सुबह शाम गलाव भरी ठण्ड और दोपहर में शीतलहर ने जनजीवन को प्रभावित कर रखा है। चौबीसों घंटे लोग गर्म वस्त्रों से लदे नजर आ रहे हैं। रात को सड़के जल्दी वीरान हो जाती हैं। ठण्ड से बचने लोग जल्दी घरों में

### दहाई के अंक से नीचे उतरा पारा



दुबक जाते हैं। वहीं दूसरी ओर सुबह दिनचर्या देर से शुरू होती है। तापमान मकर संक्रांति के बाद ऊपर जरूर आ रहा है, लेकिन नमी भरी हवाओं के कारण गलन बढ़ रही है। जिससे कंपकंपाने वाली ठण्ड का एहसास किया जा रहा है। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 09.03 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 74 प्रतिशत और सायंकाल 52 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्येदय सुबह 6.54 बजे और सूर्यास्त शाम 5.47 बजे हुआ। उत्तरी पश्चिमी हवायें 2 से 3 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे ठण्डा जिला शिवपुरी कला रहा, जहां न्यूनतम तापमान 7 डिग्री तक नीचे लुढ़क गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 21.5 व न्यूनतम तापमान 07.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

साधारण सभा की बैठक में गूंजा मुद्दा

# डीओ को नहीं मिले आदेश, कैसे बने विकास कार्यों के स्टीमेट





**जबलपुर। नगर निगम की साधारण सभा की बैठक में पार्षदों ने विकास कार्य के मुद्दे उठाए। भाजपा पार्षद लवलीन आनंद ने कहा कि पिछली बैठक में नगर निगम आयुक्त ने आश्वस्त किया था कि नगर निगम के पार्षदमद के काम शीघ्र शुरु होंगे, लेकिन अभी तक निगमायुक्त ने अधिकारियों को आदेश ही नहीं दिए। जिससे विकास काम शुरु नहीं हो पाया। बैठक की शुरुआत में भाजपा पार्षद लवलीन आनंद  ने मुद्दा उठाया। उनकी बात का समर्थन नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, दामोदर सोनी, ने भी इस बात का समर्थन किया।**

आसंदी से निगमाअध्यक्ष रिंकू बिज ने आदेश दिए कि दो घंटे के अंदर सभी संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने जोन के पार्षदों को फोन कर बताए कि उन्हें आदेश मिल गए हैं कि नहीं, और यथा शीघ्र विकास कार्य के प्रस्ताव पार्षदों से मांगे जाए और उन्हें स्वीकृत किए जाए।

### मनमोहन नगर अस्पताल होगा अपग्रेड : विधायक

उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे विधायक बनने के बाद पहली बार पदेन सदस्य बनने के बाद नगर निगम सदन पहुंचे यहां महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, अमरीश सहित अन्य पार्षदों ने उनका स्वागत किया। विधायक ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य की दृष्टि से शहर में मेडीकल और विक्टोरिया दो बड़े अस्पताल है, जहां न सिर्फ अपने जिले के बल्कि दूसरे जिलों के लोग भी उपचार के लिए आते हैं, ऐसे में इन दोनों अस्पतालों पर बहुत लोड है, से कम करने के लिए उन्होंने उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला से मनमोहन नगर स्थित अस्पताल को सर्वसुविधा युक्त बनाने की मांग की जो कि स्वीकार कर ली गई है। उन्होंने कहा कि अगले 10 दिनों के अंदर न सिर्फ वहां पर्याप्त बेड हेंगे, बल्कि अच्दे डॉक्टर, ऑपरेशन थिएटर, एक्सरे, सोनोग्राफी सहित वो सारी सुविधाएं उपलब्ध होगी, जिससे वहां पहुंचने वालों को अन्य किसी स्थान पर न भटकना पड़े।

### एकता चौक पर लगे सिग्नल

पार्षद सोनिया सिंह ने कहा कि एकता चौक पर ट्रेफिक व्यवस्था बहुत ज्यादा अराजक हो चुकी है, इसलिए वहां जल्द से जल्द सिग्नल लगाया जाए और यदि जरुरत पड़े तो रोटरी को थोड़ा आगे शिफ्ट कर दिया जाए, साथ ही उन्होंने खाली प्लॉटों के कचरा घर बनने की बात को भी सदन में उठाया। जिस पर एमआईसी मेंबर अमरीश मिश्रा ने कहा कि ऐसे प्लॉट मालिकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### महापौर ने कहा सब, किया कुछ नहीं: कमलेश

नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने सदन में आरोप लगाया कि महापौर ने बजट में जो कुछ कहा था वो धरातल पर कुछ नहीं दिखा। वित्तीय वर्ष का समय पूरा हो रहा है। न अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम दिखा न फिल्म सिटी का अतापता है। न ही नर्मदा के घाटों का विकास हुआ। महापौर ने अपने घोषणा पत्र में इन बातों का जिक्र किया था और बजट में भी इनको शामिल किया गया था। कहा सब, किया कुछ नहीं।

## पूरे शहर को विद्युत साज-सज्जा से सजाने का कार्य प्रारंभ, शास्त्री ब्रिज पर लगी लाईटें : महापौर

**जबलपुर। दिनांक 22 जनवरी को अयोध्या धाम में आयोजित श्रीरामलला स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में शहर में व्यापक तैयारियों नगर निगम ने शुरू की है। तैयारियों के अंतर्गत पूरे शहर को विद्युत साज-सज्जा से सजाने का कार्य आज से प्रारंभ कर दिया गया है। शास्त्री ब्रिज को विद्युत साज-सज्जा से सजा दिया गया है, उक्त जानकारी महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने दी है।**

वहीं  साधारण सभा की बैठक में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने सभी विषयों की साथी पार्षदों को जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी के साकारात्मक सहयोग से शहर महानगर की ओर अग्रसर है। उन्होंने अपने वक्तब्य में यह भी कहा कि संस्कारधानी भी महानगर का स्वरूप धीरे धीरे ले रहा है और इसे भव्यता प्रदान करने के लिए हम सभी साथी देश के किसी बड़े महानगर जाकर वहॉ के विकास कार्यो को हम देखेगें और उससे भी अच्छा विकास यहॉ आकर अपने सभी साथियों के साथ करेगें। विकास यात्रा भ्रमण के अंतर्गत देखकर आयेगें कि महानगर में किन-किन सुविधाओं को किस तरीके से विकसित किया गया है, ठीक उसी प्रकार संस्कारधानी जबलपुर को भी आकर्षक एवं सुन्दर स्वरूप प्रदान करने की दिशा में हम सभी लोग मिलकर कार्य करेगें।



महापौर ने सदन के सभी पार्षद साथियों की चिंता करते हुए अधिकारियों को भी हिदायत दी कि सभी अधिकारीगण पार्षदों के कार्यो को पहली प्राथमिकता दें। उन्होंने शब्दों को दोहराते हुए कहा कि आगे किसी भी हमारे पार्षद साथी से हमें यह शिकायत नहीं मिलना चाहिए कि अधिकारी उन्हें प्राथमिकता से नहीं सुन रहे हैं।

महापौर श्री अन्नू ने साधारण सभा के सभी विषयों को सर्वसम्मति से पास करने के लिए आज बड़े ही उदार एवं आदर भाव से सभी पार्षदों को बधाईयॉ दी एवं उनके प्रति साधूवाद प्रगट किया। महापौर ने बताया कि यह पहली ऐतिहासि उपलब्धि है। जब एक वर्ष के अंदर शहर में प्रकाश फैलाने के लिए और शहर को दुधिया रोशनी से जगमग करने के लिए 6 हजार लाईटें लगाई गयी हैं।

महापौर ने बैठक के अंत में पुनः एक बार निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल के साथ सभी पार्षद साथियों के प्रति साकारात्मक विचारों को प्रस्तुत करने और सर्वसम्मति से सभी विषयों को पास करने के लिए आभार व्यक्त किया।



## सिकमीनामा के पंजीयन की जांच करने कलेक्टर के निर्देश

### जिला उपार्जन समिति की बैठक

जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने कहा कि जिन धान उपार्जन केन्द्रों पर अमानक स्तर की धान का उपार्जन किया गया है, वहां जिला उपार्जन समिति के सदस्य स्वयं उपस्थित होकर मानक स्तर की धान की खरीदी कराएं एवं अमानक स्तर की धान किसी भी स्थिति पर उपार्जित न किया जाए। जिस भी व्यक्ति के द्वारा अमानक स्तर की धान खरीदी की जाएगी उसके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि गेहूं उपार्जन की तैयारी पहले से कर ली जाए। जिसमें वास्तविक किसानों का ही पंजीयन हो सके, इसमें सिकमीनामा, बटाईदारों के पंजीयन की जांच विशेष रूप से की जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, शेर सिंह मीणा ,जिला आपूर्ति नियंत्रक सीएस जादौन एवं उपार्जन से संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### आज की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 15 प्रकरण

**जबलपुर**। नव पदस्थ निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं विद्यानंद बाजपेयी ने जनसुनवाई कक्ष में आज दिनांक 16 जनवरी 2024 को प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान लोककर्म, अतिक्रमण, भवन शाखा, संबल योजना, उद्यान, साफ-सफाई, एवं अन्य योजनाओं से संबंधित 15 जनसमस्याएं प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं विद्यानंद बाजपेयी ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण हेतु प्रेषित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के संभाग क्रमांक 1 से 16 में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया तथा नागरिकों की समस्याएं सुनी गई और उनका निराकरण भी कराया गया। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने की जनसुनवाई

जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 139 आवेदन-पत्रों की सुनवाई की। उन्होनें जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हुआ, उनके निराकरण के लिए आवेदकों को समय-सीमा दे दी गई है। अब विभागीय अधिकारियों को उक्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर आवेदकों को अवगत कराना होगा। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह, शेरसिहं मीणा, श्री नाथूराम गौंड  सहित विभागीय अधिकारियों ने आवेदन पत्रों का निराकरण किया। जनसुनवाई में आधार कार्ड,आर्थिक सहायता, जमीनी विवाद, लड़ाई-झगड़ा, अभिलेख सुधार, बीपीएल कार्ड बनाने, अवैध कब्जा हटाने, अधिक बिजली बिल आने, सीमांकन,पेंशन, छात्रवृत्त,ि राशन,लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने, पीएम आवास योजना की किस्त, भविष्य निधि के भुगतान, पट्टा प्रदान करने से संबंधित प्रकरण मुख्य रूप से आए थे।



## स्कूलों में कल से होगी रंगोली और चित्रकला की प्रतियोगिताएं : निगमायुक्त

**जबलपुर**। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में होने जा रही प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के मार्गदर्शन में हर तरफ तैयारियॉ शुरू हो चुकी है। मध्यप्रदेश शासन धार्मिक न्याय एवं धर्मस्व विभाग के आदेशानुसार इसी क्रम में सभी शासकीय शालाओं में रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इन प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे छात्र छात्राओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी के पुरूस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया जायेगा।

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि इस महोत्सव की व्यापक तैयारियॉ जोर शोर से जारी हैं। इसके साथ ही सभी मंदिरों, देवालयों, में विशेष साफ सफाई अभियान चलाकर सफाई कराई जा रही है। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने कहा कि इसी क्रम में दिनांक 17 जनवरी 2024 से शहर की शासकीय शालाओं में रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी, जो कि लगातार 5 दिनों तक चलेगी। इनमें मुख्य रूप से दिनांक 17 जनवरी को नगर निगम की कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला घमापुर, 18 जनवरी को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद हायर सेकेण्डरी स्कूल ग्वारीघाट, 19 जनवरी को नगर निगम उच्चतर माध्यमिक शाला तिलवारा, 20 जनवरी को लक्ष्मी नारायण यादव हायर सेकेण्डरी स्कूल रॉझी, और 21 जनवरी को नगर निगम उच्चतर माध्यमिक शाला गोविंदगंज आदि में विभिन्न प्रतियोगिताएॅ आयोजित की जायेगी। इसके साथ ही नृत्य नाटिका, प्रभू श्रीराम के जीवन पर परिचर्चा, सुन्दरकांड का पाठ, प्रभू श्रीराम के जीवन पर आधारित झॉकी और मानस पाठ का भी आयोजन किया जायेगा। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने आदेश जारी करते हुए कहा कि सभी अधिकारी उक्त कार्यक्रमों को समय पर सम्पादित करें तथा अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित भी करें और उनके स्वागत सत्कार का भी ध्यान रखें। इन सभी कार्यक्रमों के लिए शिक्षा अधिकारी श्रीमती बीना बर्गीस को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## संभागायुक्त आज करेंगे मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

### कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से भी करेंगे चर्चा

**जबलपुर**। जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कर कार्य पर निगरानी रखने निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त रोल प्रेक्षक एवं संभागायुक्त श्री अभय वर्मा बुधवार 17 जनवरी को मतदान केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। वे पुनरीक्षण कार्य से जुड़े अधिकारियों की बैठक भी लेंगे तथा राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से भी चर्चा करेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार संभागायुक्त श्री वर्मा दोपहर 2.30 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे तथा इसके तुरंत बाद कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य से जुड़े अधिकारियों की बैठक लेंगे। संभागायुक्त शाम 5 बजे से 6 बजे तक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ही आयोजित बैठक में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायत एवं सुझावों पर चर्चा करेंगे। इन बैठकों में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्वीप प्रभारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी,  सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार संभागायुक्त के मतदासन केंद्रों के भ्रमण के दौरान कोई भी नागरिक मतदाता सूची से संबंधित किसी भी शिकायत को लेकर भेंट कर सकता है तथा उनके दूरभाष क्रमांक 0761-2679000 पर भी संपर्क कर सकता है।

## सख्ती से रोकें अवैध उत्खनन, दोषियों के विरुद्ध करायें एफआईआर

### टास्क फोर्स समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश



**जबलपुर**। जिले में खनिज के अवैध उत्खनन के मामलों में कठोर कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर दीपक सक्सेना ने दिये हैं। आज मंगलवार को अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण को रोकने गठित जिला टास्क फोर्स समिति की आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुये कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि अवैध उत्खनन की जहाँ से भी सूचना मिले खनिज विभाग एवं पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही की जाये। उन्होंने अवैध उत्खनन के प्रकरणों में दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर श्री सक्सेना ने बैठक में रेत खदानों की सीमा का चिन्हांकन करने के निर्देश दिये तथा स्वीकृत सीमा से अधिक क्षेत्र में खनन पाये जाने पर कार्यवाही करने की हिदायत दी। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से भी कहा कि अवैध उत्खनन में जप्त वाहनों के रजिस्ट्रेशन अर्थ दंड की राशि वसूल न होने तक निरस्त कर दिये जायें। कलेक्टर ने अवैध उत्खनन में लिप्त वाहनों की जप्ती की कार्यवाही में अवरोध पैदा करने वाले वाहन मालिकों को भी  सहअभियुक्त बनाने के निर्देश बैठक में दिये।

कलेक्टर श्री सक्सेना ने बैठक में खनिज के क्षेत्र में नये उद्योग और निवेश की संभावनाएं तलाशने पर भी बैठक में जोर दिया तथा इसके लिये जरूरी पहल करने के निर्देश दिये । बैठक में जिला खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जीतेन्द्र सिंह रघुवंशी तथा पुलिस, प्रदुषण नियंत्रण मण्डल के अधिकारी भी मौजूद थे।



## पंचकोषी मंदिर में चला वृहत्त स्वच्छता अभियान

**जबलपुर**। अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पूर्व सभी मठ मंदिरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में निवाड़गंज गल्ला मंडी स्थित श्री पंचकोषी मंदिर में विधायक अभिलाष पांडे के नेतृत्व में वृहत्त स्वच्छता अभियान चलाया गया। मंदिर की साफ सफाई धुलाई कराई गई। इस अवसर पर धीरज पटेरिया, मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, पिंटू पटेल, गणेश मिश्रा, सचिन अग्रवाल, जागृति शुक्ला, प्रशांत नगाइच, विशाल साहू, संकल्प पाठक आदि उपस्थित थे।

### छात्रों के दो गुट सामने आने से बढ़ा तनाव, पुलिस ने संभाला मोर्चा

# साइंस कॉलेज में पथराव के बाद एबीवीपी का प्रदर्शन



**जबलपुर।** सोमवार को साइंस कॉलेज और विक्रम छात्रावासो के बीच हुए हिंसक टकराव के बाद मंगलवार को फिर एक बार फिर टकराव की स्थिति बन गई। इस बीच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के छात्रों ने प्रदर्शन किया। घटना की जानकारी मिलते ही तीन थानो का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। इन तनाव के हलातों में 17 जनवरी को प्रस्तावित परीक्षा को लेकर संशय की स्थिति बन गई। अपुष्ट सूचना के मुताबिक परीक्षा को स्थगित करने का विचार किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सोमवार को हुए पथराव की जांच करने कमेटी का गठन भी किया गया। मंगलवार को एक बार फिर हास्टलर्स के हंगामे की खबर लगते ही एबीवीपी कार्यकर्ताओं भी प्राचार्य कार्यालय जा पहुंचे। एबीवीपी का आरोप था कि सीनियर हास्टलर्स के चलते विवाद हुआ है उन्हें बाहर किया जाए। इस दौरान एक बार फिर छात्र गुट आमने-सामने आ गए थे, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के चलते अप्रिय स्थिति नहीं बन पायी।

विक्रम छात्रावास में रहने वाले छात्र विक्रम वंशकार ने बताया कि सोमवार को हुए पथराव के पीछे बाहरी गुंडों का हाथ है। जो आए दिन कॉलेज के अंदर आकर छात्रों के साथ गुंडागर्दी करते हैं। छात्रों ने बताया कि उन्हें इन गुंडो से जान का खतरा बना हुआ है।

विक्रम छात्रावास के छात्रों ने बताया कि सोमवार को कॉलेज की कैंटीन में आए थे। इसी दौरान वहां पर पहले से मौजूद भारी लोगों ने उन्हें कैंटीन पर बैठने मना किया वाद विवाद की स्थिति बन गई। इसके थोड़ी देर बाद में वापस छात्रावास आ गए। शाम को लगभग 5 बजे छात्रावास के बाहर भारी मात्रा में लड़के आए और छात्रावास में पथराव करने लगे। इस दौरान कई छात्र बुरी तरह घायल हो गए।

### पेपर देने जाने से डर रहे छात्र

मध्यप्रदेश छात्र संघ के अध्यक्ष छात्र नेता अभिषेक पांडे ने बताया कि बाहरी लडके कॉलेज आकर लड़कियों पर गंदे कमेंट भी करते हैं। वही 17 जनवरी से उनके पेपर शुरू हो रहे हैं, ऐसे में गुंडों द्वारा दी गई धमकी से उनमें भय का माहौल व्याप्त है। और परीक्षा देने जाने से डर रहे हैं। छात्रों ने कहा कि बाहरी लड़कों ने सरकारी सम्पत्ति (छात्रावास) को क्षति पहुंचाई है। इसलिए इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए उन पर कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### एबीवीपी ने जताया विरोध

वहीं सोमवार को साइंस कॉलेज की कैंटीन में हुई घटना के विरोध में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विरोध प्रदर्शन किया। जिससे फिर तनाव की स्थिति बनी। पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति नियंत्रित किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री माखन शर्मा ने बताया कि साइंस कॉलेज में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जूनियर छात्रों को कुर्सी में बैठ कर चाय पीने से इनकार करते हुए कहा कि यहाँ सर्फि हॉस्टल के सीनियर छात्र ही बैठ सकते हैं, जिसका विरोध करने पर असामाजिक तत्वों द्वारा उन छात्रों से मारपीट की गई। जिसकी जानकारी एबीवीपी तुरंत पुलिस प्रशासन को करती है । पुलिस द्वारा जब हॉस्टल की छानबीन की जाती है तो उनको बिना पंजीयन के छात्रवास में रह रहे लगभग आधा दर्जन छात्र मिलते हैं । एबीवीपी के प्रदेश मंत्री माखन शर्मा ने स्पष्ट किया है कि उनका विरोध हॉस्टल के छात्रों से नहीं बल्कि उन असामाजिक तत्वों से है जो छात्रावास के नाम पर वहाँ ग़लत तरीके से रहते है व उपद्रव करते हैं। आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जबलपुर महानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा साइंस कॉलेज के प्राचार्य के समक्ष जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया व कार्यवाही की माँग की गई एवं कार्यवाही ना होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई।



# श्रीविष्णु वराह कपः जीत के साथ मुंबई पहुंची फाइनल में

**मझौली।** अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के श्री विष्णु वराह कप में आज दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मुंबई और शहडोल के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शहडोल की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 158 रन बनाए। जिसमें सर्वाधिक स्कोर नारायणराज 33 रन कारण तिवारी 41 रन रॉकी राज ने 21 रन बनाए। वही मुंबई की ओर से धर्म ठाकुर ने तीन विकेट अमोल चिन्ते ने दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट्रल रेलवे मुंबई की टीम ने एक सधी हुई शुरुआत करते हुए 19.2 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाकर इस मैच को 4 विकेट से जीत लिया और फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। सेंट्रल रेलवे मुंबई की ओर से आदित्य आहूजा ने शानदार 60 रन और आदित्य सिंह ने 25 रन बनाए।वहीं शहडोल की ओर से नारायणराज 3 विकेट और मासूम रजा ने दो विकेट हासिल किए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आदित्य आहूजा को शानदार प्रदर्शन 60 रन के लिए दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि जनपद पंचायत मझौली के अध्यक्ष विद्या दिनेश चौरसिया , राजेंद्र चौरसिया ,गामा सोनकर रमेश झारिया मनोज तिवारी मनोरंजन राय सतीश चौरसिया जितेंद्र चौरसिया राममिलन राजपूत आशीष तिवारी अनुराग दुबे रामसुजान झारिया जी रामराज राजपूत शाहिद खान संदीप झारिया आदि उपस्थित हुए। कल का फाइनल मुकाबला मुंबई और नागपुर के बीच 11:00 बजे से खेला जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि पाटन विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अजय बिश्नोई एवं अध्यक्ष शिप्रा राजेंद्र चौरसिया एवं समस्त सहयोगी विशिष्ट अतिथि सम्मिलित होंगे।



# जनप्रतिनिधियों ने की सतधारा के शिव मंदिर की साफ-सफाई

**सिहोरा।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में चल रहे आयोजनों की कड़ी में क्षेत्रीय विधायक संतोष बरकडे एंव जनपद पंचायत सिहोरा की अध्यक्ष श्रीमती रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री ने कुम्भेसर शिव मंदिर के साथ कुम्ही सतधारा मेला के घाट में भी साफ-सफाई कर दीपदान भी किया एंव आमजन से बात कर उनकी समस्याओं के बारे में जाना। विदित हो सरकार द्वारा भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के पहले प्रदेश के मंदिर मठ देवालयों में साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर जनपद सदस्य दीनानाथ पटेल, श्रीमती सुषमा हर प्रसाद राय, श्रीमती राजकुमारी सुरेश पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारीयों जितेन्द्र कुमार गुप्ता, उमेश कुमार तंतुवाय, के.के.पटेल, संतोष पठारिया, रामनरेश राठौर, संजय मिश्रा, ग्राम पंचायत कूम्ही सतधारा सरपंच मोहन मिश्रा, सचिव प्रहलाद पांडे, सचिव राममिलन यादव, बिनीता पटेल, सुनील जैन के अलावा क्षेत्रीय पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं जनपद के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### सिहोरा में वारदात, मारपीट में 4 घायल

# डोसा के पैसे मांगने पर बदमाशों ने की दुकान में तोड़फोड़



**जबलपुर।** सिहोरा थाना अतंर्गत ग्राम गंजताल में डोसा के पैसे मांगने की बात पर अज्ञात तीन बदमाशों ने डोसा संचालक के साथ मारपीट कर दुकान में तोड़फोड़ कर दी। डोसा संचालक के साथियों ने बीच बचाव किया तो तीनों ने लोहे के पाईप व लाठी से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट की इस वारदात में चार लड़के घायल हो गए।

सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटरा मोहल्ला सिहोरा निवासी 22 वर्षीय डोसा संचालक राजा कुशवाहा गत शाम ग्राम गंजताल में मेला लगा हुआ था जहां उसने डोसा फुल्की का ठेला लगाया था, उसके साथ में उसका दोस्त अनुराग गुप्ता और नितेश गुप्ता भी थे। गत शाम लगभग 5.30 बजे उसकी दुकान में सत्तू कुशवाहा के रिश्तेदार तीन अज्ञात लड़के आए। तीनों लड़कों ने डोसा खाए और डोसा खाने के बाद तीनों लड़के जाने लगे तो उसने डोसा के पैसे मांगे तो तीनों लड़के बोले कि तुम्हारा डोसा अच्छा नहीं है, उसने कहा कि पैसे देने पड़ेंगे, इसी बात पर तीनों लड़के गालीगलौज करने लगे, मना करने पर तीनों लड़कों ने उसकी दुकान में लगी बल्ली उखाड़कर उसके साथ मारपीट कर दी, उसके साथी नितेश गुप्ता और अनुराग ने बीच बचाव किया तो उनपर लोहे के पाईप व लाठी से हमला कर दिया। पास के दुकानदार सोनू झारिया और प्रिंस कुशवाहा ने भी बीच बचाव किया तो जाते समय दुकान की टेबल पलटा दिए और दुकान में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 427, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



# कुंडम के जैतपुरी में हुआ पीएम जनमन कार्यक्रम

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के अंतर्गत 15 जनवरी को कुंडम के जैतपुरी में कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें स्कूल के बच्चों द्वारा स्वागत गीत, आदिवासी नृत्य, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि प्रस्तुत किये गये। पीएम जनमन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी का उद्बोदन एवं हितग्राहियों से संवाद का सीधा प्रसारण लोगों द्वारा देखा व सुना गया। इस अवसर पर जैतपुरी एवं आसपास के ग्रामों के बैगा समुदाय के हितग्राही व्यत्तियों बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। जिन्हे उज्जवला, आयुष्मान, जाति प्रमाणपत्र,पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को लाभानवित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय स्टॉल लगाये गये थे। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक संतोष बरकड़े, पूर्व विधायक श्रीमती नंदिनी मरावी, रानू तिवारी, सतेन्द्र धुर्वे, जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह, एसी ट्राइबल नीलेश रघुवंशी सीईओ जनपद पी.एल.यादव एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### 2 गैस सिलेण्डर, मशीन सहित आरोपी गिरफ्तार

# मदनमहल में घरेलू सिलेण्डर से आटो में रिफिल की जा रही थी गैस

**जबलपुर।** मदनमहल पुलिस ने गत दिवस मदनमहल चौक से रेलवे स्टेशन रोड के पास एक टपरे में अवैध रुप से घरेलू गैस सिलेंडर से आटों में गैस रिफलिंग कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर, इलेक्ट्रानिक तराजू एवं कप्रेशर मशीन जब्त की है। मदनमहल थाना प्रभारी प्रवीण कुमार धुर्वे ने बताया कि कैलाश आटा चक्की के पास माली मोहल्ला मदनमहल निवासी 53 वर्षीय नरेश सैनी गत दिवस मदनमहल चौक से रेल्वे स्टेशन रोड के पास एक टपरे में घरेलू गैस सिलेण्डर से आटो में गैस रिफलिंग कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी नरेश सैनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर, इलेक्ट्रानिक तराजू एवं कप्रेशर मशीन जब्त की है। तलाशी लेने पर आसपास अग्निशामक उपकरण नही होना और पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा संतोष जनक उत्तर नहीं मिला। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 285 तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## गोकलपुर में चाकूबाजी, युवक घायल

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत सामुदायिक भवन के पीछे गोकलपुर में दो बदमाश भाई एक दंपत्ति के घर में घुसे और युवक से शराब पीने के लिए दो हजार रुपए की मांग करने लगे, मना करने पर दोनों भाईयों ने मिलकर गालीगलौज व मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घर में आए मेहमानों ने बीच बचाव किया तो दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सामुदायिक भवन के पीछे गोकलपुर निवासी 39 वर्षीय श्रीमति निशा पिल्ले गत शाम लगभग 7.30 बजे अपने पति शिवनारायण पिल्ले के साथ घर पर थी। मकर संक्राति का त्यौहार होने से उसकी ननद, नंदोई, भांजा, उदित पिल्ले घर पर आए थे। रात लगभग 8.30 बजे मोहल्ले का राजा पराग एवं राहुल पराग दोनों भाई घर के अंदर आकर उसके पति से शराब पीने के लिए 2 हजार रुपए की मांग करने लगे, पति ने कहा अभी मेहमान है और दोनों को घर से चले जाने को कहा तो इसी बात पर दोनों गालीगलौज करने लगे, मना करने पर राहुल पराग ने पति के साथ मारपीट कर दी और राजा पराग ने चाकू से पति शिवनारायण की जांघ पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। मेहमानों ने बीच बचाव किया तो दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 452, 294, 324, 506, 327, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# कॉमन रास्ते में गेट लगाने पर विवाद

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत किलकारी गार्डन के सामने हनुमानताल में कॉमन रास्ते में गेट लगाने से मना करने की बात पर चार बदमाशों ने मिलकर एक युवक के साथ गालीगलौज व मारपीट कर लाठी से हमला कर घायल कर दिया। वहीं बीच बचाव करने आए युवक के भाई, पत्नी, माँ और बहन पर चाकू व ईंट, पत्थरों से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। इस वारदात में 5 लोग घायल हो गए।

हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार किलकारी गार्डन के सामने हनुमानताल निवासी 40 वर्षीय शाहिद खान के घर के पास कमररुद्दीन का परिवार रहता है। दोनों के मकान के बीच एक कॉमन रास्ता है। गत शाम लगभग 3 बजे कमरुद्दीन रास्ता बंद करने के लिए रास्ते में लोहे का गेट लगा रहा था, उसने गेट लगाने से मना किया तो इसी बात को लेकर कमरुद्दीन, दिलशाद अफरोज, नौशाद और मुन्ना चारों गालीगलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर दिलशाद ने लाठी से उस पर हमला कर दिया। उसका भाई अल्लू, पत्नी रुकसाना, माँ मुन्नी बाई और बहन समा हुसैन बीच बचाव करने आए तो मुन्ना ने अल्लू पर चाकू से, अफरोज तथा नौशाद ने इंट व पत्थर से पत्नी रुकसाना, माँ मुन्नी बाई और बहन समा हुसैन पर हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### जुए के फड़ पर छापा, 9 जुआडी गिरफ्तार

जबलपुर। बेलबाग पुलिस ने दुर्गा चौक फूटाताल उर्दू स्कूल के पीछे चल रहे एक जुए के फड़ पर छापा मारकर 9 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 11 हजार 200 रुपए जब्त किए है। बेलबाग थाना प्रभारी प्रवीण कुमार कुम्हरे ने बताया कि गत दिवस दुर्गा चौक फूटाताल उर्दू स्कूल के पीछे जुआ मन्ना खेल रहे गुरंदी बाजार निवासी जितेन्द्र बेन, फूटाताल बेलबाग निवासी उमाशंकर गुप्ता, फूटाताल दुर्गा मंदिर के पास निवासी प्रवीण तिवारी, उर्दू स्कूल के पीछे फूटाताल निवासी नीरज बेन, दुर्गा चौक फूटाताल निवासी पप्पू उर्फ दुर्गेश कश्यप और अरविन्द कश्यप, बढ़ई मोहल्ला विश्वकर्मा मंदिरके पास निवासी अभिषेक विश्वकर्मा, गलगला टोरिया बेलबाग निवासी मोट उर्फ अलीम, गलगला टोरिया मुमताज बिल्डिंग निवासी मोह. आबिद को जुआ खेलते हुए रंगे हाथो पकड़ा। पुलिस ने जुआरियों के पास से ताश के 52 पत्ते एवं 11 हजार 200 रूपये जब्त किया है। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।






**श्री कपिल गर्ग-** सिहोरा ब्राह्मणपुरा निवासी जनपद पंचायत सिहोरा में कार्यरत कपिल गर्ग का 45 साल की उम्र में निधन हो गया। अंतिम संस्कार बाबाताल मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सुरेंद्र चौधरी-** शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री मलखान चौधरी के पुत्र श्री सुरेंद्र चौधरी (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामप्यारी बाई अहिरवार-** आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्रीमती रामप्यारी बाई अहिरवार (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अरविंद कुमार दुबे-** गंगासागर गढ़ा निवासी श्री अरविंद कुमार दुबे (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम प्रसाद रैकवार-** बढ़ई मोहल्ला फूटाताल निवासी श्री राम प्रसाद रैकवार (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भागचंद बुधवानी-** नेपियर टाउन निवासी श्री भागचंद बुधवानी (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुंती दाहिया-** चांदमारी लालमाटी निवासी श्री सुदर्शन दाहिया की धर्मपत्नी श्रीमती कुंती दाहिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रेखा शर्मा-** सीओडी कॉलोनी सुहागी निवासी श्री विवेक शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा शर्मा (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रजनी बाई कोल-** चंडालभाटा चेरीताल निवासी श्री सूरज कोल की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बाई कोल (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अर्जुन प्रसाद राय-** शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री अर्जुन प्रसाद राय (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रूक्मणी बिरहा-** द्वारका नगर सिंधी गुरूद्वारा के पास निवासी श्री हेमराज बिरहा की धर्मपत्नी श्रीमती रूक्मणी बिरहा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्याम मोहन गुप्ता-** सदर केंट निवासी श्री श्याम मोहन गुप्ता (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार पटेल-** शीतलामाई निवासी श्री राजकुमार पटेल (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्यामवती-** संजय नगर सदर निवासी श्री गेंदा लाल की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामवती (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लेक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

**खबर संक्षेप**




## फेडरल बैंक के मुनाफे में 25 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** फेडरल बैंक का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में मुनाफा 25 प्रतिशत बढ़कर 1,007 करोड़ रुपये रहा। बैंक का पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में शुद्ध मुनाफा 804 करोड़ रुपये रहा था। फेडरल बैंक ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 6,593 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 4,967 करोड़ रुपये थी। निजी क्षेत्र के बैंक ने इस तिमाही में 5,730 करोड़ रुपये की ब्याज आय अर्जित की, जो एक साल पहले इसी अवधि में यह 4,433 करोड़ रुपये थी।

## ईएसआईसी ने नवंबर में 15.92 लाख सदस्य जोड़े


**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने नवंबर में ईएसआई योजना के तहत 15.92 लाख नए कर्मचारियों को जोड़ा।




श्रम मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, नवंबर 2023 में करीब 20,830 नए प्रतिष्ठान पंजीकृत हुए और ईएसआईसी की सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आए। बयान के अनुसार, नियमित वेतन पर रखे गए कर्मचारियों के ईएसआईसी के आंकड़ों से पता चलता है कि नवंबर में करीब 15.92 लाख नए कर्मचारियों को जोड़ा गया।

## एचडीएफसी बैंक का शुद्ध लाभ 34 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ चालू




वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में 34 प्रतिशत बढ़कर 16,373 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बैंक का बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में शुद्ध लाभ 12,259 करोड़ रुपये रहा था।

## आईटीसी के निदेशक रॉबर्ट ने इस्तीफा दिया




**नई दिल्ली।** विभिन्न कारोबार से जुड़ी आईटीसी लि. के गैर-कार्यकारी निदेशक डेविड रॉबर्ट सिम्पसन ने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया है। कोलकाता की कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उनका इस्तीफा 30 जनवरी से प्रभावी होगा। सिम्पसन ब्रिटिश अमेरिकन टोबैको पीएलसी की अनुषंगी कंपनी टोबैको मैन्युफैक्चरर्स (इंडिया) लि. के प्रतिनिधि के रूप में आईटीसी निदेशक मंडल में थे।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र के मुनाफे में 34 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में मुनाफा 34 प्रतिशत बढ़कर




1,036 करोड़ रुपये रहा। बैंक का पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में मुनाफा 775 करोड़ रुपये रहा था। बीओएम ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 5,851 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 4,770 करोड़ रुपये थी। इस दौरान बैंक ने 5,171 करोड़ रुपये की ब्याज आय अर्जित की, जबकि 2022-23 की इसी अवधि में यह 4,129 करोड़ रुपये थी।

# रोल्स रॉयस 19 जनवरी को भारत में लांच करेगी अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार

### कार की शुरूआती कीमत 7 से 9 करोड़ रुपए होने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोल्स रॉयस 19 जनवरी 2024 को आधिकारिक तौर पर भारत में अपनी पहली ईवी लांच करने जा रही है। इससे पहले नवंबर 2023 में कंपनी ने चेन्नई में स्पेक्टर की पहली यूनिट की डिलीवरी की थी। स्पेक्टर फ्लैगशिप एसयूवी फैंटम और घोस्ट के बीच स्थित होगी, जिसकी शुरुआती कीमत 7-9 करोड़ रुपए एक्स-शोरूम होने की उम्मीद है।

अन्य रोल्स-रॉयस मॉडलों से अलग स्पेक्टर के प्रत्येक पहिये पर पॉवर देने के लिए एक इलेक्ट्रिक मोटर के साथ वी12 इंजन को रिप्लेस करेगा, जिससे यह एक दमदार 4डब्ल्यूडी कार बन जाएगी।

**कई शानदार खूबियों से लैस**

स्पेक्टर का बाहरी डिजाइन काफी आकर्षक है, जिसमें अब तक की सबसे चौड़ी रोल्स-रॉयस ग्रिल शामिल है। 'स्पिरिट ऑफ एक्स्टसी' अपने शार्प पंखों के साथ बेहतर एरोडायनामिक्स मिलता है, जिससे 0.25सीडी का ड्रैग कोफिशियंट मिलता है; जो इसे अब तक का सबसे एयरोडायनेमिक रोल्स-रॉयस बनाता है। रोल्स-रॉयस ने स्पेक्टर के इंटीरियर के लिए बहुत सारे खास एलिमेंट्स को जोड़ा है। स्पेक्टर को स्टारलाईट दरवाजों से भी लैस किया जा सकता है, जिसमें 4,796 स्टार लाइटिंग्स शामिल हैं, जो रोल्स-रॉयस सीरीज में पहली बार देखने को मिलेगा।



**स्पिरिट से लैस**

टेक्नोलॉजी के तौर पर स्पेक्टर, स्पिरिट से लैस है, जो व्हीकल कार्यों को संभालने वाला और व्हिस्पर एप्लिकेशन के साथ इंटीग्रेटेड सिस्टम है। यह यूजर को दूर से अपनी कार से जुड़ने और इस लग्जरी कार के साथ रियल टाइम पहुंच का एक्सेस देता है। हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर में अपग्रेड के साथ प्लेनर सस्पेंशन सिस्टम, स्पेक्टर के 2,975 किलोग्राम वजन को भी आराम से संभाल सकती है।

इस ईवी कूप में एक पॉवरफुल 430 किलोवाट और 900 एनएम ड्राइवट्रेन है, जो इसे केवल 4.4 सेकंड में 0 से 100 किमी/घंटा की स्पीड तक पहुंचा देता है। इसमें 323 मील (520 किमी) की रेंज देने के लिए एक मजबूत 102 किलोवाट का बैटरी पैक है।

कंपनी का लक्ष्य 2030 के अंत तक अपने पूरे पोर्टफोलियो को इलेक्ट्रिक में तब्दील करना है, जो ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी के प्रति उनके दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है। रोल्स-रॉयस मोटर कार्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉर्स्टन मुलर-ओटवोस ने कहा कि स्पेक्टर उन खूबियों का प्रतीक है जिन्होंने रोल्स-रॉयस की विरासत को डिफाइन किया है।

### केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री पुरी ने डब्ल्यूईएफ की वार्षिक बैठक में कहा

# भारत 2028 से पहले ही 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा

एजेंसी ▶▶| दावोस

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत 2028 से काफी पहले ही 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की बड़ी आबादी के हितों की रक्षा के लिए ऊर्जा बदलाव को व्यवस्थित तरीके से किये जाने की जरूरत है।

- रक्षा के लिए ऊर्जा बदलाव को व्यवस्थित तरीके से करने की जरूरत

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री पुरी ने कहा कि भारत पर्यावरण को लेकर अपनी प्रतिबद्धताओं से अवगत है और बढ़ती अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करते हुए सभी लक्ष्यों को समय पर पूरा करेगा।

**खास बातें**

- बढ़ती अर्थव्यवस्थी की सभी जरूरतों को भारत समय पर पूरा करेगा
- अब हम 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के करीब हैं



**2028 तक इंतजार करने का जरूर नहीं**

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक 2024 के दौरान 'स्थायी आर्थिक वृद्धि के लिए भारत के ऊर्जा बदलाव को गति' विषय पर सीआईआई-ईवाई के सत्र में उन्होंने यह बात कही। मंत्री ने विभिन्न वृहद आर्थिक मापदंडों का उल्लेख करते हुए कहा, मुझे नहीं लगता कि हमें 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए 2028 तक का इंतजार करने की जरूरत है।

**कोई भी निर्णय बिना सोच विचार के न हो**

पुरी ने कहा, " मेरा मानना है कि ऊर्जा बदलाव व्यवस्थित होना चाहिए...। इसमें सभी सुरक्षा उपाय होने चाहिए जो यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी निर्णय बिना सोच-विचार न लिया जाए।" पुरी ने कहा कि यह भारत जैसे देश के लिए और भी महत्वपूर्ण है, जो अब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश भी है।

**बड़ी आबादी का ख्याल रखना जरूरी**

मंत्री ने कहा, "जब ऊर्जा की बात आती है, तो आर्थिक वृद्धि और ऊर्जा के बीच संबंध बहुत महत्वपूर्ण है। अब हम 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के करीब हैं लेकिन तथ्य यह है कि हमें अपनी आबादी के एक बड़े हिस्से का ख्याल रखने की जरूरत है।"

**कच्चे तेल की जरूरतों का बड़ा हिस्सा करते हैं आयात**

पुरी ने कहा, "घरेलू बाध्यताओं का ध्यान रखे बिना परिवर्तन की आवश्यकता के बारे में सिद्धांत बनाना एक बात है। जहां तक भारत का सवाल है, उपलब्धता और ऊर्जा संसाधन महत्वपूर्ण हैं क्योंकि हम अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा आयात करते हैं।"

**भारत भी कर रहा संकटों का सामना**

केंद्रीय मंत्री ने कहा, "दुनिया जिन विभिन्न संकट का सामना कर रही है, उसे देखते हुए भारत में जिस तरीके से लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार है, उसे यह भी ध्यान रखना होगा, चीजें किफायती हों। उसके बाद पर्यावरण आता है और हम उसके लिए भी पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।"

**ऊर्जा बदलाव पर 2030 तक सभी लक्ष्य पूरे करेंगे**

पुरी ने कहा , 'मुझे विश्वास है कि ऊर्जा बदलाव पर 2030 के लिए हमारे सभी लक्ष्यों को हम पूरा करेंगे। हमारी हरित हाइड्रोजन नीति व्यापक तौर पर सफल होगी।' पुरी ने कहा, हम विमानन ईंधन पर अपने लक्ष्यों को पूरा करने की राह पर हैं। भारत आज जैव ईंधन मिश्रण के लिए एक शानदार क्षमता पेश कर रहा है।

## जल्द 19 शहरों में सीधे मोबाइल पर प्रसारण का परीक्षण : चंद्रा

### बिना सिम या इंटरनेट के वीडियो स्ट्रीम कर सकेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

'डायरेक्ट-टू-मोबाइल' (सीधे मोबाइल तक) प्रसारण जल्द ही एक वास्तविकता बन सकता है। इसमें मोबाइल उपयोगकर्ता बिना सिम कार्ड या इंटरनेट कनेक्शन के वीडियो स्ट्रीम कर सकेंगे। सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा ने एक प्रसारण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि घरेलू डायरेक्ट-टू-मोबाइल (डी2एम) प्रौद्योगिकी का परीक्षण जल्द ही 19 शहरों में किया जाएगा और इस उभरती प्रौद्योगिकी के लिए 470-582 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम आरक्षित करने की जोरदार वकालत की जाएगी। चंद्रा ने कहा कि वीडियो ट्रैफिक का 25-30 प्रतिशत डी2एम में स्थानांतरित होने से 5जी नेटवर्क की भीड़ कम हो जाएगी, जिससे देश में डिजिटल बदलाव में तेजी आएगी। पिछले साल डी2एम तकनीक का परीक्षण करने के लिए परीक्षण (पायलट) परियोजना बेंगलुरु, कर्तव्य पथ और नोएडा में चलाई गई थी। चंद्रा ने कहा कि डी2एम तकनीक देश भर में लगभग 8-9 करोड़ /"टीवी डार्क/" घरों तक पहुंचने में मदद करेगी। देश के 28 करोड़ घरों में से केवल 19 करोड़ के पास टेलीविजन सेट हैं। उन्होंने कहा कि देश में 80 करोड़ स्मार्टफोन हैं और उपयोगकर्ताओं तक पहुंच वाली 69 प्रतिशत सामग्री वीडियो प्रारूप में है।

- प्रौद्योगिकी के लिए 470-582 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम आरक्षित



**सांख्य लैब्स व आईआईटी ने विकसित की तकनीक**

सांख्य लैब्स और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर द्वारा विकसित डी2एम प्रसारण तकनीक वीडियो, ऑडियो और डेटा सिग्नल को सीधे संगत मोबाइल और स्मार्ट उपकरणों पर प्रसारित करने के लिए स्थलीय दूरसंचार बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक प्रसारक द्वारा निर्दिष्ट स्पेक्ट्रम का उपयोग करती है।

## एथनॉल के लिए भारत की ब्राजील के साथ बातचीत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कार्बन उत्सर्जन में कटौती के लिए वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देने के प्रयास के बीच भारत एथनॉल का इस्तेमाल बढ़ाने के मकसद से तकनीकी साझेदारी के लिए ब्राजील के साथ बातचीत कर रहा है।

केंद्रीय मंत्री वी के सिंह ने मंगलवार को कहा कि ब्राजील लंबे समय से वाहनों में एथनॉल का उपयोग कर रहा है और इस दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र से बहुत कुछ सीखना बाकी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में 'एसोचैम-फ्यूल्स ऑफ द फ्यूचर 2.0' सम्मेलन में कहा, हम उनसे (ब्राजील) सीख सकते हैं। सिंह ने कहा कि जीवाश्म ईंधन के स्थान पर वैकल्पिक ईंधन के बारे में जागरूकता लाने की जरूरत है। गन्ने के अलावा टूटे चावल, मक्का और मकई का उपयोग करके भी एथनॉल का उत्पादन किया जा सकता है। नागर विमानन राज्यमंत्री का भी जिम्मा संभालने वाले सिंह ने कहा, टिकाऊ विमानन ईंधन पर भी जोर दिया जा रहा है और हमने इसका उड़ान पर परीक्षण किया है।

- कार्बन उत्सर्जन में कटौती व वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा दिया जा रहा

**मानसिकता में बदलाव लाना होगा**

*आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि हम कौन सा वैकल्पिक ईंधन अपनाएं और इसको लेकर मानसिकता में कैसे बदलाव लाएं। ब्राजील के दूतावास के राजदूत केनेथ फेलिक्स हजिंस्की दा नोब्रेगा ने कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान वैश्विक जैवईंधन गठजोड़ का शुभारंभ वास्तव में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व प्रयास है।*

## सोना 100 रुपए कमजोर चांदी 300 रुपए फिसली

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 100 रुपये की गिरावट के साथ 63,450 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 300 रुपये के गिरावट के साथ 76,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दो दिन की बढ़त का सिलसिला टूटते हुए दिल्ली के



बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें 100 रुपये की गिरावट के साथ 63,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।' अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,049 डॉलर प्रति औंस रह गया जबकि चांदी का भाव भी नुकसान के साथ 23.06 डॉलर प्रति औंस रहा।

## शेयर बाजार में पांच दिन से जारी तेजी पर विराम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को पिछले पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा। कमजोर वैश्विक रुख के बीच आईटी तथा पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स में 199 अंक की गिरावट आई।

- सेंसेक्स 199 अंक टूटा

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 199.17 अंक 73,128.77 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स कमजोर खुला लेकिन बाद में इसमें तेजी आई और यह अबतक के उच्चतम स्तर



73,427.59 अंक तक पहुंच गया। एनएसई निफ्टी कारोबार के दौरान 22,124.15 के उच्चस्तर तक पहुंच गया था। हालांकि, अंत में यह 65.15 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,032.30 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 शेयरों में 33 नुकसान में जबकि 17 लाभ में रहे।

**इन शेयरों में रही गिरावट**

सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज में सर्वाधिक 2.05 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा, विप्रो, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंडसइंड बैंक, सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, भारती एयरटेल और एसबीआई के शेयर भी नीचे आए। आईटी शेयरों में मुनाफावसूली से तेज गिरावट आई।

**टाटा स्टील रहा लाभ में**

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, टाइटन, मारुति, लार्सन एंड टुब्रो, आईटीसी और जेएसडब्ल्यू स्टील शामिल हैं। एचडीएफसी बैंक के वित्तीय परिणाम से पहले उसका शेयर 0.42 प्रतिशत चढ़ा। बैंक का तीसरी तिमाही का परिणाम बाजार बंद होने के बाद आया।

## टीसीएस सभी कर्मियों को एआई कौशल में करेगा प्रशिक्षित

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्यातक कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) अपने पांच लाख से अधिक सॉफ्टवेयर इंजीनियरों के कार्यबल को जेनेरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के आगामी अवसरों के लिए प्रशिक्षित करेगी। एक वरिष्ठ

- देश की सबसे बड़ी साफ्टवेयर निर्यातक कंपनी है




अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी द्वारा हाल ही में गठित 'एआई.क्लाउड' इकाई के प्रमुख शिवा गणेशन ने बताया कि एक व्यावसायिक अवसर के रूप में जेनेरेटिव एआई अभी अपने 'शुरुआती दौर' में है और इसका इस्तेमाल अभी कम हो रहा है। अधिकारी ने बताया कि कंपनी ग्राहकों के लिए जारी काम में तेजी लाने के लिए जेन एआई से प्राप्त जानकारी का इस्तेमाल कर रही है।

**पूरा संगठन एआई के लिए तैयार होगा**

गणेशन ने कहा, 'कार्यबल तैयार हो रहा है। आने वाले समय में पूरा संगठन स्वयं (जेन) एआई के लिए तैयार होगा।' जेन एआई कौशल से कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने की समयसीमा पर पूछ जाने पर गणेशन ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

## एलएंडटी को मिला बुलेट ट्रेन के विद्युतीकरण का ठेका

**नई दिल्ली।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) की विनिर्माण इकाई को देश में बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए विद्युतीकरण प्रणाली स्थापित करने का बड़ा ठेका मिला है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह ऑर्डर अधिकृत जापानी एजेंसी ने दिया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, 'एलएंडटी कंस्ट्रक्शन के रेलवे रणनीतिक व्यापार समूह को मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल (एमएएचएसआर) परियोजना के लिए 508 किलोमीटर मार्ग पर विद्युतीकरण प्रणाली के निर्माण के लिए एक बड़ा ठेका मिला है। इसे बुलेट ट्रेन परियोजना



के रूप में जाना जाता है।' विद्युतीकरण प्रणाली स्थापित होने के बाद इस मार्ग पर ट्रेन 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकेगी। इस परियोजना का वित्तपोषण जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) द्वारा किया जा रहा है।

### दिसंबर 2023 में दालों की महंगाई दर 20 प्रतिशत के पार रही

# एक साल में 37 प्रतिशत महंगी हुई अरहर दाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद दालों की आसमान छूती कीमतें घटने का नाम नहीं ले रही है। 12 जनवरी 2024 को खुदरा महंगाई दर का जब आंकड़ा जारी किया गया उसके मुताबिक दिसंबर 2023 में दालों और उससे जुड़े प्रोडक्ट्स की महंगाई दर 20.73 फीसदी दर्ज की गई है जबकि एक साल पहले समान अवधि दिसंबर 2022 में दालों की महंगाई दर 3.15 फीसदी रही थी। यानि एक साल में दालों की महंगाई दर में 17.58 फीसदी का उछाल आया है। केवल खुदरा महंगाई दर के आंकड़ों में ही नहीं बल्कि वाणिज्य मंत्रालय ने दिसंबर 2023 के लिए होलसेल महंगाई दर के जो आंकड़े सोमवार 15 जनवरी 2024 को जारी किए हैं उसमें भी दालों की महंगाई दर 19.60 फीसदी रही है। जबकि दिसंबर 2022 में दालों की महंगाई दर 1.48 फीसदी रही थी। जाहिर है बात चाहे खुदरा महंगाई दर के आंकड़ों की करें या फिर होलसेल महंगाई दर के आंकड़ों की, दोनों ही में दालों की महंगाई दर में जोरदार उछाल बीते एक साल में आया है।

- दालों से जुड़े प्रोडक्टस की महंगाई दर 20.73 फीसदी दर्ज



**कीमतों पर नकेल कसने की कवायद**

*सरकार ने दालों की महंगाई पर लगाम लगाने के लिए हाल के दिनों कई फैसले लिए हैं इसके बावजूद दालों की महंगाई आम लोगों की जेब पर डाका डाल रही है। दालों की आसमान छूती कीमतों से परेशान सरकार ने पिछले महीने दिसंबर 2023 में अरहर दाल और उड़द दाल के इंपोर्ट के ड्यूटी फ्री आयात की अवधि को एक साल यानि 31 मार्च 2025 तक के लिए बढ़ाने का फैसला लिया था। सरकार मसूर दाल के ड्यूटी फ्री इंपोर्ट की अवधि को भी एक साल के लिए पहले ही बढ़ा चुकी है।*

**1 साल में 37 फीसदी महंगा हुआ अरहर दाल**

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के प्राइस मॉनिटरी डिविजन के डेटा के मुताबिक 14 जनवरी 2024 को रिटेल मार्केट में अरहर दाल का औसत मुल्य 151.88 रुपये किलो था जो एक साल पहले जनवरी 2023 में 110.83 रुपये प्रति किलो में मिल रहा था। यानि एक वर्ष में अरहर दाल के औसत मुल्य में 37 फीसदी का उछाल आ चुका है। उड़द दाल 122.51 रुपये प्रति किलो में मिल रहा था जो बीते साल पहले 106.41 रुपये प्रति किलो में मिल रहा था। एक साल में उड़द दाल की कीमतों में 15.13 फीसदी का उछाल आ चुका है। बात करें मूंग दाल की तो अभी मंगू दाल 115.87 रुपये प्रति किलो में रिटेल मार्केट में मिल रहा है।

## इंजीनियरिंग सामान का निर्यात 10.20 फीसदी बढ़ा

**कोलकाता।** प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं में भू-राजनीतिक तनाव और सख्त वित्तीय स्थितियों से उत्पन्न विभिन्न चुनौतियों के बावजूद भारत का इंजीनियरिंग सामान का निर्यात दिसंबर, 2023 में 10.20 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 10.04 अरब डॉलर रहा। भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्द्धन परिषद (ईईपीसी) के चेयरमैन अरुण कुमार गरोडिया ने कहा,



'हालांकि, यह एक मजबूत पुनरुद्धार दिखाता है लेकिन मौजूदा वैश्विक आर्थिक स्थितियों के कारण क्षेत्र को अब भी अनिश्चितताओं का सामना करना पड़ रहा है।' उन्होंने कहा, 'इंजीनियरिंग निर्यातकों के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण समय रहा है। यूरोप और अब पश्चिम एशिया में तनाव ने महत्वपूर्ण नकारात्मक जोखिम पैदा कर दिया है।' उन्होंने कहा कि जहां समग्र मांग मजबूत बनी हुई है वहीं लाल सागर संकट एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिससे पारगमन समय में वृद्धि के कारण देरी और माल ढुलाई लागत बढ़ रही है।

## चिंतन

# गरीबी बढ़ना विकास मॉडल की विफलता

वैश्विक स्तर पर आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है। दुनिया की अधिकांश सरकारों के प्रतिनिधि, दिग्गज उद्योगपति और ख्यातनाम अर्थशास्त्री जब विश्व आर्थिक मंच की बैठक में वैश्विक आर्थिक चुनौतियों पर चिंतन करने व उसका समाधान निकालने के उपायों पर चर्चा कर रहे हैं, ठीक उसी दरम्यान ऑक्सफेम की गरीबी पर रिपोर्ट समूची वैश्विक अर्थव्यवस्था व आर्थिक नीतियों की पोल खोल रही है। ऑक्सफेम ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2020 से महज चार साल में दुनिया में पांच अरब लोग और गरीब हुए हैं, इसके उलट इस दौरान पांच सबसे अमीर लोगों की संपत्ति में दोगुनी बढ़ोत्तरी हुई है। ये आंकड़े जहां तेजी से बढ़ रही आर्थिक असमानता की तस्दीक कर रहे हैं, वहीं ये विश्व के तमाम आर्थिक मॉडलों की विफलता को भी बयां कर रहे हैं। ऑक्सफेम ने कहा है कि दुनिया से गरीबी खत्म करने में अभी दो शताब्दी से अधिक का वक्त और लग सकता है, हालांकि वैश्विक अर्थव्यवस्था जिस तरह सुस्ती संकट से जूझ रही है, ग्रोथ की जो धीमी गति है, व जो आर्थिक मॉडल हैं, ऐसे में अगले दो शताब्दी में भी गरीबी दूर हो जाए, यह संभव नहीं लगता है। इसके पीछे दो प्रमुख कारण हैं, पहला, ये कि कॉरपोरेट इकोनॉमी मॉडल से संचालित सरकारों की नीतिगत प्राथमिकता में गरीबी उन्मूलन लक्ष्य नहीं है, ये सरकारें अपनी नीतियों से बुलबुला पूंजी का संरक्षण कर रही हैं व कॉरपोरेट पूजीवादी अर्थव्यवस्था के हितों का ही पोषण कर रही हैं। अगर प्राथमिकता में होती तो संयुक्त राष्ट्र का गरीबी दूर करने वाला मिलेनियम डेवलपमेंट गोल 2020, फिर 2030 पूरा होता, अब तो वर्ष 2050 तक भी लक्ष्य हासिल होना मुश्किल है। अभी विश्व में विकसित देशों की प्राथमिकता विश्व में फीयर इकोनॉमी को बढ़ाने, युद्ध व क्षेत्रीय संघर्ष को हवा देने और हथियारों की होड़ को बढ़ाए रखने में है। दूसरा, विकासशील देशों में सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक दलों की ओर से चुनावी रेवड़ियों का ऐलान व सरकार बनने पर उसे लागू करने से सरकारों ने अपनी बड़ी गरीब आबादी को पराश्रित बना दिया है। इससे बड़ी आबादी की उत्पादकता में भारी कमी आ रही है। गरीबी बने रहने से राजनीतिक दलों के लिए रेवड़ियों के दम पर सत्ता हासिल करने की राह आसान हुई है। कोई भी अर्थव्यवस्था तभी तेज विकास करती है, जब सरकार अपने सभी नागरिकों को समान रूप से सक्षम बनाती है। भारत इसका कमाल उदाहरण है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देश में करीब 26 फीसदी लोग गरीब हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मोदी सरकार के नौ साल में करीब 13 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आ गए। ऑक्सफेम की रिपोर्ट के साथ ही नीति आयोग की जारी रिपोर्ट के मुताबिक नौ साल में 24.82 करोड़ लोग करीबी से बाहर आए। इस हिसाब से तो करीब 36 से 42 करोड़ बीपीएल में से अगर 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ गए, तो इसका मतलब है कि देश में करीब 11 से 17 करोड़ लोग ही बीपीएल में बचे हैं, फिर सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों दे रही है? तो क्या देश की दो तिहाई आबादी गरीब है? कोरोनाकाल में यह योजना उपयोगी थी, पर अब क्यों जारी है? तो क्या इसके पीछे मकसद केवल चुनावी है? बात जो भी हो, सरकार की कोशिश अपने नागरिकों को सक्षम बनाने की होनी चाहिए और उसी के अनुरूप रोजगारोन्मुख योजनाओं का क्रियान्वयन होना चाहिए। गरीबी उन्मूलन के प्रति भारत समेत विश्व की सभी सरकारों को गंभीर होना होगा। युद्ध, हिंसा, संघर्ष और हथियारों की होड़ से मानव कल्याण नहीं हो सकेगा। ऑक्सफेम की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए अगर विश्व आर्थिक मंच विश्व में बढ़ रही आर्थिक असमानता को पाटने की दिशा में कुछ कदम उठाने के लिए विश्व की सरकारों में सहमति बनाने में सफल हो जाए, तो इस बैठक की सार्थकता होगी। गरीबी बढ़ना वैश्विक आर्थिक मॉडल की विफलता ही है और गरीबी उन्मूलन प्रमुख आर्थिक चुनौती बनी हुई है।

## सारा संसार



मारुंडेश्वर मंदिर तमिलनाडु के चेन्नई में स्थित भगवान शिव को समर्पित मंदिर है। इस मंदिर में 7 मुख्य द्वार है और एक बहुत बड़ा तालाब भी है। बीमारियों से परेशान लोग यहाँ आकर अपने रोगों से मुक्ति पाते हैं।

## स्क्रीन टाइम

डॉ. मोनिका शर्मा



# किशोरों की दिशाहीनता

हाल ही में कोटा में 10वीं की छात्रा ने आत्महत्या कर ली। यह दुखद वाकया तकनीक के जाल में फंसते किशोरमन की स्थितियां सामने रखता है। घटना में फांसी लगाकर जान देने की वजह पढ़ाई का दबाव नहीं, बल्कि मोबाइल की लत रही। 15 वर्षीय लड़की ने मोबाइल फोन पर गेम खेलने को लेकर पिता के डांटने से क्षुब्ध होकर अपनी जान दे दी। चिंतनीय है कि मुठ्ठी में मौजूद तकनीकी सहूलियतें नई पीढ़ी की जिंदगी को जोखिम में डाल रही हैं। स्मार्ट स्क्रीन में गुम में बड़ों के लिए निजता और बच्चों के लिए दिशाहीनता की स्थितियां खड़ी कर रहा है। मोबाइल फोन में गेम की लत तो बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। हालिया बरसों में उम्र के इस पड़ाव पर मोबाइल पर गेम खेलने की लत जान देने, बर्बर अपराध करने या घर छोड़ देने जैसी घटनाओं की वजह बन रही है। रोकटोक करने पर किशोर-किशोरियों द्वारा अपनों की जान ले लेने की घटनाएं भी हुई हैं। एक चिंतनीय पक्ष यह भी है कि स्क्रीन के संसार में गेम खेलते बच्चे अपराधियों के चंगुल में भी फंस जाते हैं। कभी निजी जानकारियां और तस्वीरें साझा कर ब्लैकमेलिंग का शिकार बनते हैं। बीत साल आई 'क्राइ'-चाइल्ड राइट्स एंड यू की एक रिसर्च के मुताबिक ऑनलाइन दुर्व्यवहार का शिकार बने बच्चों में से 14-18 आयु वर्ग की 40 प्रतिशत लड़कियां और इसी आयु वर्ग के 33 प्रतिशत लड़के वर्चुअल दुनिया में नकारात्मक बर्ताव का शिकार बने। दूर-दराज़ के इलाकों में बसे अभिभावकों ने भी बताया कि बड़ी संख्या में बच्चे आभासी दुनिया में शोषण का शिकार बन रहे हैं। ध्यातव्य है कि कुछ समय पहले मध्य प्रदेश के छतरपुर में ऑनलाइन गेमिंग में 40 हजार रुपये हारने पर छठी कक्षा में पढ़ रहे 13 साल के बच्चे ने आत्महत्या कर ली थी। पैसे गंवाने के बाद मां के पूछताछ करने पर बच्चे ने फांसी लगा ली। लखनऊ में मोबाइल गेम खेलने से मना करने पर बेटे ने अपनी मां को ही गोली से मार दी थी। बड़े शहरों में ही नहीं दूर-दराज़ के गांवों में भी ऐसी मामले हो रहे हैं। विचारणीय है कि व्यावहारिक रूप से जिन चीज़ों का बच्चों के जीवन में कोई स्थान नहीं होना चाहिए, वे नई पीढ़ी के जीने-मरने की परिस्थितियां बना रहीं हैं। सामाजिक जीवन से दूर करने वाले इस आभासी संसार में समय बिताने के चलते बच्चों के शारीरिक और मानसिक संवेदनात्मक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जीवन से हारने की घटनाएं इस लत का तो सबसे भयावह परिणाम हैं। ज्ञात हो कि वजह विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी ऑनलाइन गेमिंग को नई बीमारी के रूप में गेमिंग डिसऑर्डर का नाम दिया है। गेमिंग डिसऑर्डर को इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन ऑफ डिजीज में डिजिटल-गेमिंग को बाकायदा एक व्याधि के तौर पर शामिल किया है। यूं भी घटनाओं, आंकड़ों और हालात तक स्क्रीन की काल्पनिक दुनिया में खेलने के दुष्प्रभाव दिख रहे हैं। टीनेजर्स को मानसिक विमन्दित बनाने की कगार पर ले जा रहा यह मायाजाल हमारी समग्र व्यवस्था के लिए खतरा है, क्योंकि स्क्रीन की दुनिया में गुम हो जान गंवाती यह पीढ़ी ही भावी सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था का परिवेश बनाने वाली है। अभिभावकों को समझना होगा कि हर दौर में नई पीढ़ी को सही राह दिखाने से जुड़ी प्राथमिकताएं बदलती रहती हैं। तकनीकी संसार में ऑनलाइन दुनिया की उलझनों से बच्चों को बचाना जरूरी हो चला है। बच्चों को खेलने के लिए मैदानों की ओर जरूरी है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

# सकारात्मक वातावरण प्रेरणा बने



प्राण प्रतिष्ठा
अवधेश कुमार

यह भी स्वीकार करने में आपत्ति नहीं होनी चाहिए कि केन्द्र में भाजपा की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार नहीं होती तथा यूपी में गैर भाजपा सरकार होती तब भी मंदिर का निर्माण नहीं हो पता। न्यायालय का फैसला पड़ा रहता। यूपी में भाजपा की सरकार है, योगी आदित्यनाथ की मंदिर निर्माण में अटूट आस्था है तथा उपमुख्यमंत्री में भी केशव प्रसाद मौर्य विहिप से निकले हैं, इसलिए संकल्प के साथ समय सीमा तय करके मंदिर निर्माण पूरा किया जा रहा है। दिसंबर 2023 या जनवरी 2024 तक गर्भगृह का संपूर्ण निर्माण कर प्राण प्रतिष्ठा का लक्ष्य साकार हो रहा है। अगर भाजपा को इसका लाभ मिल रहा है तो इसमें आश्चर्य का कोई विषय नहीं है।

इसमें दो मत नहीं कि देश में अद्भुत राममय वातावरण बना है। बाजारों में श्री राम से जुड़ी चीजों की खरीदारी की एक नई प्रवृत्ति देखी जा रही है। बाजार में रामजी के नाम से बने सिक्के, आभूषण वस्त्र आदि की मांग काफी बढ़ी है और इस कारण व्यापारिक गतिविधियां भी। आपको चलते-फिरते किसी ने किसी मोहल्ले में श्री राम जय राम की धुन से लेकर अन्य संकेत मिल जाएंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार की कोशिशों से 22 जनवरी के लिए लाखों की संख्या में मंदिरों ने कार्यक्रम की तैयारी की है। कांग्रेस या कम्युनिस्ट पार्टियों के वक्तव्य और व्यवहार से निस्संदेह, थोड़ा नकारात्मक वातावरण बना, लेकिन यह साफ दिख रहा है कि आम लोगों ने इसे स्वीकार नहीं किया तथा पूरा वातावरण सकारात्मक है। स्वयं कांग्रेस पार्टी के अंदर भी सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा निमंत्रण अस्वीकार करने का संपूर्ण समर्थन नहीं है। इससे पता चलता है कि लगभग तीन दशक बाद पूरे देश का वातावरण अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कैसा बना है। हालांकि 22 जनवरी के निमंत्रण को लेकर उन लोगों के अंदर थोड़ी निराशा और खीज है जिन्होंने प्रतिबद्धता के साथ श्रीराम मंदिर के विषय को विपरीत परिस्थितियों में भी मुद्दे के रूप में बनाए रखने के लिए अपने निजी हितों की लगातार बलि चढ़ाई। ऐसे अवसर पर उनकी दुखद अनदेखी तथा ऐसे लोगों को, जिन्होंने या तो विरोध किया या सेक्युलरवाद विरोधी छवि न बने इस कारण खामोश रहे या बीच का रास्ता अपनाया या फिर जिन्होंने इन विषयों का संकुचित स्वार्थ के लिए उपयोग किया उन सबको निमंत्रण द्वारा प्रतिष्ठा देना ऐसे लोगों को कचोट रहा है, किंतु सबके मन में भाव यही है कि ध्वस्त किए गए मानबिंदुओं के 500 वर्षों बाद आध्यात्मिक अतःशक्ति को फिर से पुनर्प्रतिष्ठित करने का समय आया है तो ऐसे में विवाद खड़ा करके सकारात्मक वातावरण को कमजोर न किया जाए। निश्चित मानिए ऐसे माहौल का संपूर्ण राष्ट्र के वर्तमान एवं भविष्य की दृष्टि से व्यापक प्रभाव होगा।

तात्कालिक रूप से हम भले यह गणना करें कि आगामी लोकसभा चुनाव में इसका लाभ किसे मिलेगा या इससे किनको क्षति होगी, पर श्रीराम के बाल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा तथा मंदिर के संपूर्ण निर्माण का प्रभाव केवल चुनाव तक सीमित नहीं हो सकता। यह तो साफ है कि जिस पार्टी ने अयोध्या के विवादित स्थल पर श्रीराम मंदिर के पुनर्निर्माण को अपना लक्ष्य घोषित किया, उसके लिए आंदोलन चलाए उसे मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा तक का श्रेय मिलेगा। जो पार्टियां आज राजनीतिक लाभ के लिए राम का उपयोग करने का आरोप लगाती हैं उन्हें अपने गिरेबान में झांकने की आवश्यकता है। आखिर इन पार्टियों का ही नहीं, हमारे देश के मीडिया और बुद्धिजीवियों के बड़े समूह का श्रीराम मंदिर आंदोलन के प्रति रवैया क्या रहा? भाजपा ने जब से विवादित स्थल पर श्रीराम मंदिर निर्माण को अपने एजेंडे में शामिल किया तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से विश्व हिंदू परिषद ने इसे आगे बढ़ाया तभी से पूरे परिवार के लिए सांप्रदायिक शक्तियां शब्द प्रयोग होने



लगे। पहले विश्व हिंदू परिषद की एकात्मता यात्रा को जगह-जगह रोकने और बाधित करने की कोशिश हुई और बाद में लालकृष्ण आडवाणी की सोमनाथ से अयोध्या तक की रथ यात्रा को। रथ यात्रा के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय तक मामले ले जाए गए। यह अलग बात है कि आडवाणी इतना सधा हुआ भाषण देते थे कि न्यायालय को इसमें कुछ भी आपत्तिजनक, सांप्रदायिक या किसी कम्युनिटी को भड़काने जैसा नहीं मिला। ज्यादातर समाचार पत्रों-पत्रिकाओं ने इसके विरुद्ध ही तेवर अपनाया तथा कई ने तो अपनी पत्र-पत्रिका को ही राम मंदिर आंदोलन विरोधी अभियान का हिस्सा बना दिया। उस समय टेलीविजन या इंटरनेट का दौर नहीं था इस कारण आपको तब की सामग्रियों के लिए थोड़ा शोध करना पड़ेगा। ऐसा माहौल बनाया गया मानो संघ और भाजपा देश में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच संघर्ष कराकर गृह युद्ध की स्थिति पैदा करना चाहती है। चाहे न्यायालय में मुकदमे लड़ने वाले हों या फिर अन्य तरीकों से श्रीराम मंदिर के पक्ष में काम करने वाले, सबका उपहास उड़ाया गया, लेकिन धीरे-धीरे जनता का व्यापक समर्थन मिला और मामला सघन हुआ तो न्यायालय तक में बड़े-बड़े वकील इसके विरोध में खड़े होने लगे। राजधानी दिल्ली की पत्रकारिता और बौद्धिक क्षेत्र का वातावरण इतना डरावना था कि कोई सामान्य पत्रकार, लेखक, बुद्धिजीवी, अयोध्या आंदोलन या श्रीराम मंदिर के पक्ष में बोलने का साहस तक नहीं कर सकता था। ऐसा करने का अर्थ था उसके करियर का नष्ट हो जाना। कुछ को इसका खामियाजा भुगतना भी पड़ा। 6 दिसंबर, 1992 के बाबरी विध्वंस के बाद राम मंदिर समर्थकों के विरुद्ध आतंककारी वातावरण बन गया था। राजधानी दिल्ली में हर दिन कहीं न कहीं गोष्ठियां होती थी जिनमें एक ही तर्क होता था कि योजनाबद्ध तरीके से षड्यंत्र कर ढांचे को ध्वस्त किया गया है। इसे विश्व भर में हिटलर और मुसोलिनी के समानांतर फासिस्टवाद की डरावनी घटना साबित किया गया। आज कहा जा रहा है कि राम सबके हैं और मंदिर से किसी का विरोध नहीं है किंतु भाजपा और तत्कालीन बाल ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को छोड़ दीजिए तो किसी भी पार्टी का एक शब्द आपको श्रीराम मंदिर के समर्थन में नहीं मिलेगा। बाबरी विध्वंस के बाद भाजपा की तीन सरकारें बर्खास्त कर दीं गईं और माहौल ऐसा बना जिसमें माना गया कि भाजपा की सत्ता में वापसी नहीं होगी। भाजपा और संघ परिवार के नेता रायबरेली न्यायालय में बाबरी ध्वंस का मुकदमा झेलते रहे तो दूसरी और श्रीराम मंदिर बनाम बाबरी मस्जिद सिविल वाद में भी संगठन परिवारवादी न होते हुए भी पूरी ताकत लगा दी। तब जाकर जिला सिविल न्यायालय से लेकर उच्च और उच्चतम न्यायालय तक मामला गंभीरता से लड़ा जा सका।

यह भी स्वीकार करने में आपत्ति नहीं होनी चाहिए कि केन्द्र में भाजपा की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार नहीं होती तथा यूपी में गैर भाजपा सरकार होती तब भी मंदिर का निर्माण नहीं हो पता। न्यायालय का फैसला पड़ा रहता। यूपी में भाजपा की सरकार है, योगी आदित्यनाथ की मंदिर निर्माण में अटूट आस्था है तथा उपमुख्यमंत्री में भी केशव प्रसाद मौर्य विहिप से निकले हैं, इसलिए संकल्प के साथ समय सीमा तय करके मंदिर निर्माण पूरा किया जा रहा है। दिसंबर 2023 या जनवरी 2024 तक गर्भगृह का संपूर्ण निर्माण कर प्राण प्रतिष्ठा का लक्ष्य तय हुआ और यह साकार हो रहा है। इसमें अगर भाजपा को इसका लाभ मिल रहा है तो इसमें आश्चर्य का कोई विषय नहीं है। दूसरे दलों ने पहले भी इसी तरह का रवैया अपनाया और आज उनके सामने अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने का अवसर था जिससे वे चूक रहे हैं, किंतु इससे विचलित होने की बजाय प्राण प्रतिष्ठा के साथ पूरे देश का सकारात्मक माहौल हमारे लिए आत्मसंतोष और प्रेरणा का कारण बनना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## हर मानव में शुभ व अशुभ इच्छाएं



संकलित
**दर्शन**

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है, लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है। *-श्री श्री रविशंकर*

## कभी धन और पद का घमंड न करें



संकलित
**प्रेरणा**

देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास बहुत धन-संपत्ति थी। कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। एक दिन कुबेर घमंड के साथ ही शिवजी के पास पहुंच गए और शिवजी से कहा कि मैं आपको अपने महल में खाने के लिए आमंत्रण देने आया हूं। शिवजी ने सोचा कि कुबेर देव का घमंड दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो नहीं आ सकता, लेकिन आप गणेश को ले जाइए और ध्यान रखना गणेश खाने में जल्दी तृप्त नहीं होते हैं। कुबेर देव को अहंकार तो था ही, उन्होंने कह दिया कि मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेशजी को भी तृप्त कर सकता हूं। शिवजी गणेश को कुबेर देव के यहां भोजन करने भेज दिया। गणेशजी कुबेर देव के महल पहुंच गए। कुबेर देव ने गणेश के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और खाना परोसना शुरू कर दिया। गणेशजी लगातार खाते ही जा रहे थे, लेकिन उनका पेट नहीं भर रहा था। गणेशजी तृप्त नहीं हुए, लेकिन कुबेर देव के यहां का अन्न का भंडार खाली हो गया। गणेशजी को और भूख लग रही थी। कुबेर देव निराश होकर तुरंत ही शिवजी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेशजी भी शिव जी के पास पहुंच गए। शिवजी ने देवी पार्वती से गणेशजी के खाने के लिए कुछ लाने को कहा। पार्वतीजी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेशजी शांत हो गए। ये देखकर कुबेर देव को अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने शिवजी से क्षमा मांगी और घमंड न करने का संकल्प लिया।

## सटाका




## आज की पाती

### युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार का दायित्व

भारत के संविधान में राज्यनीति के निर्देशक सिद्धांतों में कहा गया है कि युवाओं को आजीविका उपलब्ध करवाना सरकार का दायित्व है। इस संबंध में कमी यह है कि राज्यनीति के निर्देशक सिद्धांत कानूनी रूप से सरकार के लिए बाध्य नहीं हैं। व्यवस्था यह होनी चाहिए कि अगर सभी निर्देशक सिद्धांत नहीं, तो कम से कम आजीविका वाला सिद्धांत ही सही, इसे कानूनी रूप से सरकार के लिए अनिवार्य दायित्व बनाया जाना चाहिए। राजनीति दलों को भी चाहिए कि वे रोजगार उपलब्ध करवाना अपना पहला एजेंडा बनाएं, क्योंकि अगर युवाओं को रोजगार मिल जाता है, तो इससे कई समस्याएं एक साथ हल हो जाती हैं। युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के नाम पर हजार-दो हजार दे देना कोई ठोस नीति नहीं है। *- बसंत पाठक, बलौदाबाजार*


## ट्रेंड

### गुमराह कर रहे



'गरीबी हटाओ' के खोखले नारों के सात दशक बनाम जीवन को आसान बनाने और निचले स्तर को सशक्त बनाने के 9 साल। जिन लोगों ने 'गरीबी हटाओ' के साथ देश को गुमराह किया, वे फिर से 'न्याय यात्रा' के माध्यम से गुमराह कर रहे हैं।
**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**

### युद्धविराम की जरूरत



हमें गाजा में तत्काल मानवीय युद्धविराम की जरूरत है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि जहां जरूरत है वहां पर्याप्त सहायता पहुंचे। बंधकों की रिहाई को सुविधाजनक बनाने के लिए। व्यापक युद्ध की लपटों को शांत करने के लिए।
**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### यह सच है



ऐसा लगता है जैसे ट्रंप ने अभी आयोवा जीता है। वह इस बिंदु पर दूसरी ओर स्पष्ट रूप से अग्रणी धावक है, लेकिन बात यह है: यह चुनाव आप और मैं बनाम चरम एमएजीए रिपब्लिकन होने वाला था। यह कल भी सच था और कल भी सच होगा।
**-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति**

### मनुष्य में असीमित सामर्थ्य



मनुष्य असीमित सामर्थ्य का प्राणी है, किंतु कर्तापन का अभिमान जीवन की संभावनाओं को धूमिल कर देता है। जो कुछ भी हमें प्राप्त है वह भगवान का अनुग्रह है। प्राप्त पदार्थों के प्रति कृतज्ञता के भाव से विनयशीलता आती है और विनय पात्रता प्रदान करती है।
**- अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

## करंट अफेयर


# नवाज शरीफ दो अंपायरों के सहयोग से चुनाव लड़ रहे



पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले अपनी पार्टी को उसके चुनाव चिह्न 'बल्ला' से वंचित किए जाने पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उच्चतम न्यायालय पर परोक्ष रूप से तंज कसा और आरोप लगाया कि नवाज शरीफ दो अंपायरों के सहयोग से चुनाव लड़ रहे हैं। जेल में बंद इमरान खान ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रमुख नवाज शरीफ दो अंपायरों के सहयोग से चुनाव लड़ रहे हैं जिनमें से एक ने हाल ही में उनके खिलाफ 'नो बॉल' का इशारा किया ताकि उनकी पार्टी को चुनाव में हाशिये पर धकेला जा सके। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होने वाले हैं। उच्चतम न्यायालय का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान ने उनकी पार्टी को दरकिनार करने के लिए 'लंदन योजना' पर दोष मढ़ा। डॉन अखबार की एक रिपोर्ट के अनुसार, तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद सोमवार को रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में पत्रकारों से बातचीत में 71 वर्षीय खान ने कहा कि तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ हमेशा अपनी पसंद के 'अंपायरों' के साथ मैच खेलते हैं।

## ऑफ बीट

# क्या तकनीक हमारी हवा को साफ़ कर सकती है?



2018 में, घर में हवा को साफ करने के उद्देश्य से उत्पादों के साथ-साथ वायु-गुणवत्ता सेंसर में रुचि को बढ़ावा मिला। मुझे तब आश्चर्य हुआ कि क्या वायु निस्पंदन यूरोप में गति पकड़ेगा और क्या यह पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ या सामाजिक रूप से न्यायसंगत है। वह पूर्व-कोविड का समय था। जबकि इनडोर एयर फिल्टर अभी भी सर्वव्यापी नहीं हैं, मैंने 2018 में जितना अनुमान लगाया था उससे कहीं अधिक आज मैं देख रहा हूं। मेरा भविष्य का अनुमान लगाने का कौशल बहुत खराब है। यह सब मायने रखता है क्योंकि, विभिन्न इंजीनियरिंग सफलताओं को देखते हुए, अधिकांश अमीर देशों में दहन से पारंपरिक वायु प्रदूषण कणों (तथाकथित पीएम 2.5) का उत्सर्जन एक सदी या उससे अधिक में सबसे कम है। वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोत बदल रहे हैं, वाहन उत्सर्जन में सुधार हो रहा है और नियंत्रण के लिए कम बड़े औद्योगिक उत्सर्जक बचे हैं। वायु प्रदूषण सार्वजनिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाला सबसे बड़ा वैश्विक पर्यावरणीय कारक बना हुआ है, लेकिन दैनिक जीवन में प्रदूषण और इसके बारे में क्या करना है, इस पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

प्रदेश के सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता करेंगे दीवार लेखन

# जन-जन की आवाज, पीएम मोदी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी: विष्णुदत्त

**2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज**

**भाजपा ने शुरू किया दीवार लेखन अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनहितैषी योजनाओं से आज हर वर्ग खुश है, तो वहीं वैश्विक पटल पर भारत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। आज जन-जन के मन से एक ही आवाज निकलती है कि प्रधानमंत्री मोदी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है।

मुझे आशा ही नहीं, अपितु पूर्ण विश्वास है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से मोदी सरकार प्रचण्ड बहुमत से बनकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में जुटेगी। यह बात प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने 15 जनवरी से देश भर में दीवार लेखन अभियान शुरू किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार नई दिल्ली से एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भोपाल में शिवाजी नगर के वार्ड क्रमांक 45, बूथ क्रमांक 159 से मध्यप्रदेश में दीवार लेखन अभियान का शुभारंभ किया।

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने दीवार पर अपने हाथ से कमल का फूल बनाया और ''एक बार फिर से मोदी सरकार'' स्लोगन लिखा। इसके बाद् प्रदेश के सभी जिलों में पार्टी के जिलाध्यक्षों ने दीवार लेखन अभियान का शुभारंभ किया।



*प्रदेश अध्यक्ष ने दीवार पर अपने हाथ से कमल का फूल बनाया, लिखाः ''एक बार फिर से मोदी सरकार''*

*दिल्ली से भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष, भोपाल से प्रदेश अध्यक्ष ने किया दीवार लेखन अभियान का शुभारंभ*



### हनुमान मंदिर में दर्शन कर स्वच्छता अभियान में भाग लिया

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने दीवार लेखन के बाद शिवाजी नगर स्थित केसरी नंदन हनुमान मंदिर में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर दर्शन कर देश एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और प्रगति की कामना की। देश भर में मंदिरों में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने हनुमान मंदिर परिसर में सफाई की। प्रदेश अध्यक्ष ने जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता के आह्वान से जुड़कर अपने आसपास के मंदिरों में सफाई अभियान चलाए और 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मंगल अवसर पर अपने निवास पर रामज्योति जलाकर उत्सव मनाएं।

## खबर संक्षेप

### छग हाईकोर्ट में सात एडिशनल एजी नियुक्त

**बिलासपुर।** राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में एडवोकेट जनरल के बाद अब एडिशनल एडवोकेट जनरल, डिप्टी एडवोकेट जनरल, गवर्नमेंट एडवोकेट, उप शासकीय अधिवक्ता और पैनल वकीलों की नियुक्ति की है। विधि विधायी विभाग से जारी आदेश में 7 एजी, 7 डिप्टी एजी, 16 गवर्नमेंट एडवोकेट, 12 डिप्टी गवर्नमेंट एडवोकेट के साथ ही 22 पैनल लॉयर बनाए गए हैं। महाधिवक्ता कार्यालय में पदस्थ कुछ अतिरिक्त महाधिवक्ता, उप महाधिवक्ताओं समेत शासकीय और उप शासकीय अधिवक्ताओं ने सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया था।

### महिला-बाल विकास के पुरस्कारों के आवेदन 25 तक होंगे जमा

**भोपाल ।** महिला-बाल विकास विभाग ने नारी सशक्तिकरण के लिए समाज सेवा, महिला सुरक्षा के लिए वीरता तथा साहसिक कार्यों के लिए व्यक्तिगत, संस्थागत और सामाजिक कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए 6 राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते है। विभाग ने वर्ष 2023 के इन पुरस्कारों के लिए 25 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। राज्य स्तरीय पुरस्कारों में 'रानी अवंती बाई वीरता पुरस्कार' के तहत वीरता के लिए एक लाख रुपए की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। समाज सेवा के लिए 'राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार', संस्था अथवा व्यक्ति की ओर से समाज सेवा के लिए 'विष्णु कुमार पुरस्कार' के लिए एक-एक लाख रुपए और प्रशास्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

उज्जैन में सीएम ने दिए भव्य विक्रमोत्सव 2024 की तैयारियों के निर्देश

# विद्यार्थियों को दें विक्रमादित्य की न्यायप्रियता दानशीलता और शौर्य की जानकारी: डॉ.यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में 8 मार्च से 9 अप्रैल तक आयोजित होने वाले विक्रमोत्सव 2024 के आयोजन की तैयारियों के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। महाराजा विक्रमोत्सव भव्य स्वरूप से आयोजित होगा। महाशिवरात्रि से वर्ष प्रतिपदा की अवधि में होने वाले विक्रमोत्सव में उज्जैन सहित निकटवर्ती जिलों के नागरिक भी शामिल होंगे। मेले में भारतीय सांस्कृतिक संबद्ध परिषद के सहयोग से भी ज्ञान और मनोरंजन के उद्देश्य से अनेक गतिविधियों का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में विक्रमोत्सव के व्यवस्थित और भव्य आयोजन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। आगामी महीनों में उज्जैन में व्यापार मेला भी लगेगा, जिसमें विभिन्न सेक्टर में उत्पादों के विक्रय की व्यवस्था होगी। व्यापार मेले में विविध सांस्कृतिक आयोजन होंगे। बैठक में स्कूल शिक्षा और परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा और संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा की प्रस्तुत

*मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सम्राट विक्रमादित्य की न्यायप्रियता, दानशीलता, उनके शौर्य और खगोल शास्त्र के ज्ञान से आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों को अवगत करवाया जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष विक्रमोत्सव के प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। प्रमुख सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला और निदेशक महाराज विक्रमादित्य शोधपीठ श्रीराम तिवारी ने विक्रमोत्सव के स्वरूप का विवरण दिया।*

### सम्राट के जीवन से परिचित करवाएं

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्राट विक्रमादित्य के जीवन के विभिन्न आयामों से परिचित करवाने वाली गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए। प्रस्तुतियों के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य के योगदान को प्रभावी ढंग से रेखांकित किया जाए, जिससे आमजन और विद्यार्थी इससे पूरी तरह परिचित हो सकें।पौराणिक फिल्मों सहित सम्राट विक्रमादित्य, रानी दुर्गावती और रानी अवंतिबाई के शौर्य से संबंधित नाट्य मंचन किया जाए।*

### ये प्रस्तुतियां प्रस्तावित

बैठक में जानकारी दी गई कि विक्रम उत्सव 2024 में प्रदर्शनी, आर्ष भारत, पुनर्नवा उज्जयिनी, मुद्रा एवं मुद्रांक के साथ ही गायन, चौरासी महादेव प्रदर्शनी, हस्तशिल्प मेला, लेजर शो, ड्रोन शो, अंतर्राष्ट्रीय इतिहास समागम, श्री कृष्ण लीलामृत, विभिन्न अंचलों के लोक नृत्य, बांसुरी वादन, भक्ति गायन, डांडिया रास, कथकली नृत्य, यक्षगान, मंदिरों में प्रभु श्रृंगार प्रतियोगिता, मूर्तिकला कार्यशाला प्रस्तावित है।

### वेधशाला के विद्यार्थियों के भ्रमण के आयोजन कराएं

*मुख्यमंत्री ने उज्जैन जिले में डोंगला स्थित वैधशाला के विद्यार्थियों के भ्रमण के साथ ही संवाद कार्यक्रम भी आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को साइंस सिटी का अवलोकन करवाने और जून और जुलाई महीनों में अवकाश की अवधि के लिए शैक्षणिक भ्रमण के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाए। इसमें अकादमिक और गैर-अकादमिक गतिविधियों का संचालन करते हुए विषय-विशेषज्ञों को जोड़ा जाए। योग दिवस 21 जून के अवसर पर भी कार्यक्रम किए जाएं।*

### डॉ.यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह की बहन के निधन पर जताया दुःख

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की बहन श्रीमती राजेश्वरी बेन के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को शांति एवं अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने और परिजन को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।*

### सिंहस्थ-2028 कुंभ मेला भव्य, दिव्य और अलौकिक स्वरूप में मनाया जाएगा

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में अंकपात मार्ग स्थित श्रीराम मन्दिर में दर्शन कर गादीपति तुलसीदास महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने तुलसीदास महाराज का गादीपति बनने पर स्वागत-वन्दन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 कुंभ मेला भव्य, दिव्य और अलौकिक स्वरूप में मनाया जाएगा। सनातन धर्म की ध्वजा लहरा रही है। उज्जयिनी के सम्राट विक्रमादित्य ने हजारों साल पहले अयोध्या में श्रीराम मन्दिर बनाया था। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प से अयोध्या में भव्य मन्दिर का निर्माण होने पर श्रीराम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिप्रा नदी में 2028 कुंभ मेले के पहले गन्दा पानी न मिले, इसकी पुख्ता कार्य योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने श्री चिन्तामन गणेश मन्दिर में भी पूजन-अर्चन कर दर्शन किए।*

सहकारिता मंत्री ने मंत्रालय स्थित कक्ष में कार्यभार ग्रहण कर की समीक्षा

# पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्री शाह के विजन और 54 पहल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के विजन एवं 54-पहल के क्रियान्वयन कार्य समय-सीमा में सुनिश्चित हों। इसके लिए कार्यालय में एक अलग से डेस्क बनाए।

मंत्री सारंग ने आज मंत्रालय में सहकारिता विभाग की समीक्षा की। मंत्री सारंग ने विभाग के महत्वपूर्ण आयाम एवं नवाचारों पर कार्य करने के आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने सहकारी संस्थाओं में बेहतर गवर्नेंस के लिये उपायों का निर्धारण एवं मॉनीटरिंग करने को कहा। उन्होंने विभागीय गतिविधियों में पारदर्शिता लाने के लिए तकनीकी का समावेश करने के निर्देश दिए। सारंग ने बैंकिंग व्यवस्था में वर्तमान स्थिति, चुनौतियों सहित भविष्य की कार्य-योजना पर भी चर्चा की। मंत्री सारंग ने सहकारिता चिंतन शिविर सहित सहकारिता में गुड कॉर्पोरेट गवर्नेंस व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।

### मंत्री सारंग ने किया कार्यभार ग्रहण

*मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को मंत्रालय स्थित अपने कक्ष में विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव स्मिता भारद्वाज सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर गणमान्य नागरिक, शुभचिंतक सहित उनके इष्ट-मित्रों ने भी बधाई दी।*

### इंटरनेट बैंकिंग और आरटीजीएस लागू हो

*उन्होंने सहकारी बैंक में इंटरनेट बैंकिंग आरटीजीएस को लागू करने को भी कहा। मंत्री सारंग ने ग्रामीण व्यवसाय को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक विकसित करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने युवाओं को रोजगार एवं स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करने को भी कहा। केन्द्र की योजनाओं पर मप्र की पहल की स्थिति का प्रजेंटेशन दिया गया, जिस पर आवश्यक दिशा-निर्देश मंत्री सारंग ने दिए।*

नक्सलियों के बम बनाने वाली फैक्ट्री तक पहुंचे जवान

# कांकेर-नारायणपुर की सीमा पर मुठभेड़ मौके से हथियारों का जखीरा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर जिले की सीमा पर मंगलवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। जवानों को सर्चिंग के दौरान बम और हथियार बनाने की फैक्ट्री का पता चला था। इसके बाद वहां जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। वहीं मंगलवार को ही दंतेवाड़ा में भी मुठभेड़ हुई जिसमें 5 लाख रुपए का इनामी नक्सली मारा गया है। मामला छोटे बेठिया थाना इलाके का है जहां माड़ एरिया में यह मुठभेड़ हुई। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग निकले। यहां पत्थर पर खून के छींटे भी मिले हैं। कुछ नक्सलियों के घायल होने या मारे जाने की खबर है। हालांकि मौके से कोई डेड बॉडी बरामद नहीं हुई है।

### बम बनाने की फैक्ट्री पर दी दबिश



जिस जगह पर मुठभेड़ हुई उस जगह पर नक्सलियों ने हथियार और मोर्टार बम बनाने की फैक्ट्री बना रखी थी। पुलिस ने मौके से दर्जनों मोर्टार और कई हथियार भी बरामद किए हैं। घटना की पुष्टि पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने भी की है। वहीं पखांजूर एएसपी प्रशांत शुक्ला ने बताया कि, नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर बीएसएफ की टीम और नारायणपुर पुलिस की संयुक्त टीम निकली थी।

### दंतेवाड़ा में भी मुठभेड़, 5 लाख का नक्सली ढेर

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में इंद्रावती नदी पार के जंगलों में भी पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में एसीएम रैंक के एक नक्सली को जवानों ने ढेर कर दिया है। इस पर 5 लाख रुपए का इनाम घोषित था। मारे गए नक्सली की बॉडी भी रिकवर कर ली गई है। मामला बारसूर थाना क्षेत्र का है। पुलिस को सूचना मिली थी कि इंद्रावती नदी पार के कौशलनार-मंगनार के जंगलों में हथियारों से लैस नक्सली मौजूद हैं। सूचना के बाद मंगलवार सुबह डीआरजी के जवानों को नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन पर निकाला गया था। जवान जैसे ही इस इलाके के जंगल में पहुंचे तो यहां पहले से मौजूद नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग कर दी।

# जो राजा हिंदुत्व का काम कर रहा, उसका साथ दें संत: कालीचरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महाराष्ट्र के संत कालीचरण ने शंकराचार्यों पर अमर्यादित बयान दिया है। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शंकराचार्यों के नहीं जाने पर उन्होंने ऐसी बातें कहीं, जो शंकराचार्य की गरिमा के खिलाफ हैं। रायपुर के विश्व हिंदू परिषद के कार्यालय में मंगलवार को कालीचरण ने कहा कि साधु-संत अपने अहंकार को चूल्हे में डालें और जो राजा हिंदुत्व का काम कर रहा है, उसका साथ दें। अहंकार के सामने भगवान भी दोयम हो जाते हैं। उन्होंने कांग्रेस की तुलना राक्षस से की।

### देश और यूपी के राजा ने बनवा दिया मंदिर



उन्होंने कहा कि, प्रत्येक चरण एक पूर्णता ही है। हम किसी भी रास्ते पर बढ़ रहे हैं, हर एक गंतव्य के तरफ बढ़ता हुआ कदम पूर्णता है। राम मंदिर का निर्माण होना भी हमारे लिए एक सपना था। हमें आशा ही नहीं थी कि बनेगा, लेकिन उत्तर प्रदेश और देश के राजा ने मंदिर बना दिया। साधु अपना अहंकार बाजू में रख, राजा का साथ दें उन्होंने कहा कि, पहली मंजिल बन गई है तो हमारे लिए राम मंदिर बन गया है। पहले हिंदुओं के हाथ में जगह नहीं थी। अब जगह भी हाथ में आ गई है और मंदिर बन गया। उन्होंने कहा कि, सभी साधुओं से आह्वान करता हूं कि अपने अहंकार को बाजू में रखें और राजा का साथ दें।

### कांग्रेस को बताया राक्षस

कांग्रेस के अयोध्या के निमंत्रण ठुकराने के सवाल पर कालीचरण महाराज ने कहा कि 'भूत पिशाच निकट नहीं आवें, महावीर जब नाम सुनावें।' जिन्होंने राम का विरोध कर दिया वे राक्षस हैं। भगवान के पास राक्षस कैसे जाएंगे। भगवान के पास राक्षस नहीं जा सकते क्योंकि वहां हनुमान जी हैं।

# छत्तीसगढ़ आप अध्यक्ष कोमल हुपेंडी का इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके साथ 6 पदाधिकारियों ने भी पार्टी को छोड़ दिया है। 'आप' के इंडिया गठबंधन में शामिल होने से नाराज चल रहे थे हुपेंडी के साथ बाकी नेता। कोमल हुपेंडी के मुताबिक इंडिया गठबंधन के कारण छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में पार्टी को नुकसान हुआ था।

6 पदाधिकारियों ने भी छोड़ी पार्टी, 'आप' के इंडिया गठबंधन से नाराज चल रहे थे



### इन्होंने दिया इस्तीफा

कोमल हुपेंडी -प्रदेश अध्यक्ष
आनंद प्रकाश मिरी - वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
विशाल केलकर - प्रदेश सचिव
रविंद्र सिंह ठाकुर - प्रदेश अध्यक्ष यूथ विंग
धरम भार्गव - प्रदेश अध्यक्ष एस सी विंग
कमल कांत साहू - प्रदेश अध्यक्ष ओ बी सी विंग
बसंत कुजूर - प्रदेश अध्यक्ष एस टी विंग

# फेसबुक में फैशन शो रजिस्ट्रेशन के बहाने ठगी

**रायपुर।** राजधानी में एक महिला फेसबुक में फैशन शो रजिस्ट्रेशन के बहाने ठगी का शिकार हो गई। ठग ने महिला को जाल में फंसाने के लिए पहले लाभ के तौर पर डेढ़ सौ रुपए दिए फिर महिला से कई किश्तों में 17 लाख रुपए वसूल लिए। ये पूरा मामला रायपुर खम्हारडीह थाना क्षेत्र का है।

पूजा पंजवानी ने खम्हारडीह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उन्हें फेसबुक में एक विज्ञापन के माध्यम से बच्चों के फैशन शो के बारे में पता चला, जिसका नाम इंडिया किड्स मॉडल (आईकेएम) था। महिला ने अपने बेटे विद्यासागर पंजवानी का रजिस्ट्रेशन कराया। ठग ने उनके बेटे की डिटेल और तीन फोटोग्राफ्स मांगे फिर महिला को एक टेलीग्राम आईडी दी। इसमें उसे मैसेज करने पर एक ग्रुप में जोड़ा गया। महिला को ठग ने कहा कि सोशल मीडिया में वेबसाइट को हर एक बार लाइक करने के 50 रुपए मिलेंगे।

मैसेज भेजकर डाउनलोड करा रहे ऐप

# राम मंदिर में वीआइपी एंट्री के नाम पर साइबर स्कैम, अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

22 जनवरी को राम मंदिर में वीआईपी एंट्री कराने के नाम पर साइबर स्कैम चल रहा है। मोबाइल पर राम जन्मभूमि गृहसंपर्क अभियान ऐप के नाम से फाइल बनाकर मैसेज भेजा जा रहा है। फाइल को डाउनलोड करते ही लोग ठगी के शिकार हो सकते हैं। बिलासपुर पुलिस ने इस तरह के किसी भी ऐप को डाउनलोड करने से बचने को कहा है। सीएसपी पटेल ने बताया कि बिना जाने समझे इस तरह के ऐप को डाउनलोड करना जोखिम भरा है। इसमें ऐसे सॉफ्टवेयर भी हो सकते हैं, जो लोगों के पर्सनल डेटा चुरा सकते हैं।


चंदखुरी में 8वीं शताब्दी में मंदिर का निर्माण, अब उत्सव की तैयारी

# छत्तीसगढ़ में मां कौशल्या की गोद में विराजते हैं रामलला, यहीं है ननिहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अयोध्या से करीब 786 किमी दूर भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ के चंदखुरी में भी महोत्सव मनाने की तैयारी है।

यहां स्थित कौशल्या धाम देश का इकलौता मंदिर है, जहां भगवान राम बाल रूप में अपनी मां की गोद में विराजमान हैं। मंदिर का जलसेन तालाब के बीचो बीच बना है। इसका निर्माण 8वीं शताब्दी में किया गया था। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन कौशल्या धाम में मानस ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस यज्ञ में श्रद्धालु भी शामिल हो सकेंगे। इसके बाद भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर समिति के सदस्यों की ओर से श्रद्धालुओं को 22 जनवरी को कौशल्या धाम पहुंचने और माता के दर्शन के लिए निमंत्रित किया जा रहा है।



### माता कौशल्या का जन्म स्थान माना जाता है चंदखुरी गांव

इतिहासकारों के अनुसार, चंदखुरी (चंद्रपुरी) गांव को माता कौशल्या का जन्म स्थान माना जाता है। महाकौशल के राजा भानुमंत की बेटी कौशल्या का विवाह अयोध्या के राजा दशरथ से हुआ था। विवाह में भेंट स्वरूप राजा भानुमंत ने बेटी को 10 हजार गांव दिए थे। इसमें चंद्रपुरी भी शामिल था। भगवान राम के वनवास से आने के बाद उनका राज्याभिषेक किया गया। मान्यता है कि, उसके बाद तीनों माताएं कौशल्या, सुमित्रा और कैकयी तपस्या के लिए चंदखुरी पहुंचीं और तालाब के बीच विराजित हो गईं।

## मठ मंदिरों की साज सज्जा शुरु, धार्मिक समितियां आयोजनों की तैयारियों में जुटी

# भगवा रंग में रंगा शहर राममय नजर आने लगा

जबलपुर। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर जबलपुर में अभी से जश्न का माहौल नजर आने लगा है। वाहनों में और घरो में धर्म ध्वजा लहराने लगी हैं। सभी दुर्गोत्सव और गणेश उत्सव समितियों के साथ-साथ मठ मंदिरों में रंग रोगन और साज सज्जा का काम पूरा किया जा रहा है। 20 जनवरी से आयोजनों के श्रृंखला शुरु हो जाएगी। जगह-जगह अखंड रामायण पाठ, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, के साथ-साथ प्रसादी वितरण और भंडारे का आयोजन भी दशहरे के तर्ज पर किये जा रहे हैं। तो वहीं दिवाली के तर्ज पर दीपोत्सव मनाने की तैयारी घर-घर में की जा रही हैं। न केवल सरकारी इमारतों, मठ मंदिरों में बल्कि घरों में भी रोशनी की जा रही हैं। सरकार भी पूरे प्रदेश को राममय बनाने में जुट गई हैं। पूरे प्रशासनिक अमले को मठ मंदिरों के स्वच्छता अभियान में झोंक दिया हैं। भजन मंडलियों से संपर्प कर भजन कीर्तन के आयोजन करने उन्हें प्रेरित किया जा रहा हैं।



### प्रभु श्रीराम टी-शर्ट की जबरदस्त डिमांड

हर कोई राम के रंग में रंगा दिख रहा है। हर कोई केसरिया रंग से रंगा नजर आ रहा हैं। 22 जनवरी को केसरिया कुर्ता पैजामा सिलवा रखा है तो वहीं बड़ी संख्या में बाजार में राम की प्रतिकृति टी-शर्ट, जयश्री राम लिखी टी-शर्ट और श्री राम की चित्र वाली टी-शर्ट की जबरदस्त डिमांड में हैं। केसरिया टोपी भी खूब बिक रही हैं।

### 20 से 22 तक रहेगा जश्न

राज्य सरकार द्वारा 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की तैयारी कर ली गई है। आज कल में आदेश जारी हो जायेंगे। जबकि 20 जनवरी को शनिवार और 21 जनवरी को रविवार का अवकाश रहेगा। 22 जनवरी को अवकाश घोषित होने पर लगातार तीन दिन शासकीय अवकाश हो जाएगा। इस दौरान स्कूल, कॉलेज सब बंद रहेंगे। लिहाजा लोगें का उत्साह दुगुना होगा और इस अवकाश का उपयोग राम की सेवा में किया जाएगा।

### बड़ी महाकाली में सजेगा भव्य दरबार

श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति गढ़ाफाटक कालीधाम में 21 जनवरी से भव्य आयोजन होंगे। तीन दिन के लिए पूरा क्षेत्र सजाया जाएगा। मंदिर प्रांगण में अंखड रामायण पाठ, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है। जिसके समापन पर 23 जनवरी को विशाल भंडारा अयोजित किया जाएगा। गत दिवस समिति की बैठक में विस्तार से कार्यक्रमों पर चर्चा की गई और रुपरेखा निर्धारित की गई। भव्य राम दरबार भी लगाया जायेगा। घर-घर भगवा ध्वज लहराए जायेंगे।

### मालवीय चौक में होगा सुंदर काण्ड एवं बैंड वादन

अयोध्या में नवनिर्मित भगवान श्रीराम मंदिर के लोकार्पण एवं रामलला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर समरसता सेवा संगठन द्वारा सर्व समाज की सहभागिता से आगामी 22 जनवरी को सामूहिक सुंदर काण्ड पाठ एवं बैंड की मधुर धुन की प्रस्तुति से राम स्तुति का कार्यक्रम एवं राम भोग के वितरण का आयोजन शहर के हृदय स्थल मालवीय चौक में किया जाएगा, यह निर्णय समरसता सेवा संगठन की बैठक में लिया गया।समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया हम सभी सौभाग्यशाली है कि 500 वर्षे की प्रतीक्षा के बाद भगवान श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजने वाले है और जैसा कि 22 जनवरी को पूरा देश राममय होगा तब संस्कारधानी में भी समरसता सेवा संगठन द्वारा सर्व समाज की सहभागिता से सामूहिक सुंदर काण्ड पाठ का संगीतमय आयोजन किया जाएगा साथ ही बैंड दल द्वारा संगीतमय धुनों की प्रस्तुति दी जायेगी।

### गोविंदगंज रामलीला की तैयारी

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के तहत गोविंदगंज रामलीला समिति द्वारा चार दिवसीय भव्य आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि 20 जनवरी से प्रारंभ आयोजन 23 जनवरी तक चलेंगे। पहले दिन प्रो.हरिशंकर दुबे, जनार्दन शुक्ला, वासुदेव शास्त्री श्रीराम जन्म का आध्यात्मिक रहस्य विषय पर प्रवचन देंगे। 21 जनवरी को सभी पवित्र नदियों के जल से भरे कलश की प्राणप्रतिष्ठा होगी। 22 जनवरी को इसी जल से भगवान का अभिषेक और राम जन्म सहित अन्य आयोजन हेंगे। जबकि 23 जनवरी को महाआरती भंडारा का आयोजन होगा। समिति के मंगू गोयल, राकेश पाठक, पिंटू तिवारी, विजय सरावगी, मनीष पाठक तैयारियों को अंतिम रुप दे रहे हैं।

### हाई कोर्ट के हनुमानजी को लगेगा 51 किलो लड्डुओं का भोग

अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को हाई कोर्ट में उत्सव का माहौल रहेगा। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के सचिव हाई कोर्ट के हनुमान की महाआरती करें, साथ ही हनुमान चालीसा पाठ का भी आयोजन होगा। इसी के साथ हनुमान को 51 किलो लड्डुओं व हलुआ का भोग अर्पित कर सभी अधिवक्ताओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। हम सबके राम-जय सियाराम शीर्षक इस आयोजन की पूर्व तैयारी कर ली गई है। इसके तहत अयोध्या में श्रीराम के वंदन-अभिनंदन के लिए प्रत्येक अधिवक्ता से सोत्साह शामिल होने अपील की गई है। सचिव परितोष त्रिवेदी ने बताया कि अधिवक्ताओं व उनके परिवार जनों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि व शांति के लिए स्वस्ति-वाचन किया जाएगा।

### बड़ी खेरमाई ट्रस्ट निकालेगा श्रीरामलला की रथयात्रा

22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री बड़ी खेरमाई मंदिर ट्रस्ट द्वारा रामलला की रथयात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है। बैठक में इस यात्रा पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में तय किया गया कि श्री रामलला की रथयात्रा 22 जनवरी सोमवार को दोपहर 1 बजे बड़ी खेरमाई मंदिर से प्रारंभ होकर हनुमानताल, दीनानाथ क्रॉसिंग, तमरहाई चौक मिलौनीगंज चौक घोड़ा नक्कास का भ्रमण करते हुए वापस बड़ी खेरमाई मंदिर परिसर पहुंचेगी। बैठक में शरद अग्रवाल कार्यकारी अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा सचिव अनिल पाल उपाध्यक्ष आशीष त्रिवेदी जयकांत उपाध्याय सुरेश आहूजा महेंद्र जांगड़े दीपचंद विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# विवाह के शुभ मुहूर्त आज से प्रारंभ, खूब बजेगी शहनाईयां

## 15 मार्च से खरमास लगने के चलते बन्द हो जाएंगे विवाह

जबलपुर।



विवाह के शुभ मुहूर्त का इंतजार कर रहे लोगों के लिए खुश खबरी है। आज से फिर विवाह की शहनाइयां गूंजने लगेगी क्योंकि विवाह के शुभ मुहूर्त आज से प्रारंभ हो रहे हैं। फिर 15 मार्च से खरमास लगने के चलते विवाह बन्द हो जाएंगे। दिसंबर से शुरू हुआ खरमास सूर्य के मकर राशि में संक्रमण के साथ ही समाप्त हो गया। इसके बाद विवाह समारोहों पर लगा विराम हट जाएगा। जनवरी महीने में 16,17,20,21, 22, 27, 28, 29, 30, 31 तारीख को तथा फरवरी में एक, दो, तीन, चार, पांच, छह, सात, आठ, 12, 13, 14,17, 18, 19, 23, 24, 25, 26, 27, 29 तारीख को वहीं मार्च महीने में एक, दो,तीन, चार, पांच, छह, सात, 11, 12 को विवाह का शुभ मुहूर्त बताया गया है। इसके चलते अभी से शहर के मैरिज गार्डन, बारातघर व होटलों की बुकिंग फुल हो गई है। टैंट, बैंड व अन्य जरूरी बुकिंग जोरों पर चल रही है। विवाह की खरीदारी का दौर जारी है। सराफा बाजार में विवाह के लिए आभूषण खरीदने लोग उमड़ रहे हैं। सराफा व्यापारियों के अनुसार बीते एक सप्ताह से सराफा बाजार में बिक्री बढ़ गई है। जनवरी के पहले सप्ताह में हुई बारिश व बिगड़े मौसम के मद्देनजर वाटर प्रूफ टैंट, मंडप की डिमांड अधिक है। मैरिज गार्डन, बारातघर के संचालकों के अनुसार जनवरी में विवाहों के आयोजन के लिए शहर के मैरिज गार्डन और मैरिज हाल तैयार हैं। 16 जनवरी से 12 मार्च के बीच इन मैरिज गार्डन व बारातघरों को 2 हजार से अधिक बुकिंग मिली हैं।

# पत्रोपाधि अभियंताओं ने की चीफ इंजीनियर से समस्याओं पर चर्चा

जबलपुर।



मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ ने जबलपुर क्षेत्र के नवनियुक्त मुख्य अभियंता केएल वर्मा से सौजन्य भेंट कर पुष्पगुच्छ व पुष्पहारों से उनका स्वागत किया और अभियंताओं की समस्याओं पर चर्चा की। पत्रोपाधि अभियंता संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाअध्यक्ष इंजीनियर अशोक जैन ने बताया कि सभी अभियंताओं साथियों द्वारा नव नियुक्त अभियंता का पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान नव नियुक्त मुख्य अभियंता श्री वर्मा से संघ सदस्यों ने अभियंताओं और कर्मचारियों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा कर उन्हें अवगत कराया कि पर्याप्त संसाधनों और स्टॉफ की कमी के कारण कार्य में व्यवहारिक कठिनाईयां आ रही हैं। चर्चा के दौरान कहा गया कि कनिष्ठ अभियंता विद्युत कंपनी की रीढ़ की हड्डी है। उनके हितों का संरक्षण किए बगैर कंपनी अपने लक्ष्य को नहीं पा सकती। कनिष्ठ अभियंताओं का ही उपभोक्ताओं से सीधा संवाद होता है। इस अवसर पर इंजीनियर अशोक जैन, स्वर्ण सिंह मनकोटिया, केके असाटी, नृपेंद्र सिंह, सीके लखेरा, राजीव चौधरी, मनोज दुबे, पवन गुप्ता, असलम अंसारी, रजन पांडे, पवन यादव, उमंग राय, सियाराम नायक, योगेश पटैल, विवेक नेमा, रजीत यादव, अभिषेक चौकसे आदि उपस्थित थे।

# अतिरिक्त कक्षायें लगाकर करें विद्यार्थियों की विषयवार कठिनाइयों का निराकरण : सीईओ



**जबलपुर**। अर्धवार्षिक परीक्षाओं में ग्रामीण क्षेत्र की अपेक्षा शहरी क्षेत्र की शालाओं के कमजोर प्रदर्शन को देखते हुये जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती जयति सिंह ने आज मंगलवार को मानस भवन स्थित स्मार्ट सिटी के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में शहरी क्षेत्र के प्राचार्यों, जनशिक्षकों, विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयकों एवं विकासखण्ड अकादमिक समन्वयकों को विद्यार्थियों के स्तर के अनुसार अकादमिक उन्नयन हेतु अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी भी मौजूद थे। जिला पंचायत की सीईओ ने बैठक में कहा कि वार्षिक परीक्षाओं के पूर्व गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं संस्कृत जैसे विषयों के अभ्यास पेपर तैयार कर विद्यार्थियों के टेस्ट लिये जायें तथा जहां भी छात्र-छात्राओं को कठिनाइयां आ रही हैं, अतिरिक्त कक्षायें लगाकर उनका निराकरण किया जाये। उन्होंने इन विषयों का रिवीजन कराने पर भी जोर दिया तथा मॉनिटरिंग कर्ताओं को भी स्कूलों के सतत निरीक्षण कर शिक्षकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों पाठ्यक्रम की स्थिति, अतिरिक्त कक्षाओं, अभ्यास पेपर हल कराये जाने की निरीक्षण रिपोर्ट को प्रति दिन गूगल फॉर्म के माध्यम से अपलोड करने आदेशित किया। जिला पंचायत की सीईओ ने कहा कि अब जबकि वार्षिक परीक्षायें नजदीक हैं सभी शालाओं में परीक्षा परिणाम में सुधार लाने तैयार की गई कार्य योजना पर और ज्यादा ध्यान दिये जाने की जरूरत है। श्रीमती सिंह ने कहा कि शिक्षक पूरे समय विद्यालयों में उपस्थित रहें एवं छात्र-छात्राओं की भी शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। सभी शिक्षक शेष रह गया पाठ्यक्रम अतिशीघ्र पूर्ण करायें। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम में सुधार लाने किये जा रहे अकादमिक कार्यों की वार्षिक परीक्षाओं तक शालावार, जनशिक्षा केंद्रवार एवं ब्लॉकवार सतत समीक्षा की जायेगी ।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी सहित समस्त एपीसी बीआरसी, बीएसी, जनशिक्षक उपस्थित रहे।

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने मांगी मोहलत

## ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने परिवहन मंत्री को लिखा पत्र

**जबलपुर**। जबलपुर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने प्रदेश के परिवहन मंत्री रावउदय प्रताप सिंह को पत्र लिखकर मांग की गई है कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए ट्रक, बस चालको को कम से कम 6 महीनें का समय दिया जाए। एसोसिएशन ने परिवहन मंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि मध्य प्रदेश में लाखों की संख्या में ट्रक बस कार एवं अन्य वाहन है इन सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट द्वार 15 जनवरी की समय सीमा तय की गई थी, लिहाजा 15 जनवरी के बाद से मप्र में वाहनों की चेकिंग प्रारंभ हो जाएगी और ट्रक बस एवं अन्य वाहन संचालकों को अत्यधिक परेशानी एवं आर्थिक दंड का सामना करना पड़ेगा। यह की परिवहन विभाग द्वारा कोई भी एजेंसी नियत नहीं की गई है जहां से सभी वाहन मलिक हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट सुविधा से प्राप्त कर सकें अभी वाहन चालकों को यह भी ज्ञान नहीं है की यह किस तरीके से नंबर प्लेट प्राप्त की जाए क्योंकि बहुत सारे वाहन मालिक अभी इस प्रक्रिया को समझ नही पाए है, ज्यादा पढ़े लिखे नहीं है और कंप्यूटर का सामान्य ज्ञान भी उन्हें नहीं है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट प्रदान करने वाली कंपनियों के पास इतने कम समय में सभी मध्य प्रदेश के वाहन मालिकों को हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट उपलब्ध करा सके असंभव है। परिवहन मंत्री से आग्रह किया गया है कि इन विषम परीस्थितियों को देखते हुए वाहनों मालिकों और चालकों को 6 महीनें का समय दिया जाए। एसोसिएशन के परमवीर सिंह, सुधीर भागचंदानी ,संजय जैन, प्रिंसी बांग, विराग पौराणिक, कुलबीर सिंह, राजेश जैन, नरेंद्र सिंह अरोड़ा, श्याम गुप्ता टीटू कपूर ,तजिंदर सिंह, आदि ने परिवहन मंत्री से यह मांग की हैं।

### जिला पंचायत सीईओ ने की डाईट के अकादमिक कार्यों की समीक्षा

**जबलपुर**। जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती जयति सिंह ने मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) में आयोजित बैठक में संस्था के अकादमिक कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ ने शहरी क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन करने वाली 50 शालायें अकादमिक सपोर्ट प्रदान करने के लिए डाईट में पदस्थ विषय विशेषज्ञों को आवंटित की। उन्होंने कहा कि सभी विषय विशेषज्ञ आगामी एक माह तक इन विद्यालयों की अकादमिक मॉनिटरिंग कर विषयवार आ रही कठिनाइयों का निराकरण करेंगे। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि चिन्हित विद्यालयों के अकादमिक उन्नयन की निरंतर समीक्षा भी की जायेगी। बैठक में डाइट के समस्त विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. JC-383622W RANK SUB NAME PRADEEP NATH S/O KAILASH NATH UNIT 1 CORPS GRID SIG REGT R/O VILL- NEEJHRA, PO- KASHIPUR, TEH- KASHIPUR, DISTT- UDHAM SINGH NAGAR (UTTRAKHAND)-244713 I, have changed name of my DAUGHTER from KUMARI ASHWINI (name as per my army service record) to name ASHWANI GOSWAMI (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD vide affidavit dated 15/01/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court). CORRECT NAME-ASHWANI GOSWAMI INCORRECT NAME-KUMARI ASHWINI

### शासकीय आईटीआई में 17 जनवरी को होगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**जबलपुर**। शासकीय संभागीय आईटीआई जबलपुर में बुधवार 17 जनवरी को एक दिवसीय आईटीआई प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट ड्राइव में टाटा मोटर्स द्वारा गुजरात के अहमदाबाद एवं सानंद जिले में कंपनी ट्रेनी पद हेतु लिखित एवं साक्षात्कार परीक्षा के माध्यम से 12,600 रूपये तक के प्रतिमाह वेतन पर अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। शासकीय संभागीय आईटीआई में आयोजित इस प्लेसमेंट ड्राइव में 12 वीं परीक्षा गणित संकाय तथा आईटीआई मैकेनिक मोटर व्हीकल, फिटर, टर्नर, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, वॉयरमैन, मशीनिष्ठ, मशीनिष्ठ ग्राइंडर एवं इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक विषय में उत्तीर्ण होने वाले 18 से 23 वर्ष की आयु के छात्र-छात्राएं शामिल हो सकते हैं। प्लेसमेंट ड्राइव हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को सुबह 11 बजे सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ संस्थान में उपस्थित होना अनिवार्य है।

### उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का आगमन आज

**जबलपुर**। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल का बुधवार 17 जनवरी की सुबह भोपाल से इंदौर–जबलपुर एक्सप्रेस द्वारा जबलपुर आगमन होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल सर्किट हाउस में कुछ देर रूकने के बाद सुबह 10.30 बजे जबलपुर से कार द्वारा डिंडोरी जिले के शहपुरा के लिये प्रस्थान करेंगे।

# थाना प्रभारियों के रवैये से अधिवक्ता आहत

## पुलिस कप्तान से की शिकायत



जबलपुर।

भाजपा कानूनी एवं विधिक कार्य विभाग की ओर से जिला संयोजक जगदीप प्रकाश (टीटू) के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जबलपुर जिले के अंतर्गत पुलिस थानों में थाना स्टॉफ एवं थाना प्रभारियों के द्वारा अधिवक्ताओं के साथ लगातार दुर्व्यवहार किये जाने के मामलों की पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। जगदीप प्रकाश (टीटू) की ओर से बताया गया कि प्रशासन के साथ पूर्व में हुई लंबी बैठक के पश्चात यह अंतिम रूप से तय हुआ था कि यदि किसी थाने में किसी अधिवक्ता के विरूद्ध कोई रिपोर्ट आई है तो उसे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों सहित जो कमेटी बनाई गई है ,उसके समक्ष रखा जायेगा और उसके पश्चात उस पर अंतिम निर्णय लिया जायेगा। लेकिन यह सारी बातें महज औपचारिकता ही रह गई हैं। न्यायालयीन कार्यों के कारण अधिवक्ताओं को कई बार पक्षकार की ओर से थाने में उपस्थित होना पड़ता है। पुलिस स्टॉफ और पुलिस अधिकारियों की मनमानी, धमकी देने वाला लहजा, बिना मतलब की गाली गलौच के चलते अधिवक्ताओं को घोर अपमानित होना पड़ता है। सभी थाना प्रभारी और स्टॉफ को लिखित में यह निर्देश जारी किये जाये कि पुलिस थानों में अधिवक्ताओं के साथ सम्मानजनक संवाद हो और वांछित जानकारी के लिये सहयोगात्मक व्यवहार हो। इस अवसर पर सहसंयोजक एल. बी. एस. बघेल, आदित्य सिंह, संतोष जोशी, सर्वेश त्रिपाठी, विनय भूषण तिवारी, संदल बाजपेई, सी.एल. परनामी, पुष्पराज तिवारी, रविन्द्र दत्ता, अरविंद साहू, सुनीता सूद, राजकुमार यादव, अमित कोहली, रोहित पटेल, रमेश निकाई आकाश यादव, जी आर पटेल, बादल अग्रवाल, सचीन्द्र रघुवंशी उपस्थित रहे।

**नाम सुधार परिवर्तन की सूचना**

मैं माहि चोईथवानी उम्र 36 वर्ष पति श्री आशीष कुमार चोईथवानी निवासी म.नं 904/ए. बिसाइट धीरज टिंबर महानद्दा जबलपुर की निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि : 1. यह कि मैं शपथकर्ती उक्त पते की स्थाई निवासी हूँ एंव मेरा आधार कार्ड नंबर 3640 5770 6941 है। 2. यह कि मुझ शपथकर्ती का विवाह हिन्दू रीति रिवाज अनुसार श्री आशीष कुमार चोईथवानी से दिनांक 12/12/2013 को हो चुका है। 3. यह कि मैं शपथकर्ती विवाह के पूर्व अपना नाम रितिका लखमानी पुत्री स्व. श्री गंगाराम लखमानी लिखती थी। 4. यह कि विवाह के बाद मैं अपना नाम माहि चोईथवानी पति श्री आशीष कुमार चोईथवानी लिखती हूँ। 5. यह कि अब मैं रितिका लखमानी पुत्री स्व. श्री गंगाराम लखमानी विवाह के बाद से माहि चोईथवानी पति श्री आशीष कुमार चोईथवानी के नाम से जानी व पहचानी जाती हूँ जो कि मेरे आधार कार्ड में भी नाम अंकित है। 6. यह कि मैं रितिका लखमानी पुत्री स्व. श्री गंगाराम लखमानी एवं माहि चोईथवानी पति श्री आशीष कुमार चोईथवानी दोनों नामों की एक ही महिला मैं स्वयं शपथकर्ती हूँ। अत: नाम के स्पष्टीकरण हेतु यह शपथपत्र पेश है।

स्थान : जबलपुर
दिनांक 16/01/2024 शपथकर्ती